सुप्रभात
रांची, मंगलवार
02.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 258 | 12

मार्च में जीएसटी राजस्व 1.78 लाख करोड़ के पार






इफ्तार : शाम 6.02 (2 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.20 (3 अप्रैल)

# चुनावी माहौल में झारखंड की राजनीति गरमायी

झारखंड में गठबंधन दलों के बीच सीट शेयरिंग को ले कर अब भी खींचतान चल रही है। ऐसे में घटक दलों में असमंजस की स्थिति के कारण चुनावी राजनीति काफी गरमा गयी है। कांग्रेस अबतक तीन ही सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर सकी है। झामुमो ने अभी तक एक भी नहीं किया है। सीपीआइ और सीपीएम ने गठबंधन से दूरी बना ली है। इसी राह पर चलते हुए झारखंड राजद ने भी भी सीट शेयरिंग का फर्मूला तय होने के पहले ही पलामू और चतरा सीट से लड़ने की घोषणा कर दी है। सभी दलों के नेता कांग्रेस और झामुमो पर दवाब बना रहे हैं कि उनके भी दावे को केंद्र में रखकर राज्य में से सभी 14 लोकसभा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला जल्द सार्वजनिक करें।

## देश में बदलाव की पूरी उम्मीद: कल्पना सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने ये भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां आज तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ रही है। पूरे देश में बदलाव की उम्मीद है। हम सभी 4 जून का इंतजार है। उसी दिन पता जायेगा कि कि इस बार बहुमत किसको मिलने वाला है। हमें उम्मीद है कि हम जीतेंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली में महारैली में उन्हें उन सब बातों के साथ आदिवासी महिलाओं की बातों को रखने का मौका मुझे मिला। साथ ही हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार जनता इंडी गठबंधन को चुनेगी। जनत तानाशाही से मुक्ति जाहती है। रविवार को रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की महारैली से हिस्सा लेकर सोमवार वह सोमवार को रांची पहुंचीं। रांची एयरपोर्ट पर प्रेस से बातचीत में उन्होंने उक्त बातें कहीं।



### साजिश कर हेमंत को जेल भेजा

कल्पना सोरेन ने कहा, "मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मैं झारखंड की आवाज उठाने और 'इंडिया' गठबंधन का समर्थन करने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ रामलीला मैदान में थी। इस दौरान उन्होंने अपने पति और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि साजिश के तहत उन्हें चुनाव से पहले गिरफ्तार किया गया। कल्पना सोरेन ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां आज तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से चार साल से हेमंत सोरेन ने सीएम काम कर रहे थे, विपक्ष के लोग परेशान थे। इसी लिए साजिश कर उन्हें चुनाव से पहले गिरफ्तार कर लिया गया।

## हर हाल में पलामू और चतरा से लड़ेंगे : राजद



**रांची।** इंडी गठबंधन के अहम घटक दल राजद नें झारखंड में सीट शेयरिंग होने के पहले ही पलामू और चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। साथ ही गठबंधन में शामिल दलों पर पार्टी को समर्थन देने का दबाव बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव और चंपई सरकार में राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पलामू और चतरा में राजद का मजबूत जनाधार है। उनकी पार्टी ने वहां से लड़ने का फैसला कर लिया है। संजय सिंह यादव ने कहा कि पलामू और चतरा पर चुनाव लड़ने की तैयारी राजद ने शुरू कर दी है। अब सहयोगी दल वहां हमें मदद करे। राजद दोनों सीट जीत कर इंडिया ब्लॉक की झोली में डालने का काम करेगा।

वहीं झारखंड सरकार में राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि चतरा और पलामू हम हर हाल में लड़ेंगे और जीतेंगे। भोक्ता ने कहा कि हम अपने हक के लिए घिघिया नहीं रहे हैं, अपना हक मांग रहे हैं। अब अगर राजद सुप्रीमो कोई फैसला लेते हैं तो वह तो सर्वोपरि होगा।

## ढुल्लू अपराधी नहीं सरयू जज नहीं : मरांडी





**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ढुल्लू महतो अपराधी नहीं हैं और सरयू राज जज हैं, जो किसी अपराधी करार दे दें। श्री मरांडी पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरयू राय विद्वान हैं लेकिन, जज नहीं हैं। बाबूलाल इस दौरान इंडी गठबंधन पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि देश के सारे भ्रष्टाचारी रैली कर भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ वहीं इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने कहा कि इंडी ठगबंधन घोटालेबाजों की बारात है, जो देश को केवल लूटना चाहते हैं। ये चाहते हैं घोटाला करते रहें और कानूनी कार्रवाई भी नही हो। बाबूलाल ने कहा कि लोकतंत्र में तो कानून सबके लिए समान होता है। वहीं इंडी गठबंधन अपने लिए स्पेशल कानून चाहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तो जल, जंगल जमीन की लूट मची है। पीएम आवास के लिए लोगो को बालू नही मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर अवैध तस्करी से बालू यूपी बिहार भेजा जा रहा है। बाबूलाल ने कहा, इनकम टैक्स रिकवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने सही ठहराया है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### अभी नहीं बढ़ेगा टोल टैक्स, कुछ माह राहत

**नयी दिल्ली।** नेशनल हाईवे पर अभी बढ़ी हुई टोल की दरें नहीं देनी होंगी। चुनाव आयोग ने एक अप्रैल से लागू होने जा रहे इस फैसले को टालने का निर्देश दिया है। आयोग ने एनएचएआई से कहा है कि वह हाईवे पर नए टोल रेट लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। अब लोकसभा चुनाव और 4 जून को रिजल्ट के बाद इसे बढ़ाया जा सकता है।

### पूजा सिंघल की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल एवं अन्य से जुड़े मामले में ईडी की ओर से अगली गवाही 12 अप्रैल को होगी। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

**बांदा।** पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद मंडल कारा के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा को फोन से धमकी दी गयी। धमकी देनेवाले ने कहा, अब तुझे ठोकना पड़ेगा। बच सकते हो तो बच लो। धमकी भरे फोन के बाद से जेल के अन्य कर्मचारी भी सहमे हैं। मामले की जांच की जा रही है। फोन नंबर को ट्रैश किया जा रहा है। जेल अधीक्षक व एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा का कहना है कि जांच से सही स्थिति सामने आ सकेगी।

### अपराधियों ने कोडरमा में एक को मारी गोली

**कोडरमा।** बेकोबार में दो अपराधी एक व्यक्ति को गोली मारकर फरार हो गये। घायल को बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची भेजा गया है। सोमवार रात अजय पंडित (35) अपने मित्र अजय पंडित के साथ ग्शौच को गये थे। इसी क्रम में घात लगाये हुए दो अपराधी गोली मारकर भाग निकले। गोली लगने की सूचना मिलने के बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ले रही है।

# केजरी को बड़ा झटका 15 दिन तिहाड़ में रहेंगे


## इडी ने कहा, जांच में नहीं करते सहयोग, गुमराह कर रहे हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा। अदालत ने शराब घोटाले और मनी लाउंड्रिग मामले में उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड जेल भेज दिया। सोमवार को उनकी ईडी रिमांड खत्म हुई थी। कोर्ट में इडी ने कहा कि श्री केजरीवाल एकदम सहयोग नहीं कर रहे, वो ईडी को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इडी ने कोर्ट से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजने का आदेश दिया। वह तिहाड़ जेल नंबर दो में रहेंगे। जेल में सुरक्षा काफी सक्त कर दी गयी है।

### नया ठिकाना तिहाड़, हर पल रहेगी नजर

अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से सीधे तिहाड़ जेल लाया गया। जहां उन्हें जेल नंबर दो में रखा जायेगा। दिल्ली के सीएम बैरक में अकेले रहेंगे. अरविंद केजरीवाल पर 24 घंटे रहेगी तीसरी आंख की नजर तिहाड़ जेल नंबर दो में अरविंद केजरीवाल बैरक नंबर दो में अकेले रहेंगे। वहां उनपर 24 घंटे तीसरी आंख की नजर रहेगी। आप नेता मनीष सिसोदिया (जेल नंबर एक), संजय सिंह (जेल नंबर 5) और अब केजरीवाल को जेल नंबर 2 में रखा जायेगा। उन्हें एक अलग कोठरी में रखा जाएगा। वहीं बीआरएस नेता के. कविता महिला जेल की जेल नंबर 6 में हैं।



### आतिशी और सौरभ भारद्वाज भी फंसे

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत के लिए इडी द्वारा दायर अर्जी में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने बयान में दावा किया है कि आरोपियों में से एक विजय नायर आप नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था, उन्हें नहीं। इडी की तरफ से एएसजी राजू ने कोर्ट में कहा कि विजय नायर, केजरीवाल के करीबी रहे हैं। ईडी ने बताया कि विजय नायर की बातचीत और रिपोर्टिंग की सीमा के बारे में पूछे जाने पर, सीएम केजरीवाल ने कहा कि नायर उन्हें नहीं बल्कि मंत्रियों आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे और संचार प्रभारी के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को जांच एजेंसी ने दक्षिण के समूह के सदस्यों के कविता, सरथ रेड्डी, राघव मगुंटा, और मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी तथा अन्य आप नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के साथ आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था।

### कई सवालों को टाल रहे केजरीवाल

इडी ने अदालत को बताया, हालांकि, विजय नायर के बयानों से पता चलता है कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहे और सीएम के कैंप कार्यालय से काम किया। यह समझाने के लिए भी कहा गया था कि जो व्यक्ति आप के अन्य नेताओं को रिपोर्ट करता था, वह उसके कैंप कार्यालय से क्यों काम करेगा, जो वैसे भी दिल्ली के सीएम के काम के लिए है, न कि पार्टी के लिए। (शेष पेज 11 पर)

# कांग्रेस को सुप्रीम राहत : चुनाव से पहले आयकर की कोई कार्रवाई नहीं होगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ी राहत दी है। सोमवार को शीर्ष अदालत में कांग्रेस द्वारा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के खिलाफ याचिका पर सुनावई करते हुए फिलहाल पार्टी पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। आयकर विभाग ने कांग्रेस से 3,500 करोड़ रुपये की कथित बकाया कर वसूली मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष कहा कि वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 24 जुलाई तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। आयकर विभाग ने कांग्रेस को हाल ही में 1700 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा था। सुप्रीम कोर्ट में इनकम टैक्स विभाग से कांग्रेस पार्टी को जारी टैक्स रिकवरी नोटिस के खिलाफ दाखिल कांग्रेस की याचिका पर जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीही की बेंच ने सुनवाई की। इनकम टैक्स ने कोर्ट में कहा कि हमने 1700 करोड़ रुपये का नोटिस कांग्रेस को भेजा है। साथ ही कोर्ट को भरोसा दिया कि अभी चुनाव का समय चल रहा है। लिहाज हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। वहीं कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम कोई प्रॉफिट कमाने वाली संस्था नहीं हैं, हम सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी हैं। प्रॉपर्टीज को अटैच करके पहले ही 135 करोड़ रुपये लिए जा चुके है। इस पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 3500 रुपये की डिमांड है। मामले की सुनवाई जून महीने में की जाये, तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जो डिमांड की है उसे स्थगित कर रहे हैं। एसजी ने आगे कहा कि हम बस ये कह रहे हैं कि चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### ज्ञानवापी तहखाने में पूजा-अर्चना जारी रहेगी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद के 'व्यासजी का तहखाना' में हिंदू पक्ष को पूजा करने से रोकने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 'यथास्थिति बनाये रखना महत्वपूर्ण है, ताकि दोनों समुदाय अपनी- अपनी तरह से धार्मिक आस्था का निर्वहन कर सकें।'पीठ ने इस मामले में मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की और यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा हिंदू पक्षकारों को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील ठुकरा दी थी।

## हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापस ली



**रांची/दिल्ली।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) सोमवार को वापस ले ली। सोरेन ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें विधानसभा के सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसपर सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में सुनवाई शुरू होते ही हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पिछले 62 दिनों से न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में उनके खिलाफ ईडी ने चार्जशीट भी दायर कर दी है। उन्होंने पिछले महीने आयोजित झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति के लिए रांची के पीएमएलए कोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन यह खारिज हो गई थी। इसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचे थे, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। बता दें कि ईडी ने रांची में जमीन की खरीद-बिक्री की जांच के दौरान हुए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### इंडी नेता चोर-चोर मौसेरा भाई : अन्नपूर्णा

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच जुबानी हमला और आरोप-चाराडीह स्थित आवास पर पत्रकारों से भाजपा प्रतयाशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश के सभी भ्रष्टाचारी और घोटालेबाज एक मंच पर आकर भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। ये सभी चोर-चोर मौसेरे भाई के तरह है। इससे कुछ होने वाला नहीं है।

**भाजपा हवा-हवाई: विनोद सिंह**

वहीं गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा बार भाजपा के सांसद रहे, लेकिन कभी भी कोडरमा की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। भाजपा सिर्फ हवा-हवाई पार्टी है और बैसी ही उसकी बातें भी हैं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 64100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




# वाणिज्यकर ने रचा इतिहास : झारखंड में अपने पैरों पर खड़ा हो विभाग

# रिकार्ड 21.75 हजार करोड़ की कर वसूली

सुधीर

**रांची।** झारखंड में वाण्ज्यिकर विभाग ने कर वसूली में अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग ने पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 21.75 हजार करोड़ रुपये की वसली की। इनमें केंद्र का सहयोग नहीं के बराबर है। वाणिज्यकर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सफल नेतृत्व और आयुक्त संतोष वत्स के सफल प्रयास (पॉजिटिव एप्रोच) ने झारखंड को यह सफलता दिलायी है। इसी रिकॉर्ड वसूली के साथ झारखंड का वाणिज्यकर विभाग अपने पैरों पर खड़ा हो गया है।

विभाग की सफलता से विभागीय अधिकारी भी काफी उत्साहित हैं और नये वित्तीय वर्ष में नया आयाम जोड़ने की तैयारी में जुट गये हैं। विभाग की इस सफलता पर वाणिज्यकर आयुक्त ने सोमवार को राज्य के अधिकारियों को सफलता के टिप्स दिये। (शेष पेज 11 पर)



### वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5-8 फीसदी तक ग्रोथ

टैक्स वसूली में देश के स्तर पर पूरे वित्तीय वर्ष में झारखंड का 5 फीसदी का ग्रोथ हुआ है। वहीं सिर्फ मार्च में देश स्तर पर झारखंड का ग्रोथ रेट 8 फीसदी रहा है। बताते चलें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में झारखंड को 18 हजार 500 करोड़ रुपये का टारगेट मिला था और विभाग ने केंद्र के सहयोग से 21 हजार 40 करोड़ रुपये की वसूली कर नया रिकॉर्ड बनाया था। परंतु इस बार बिना केंद्र के सहयोग के झारखंड ने 21.75 हजार करोड़ रुपये की वसली कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

> झारखंड में वाणिज्यकर विभाग ने टैक्स वसूली में 21.75 हजार करोड़ रुपये की वसली कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कहा जाये तो झारखंड का वाणिज्यकर विभाग अब पूरी तरह से अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। इसमें विभागीय मंत्री का रोल काफी अहम रहा है। विभाग की इस उपलब्धि के लिए विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।
>
> **संतोष वत्स**
> **वाणिज्यकर आयुक्त, झारखंड।**

# देश में इस्पात की मांग ठीक पर चीन के कारण मार्जिन प्रेसर

टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी की नये वित्तीय वर्ष में भारतीय इस्पात बाजार पर दृष्टिकोण

सत्येन्द्र कुमार



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीइओ और प्रबंध निदेशक एमडी टीवी नरेंद्रन ने उम्मीद जतायी है कि नया वित्तीय वर्ष 2024-25 टाटा स्टील समेत पूरे भारतीय इस्पात उद्योग के लिए बेहतर वर्ष होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि चीन में इस्पात की कम होती खपत और उसके द्वारा वैश्विक बाजार में हर माह 8 मिलियन टन इस्पात निर्यात करने से इस्पात के वैश्विक दाम पर दबाव बन रहा है। यह चिंता की बात है। श्री नरेंद्रन सोमवार को यहां एक समारोह में खबर मन्त्र से बातचीत कर रहे थे। एक सवाल का जवाब में कहा कि भारत में इस्पात की मांग ठीक है। सरकार का आधारभूत संरचनाओं के विकास पर फोकस है। उम्मीद है कि यह फोकस बना रहेगा, सरकार आधारभूत संरचनाओं के विकास पर खर्च करती रहेगी। (शेष पेज 11 पर)

एनएचएआइ ने फैसला लिया वापस

# हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर नहीं बढ़ा टोल टैक्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनएचएआइ ने 1 अप्रैल से देशभर के हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स बढ़ाने के निर्णय को वापस ले लिया है। सूत्रों के अनुसार रविवार देर रात एनएचएआइ मुख्यालय ने टोल टैक्स नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है। नतीजा एक अप्रैल से झारखंड के टोल प्लाजा से बढ़ी भी दर पर टोल की वसूली शुरू नहीं हुई है। अब भी वर्ष 2023 की टोल दरें भी पूर्व की भांति प्रभावी रहेंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता को देखते हुए एनएचएआइ ने अपना निर्णय वापस लिया। ऐसे में एनएच पर चलने वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है।

एनएचएआइ झारखंड के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएन गिरी ने बताया टोल की बढ़ोतरी फिलहाल नहीं की गई है। अब भारत सरकार के अगले आदेश के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जायेगा।

बताते चलें कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने कुछ दिन पहले ही टोल दरों को संशोधित किया था। टोल प्लाजा से गुजरनेवाले वाहनों से 1 अप्रैल से बढ़ी दरों का भुगतान लेने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि करीब 5 से 20 रुपये तक टोल बढ़ाने की तैयारी थी। एक अ्न्य खबरे के अनुसार परिवहन निगम ने जब बसों के किराये का सरचार्ज बढ़े टोल दर के हिसाब से रविवार को तय करना शुरू कर दिया, तब देर रात एनएचएआइ के अधिकारियों का पत्र जारी हुआ कि 1 अप्रैल से होनेवाली टोल दरों में संशोधन अगले आदेश तक नहीं होगा।

## दिल्ली में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में कल्पना सोरेन के भाषण ने सबको किया प्रभावित

राजनीति में सधी चाल

**भारतीय सेना के घर में जन्मी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सधे कदमों से राजनीति को नापना शुरू कर दिया है।**

# राजनीति में बोरिसबेकर जैसी चमक रहीं कल्पना

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में बोरिसबेकर की तरह चमक बिखेर रही हैं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन। कल्पना सोरेन ने दिल्ली की रैली में अपने भाषण से सबको प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि देश में बदलाव की लहर है। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन के साथ भेदभाव हुआ है। उन्होंने साफ किया कि उनकी लड़ाई लंबी है और वह धैर्य के साथ राजनीतिक संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। जानकारों के अनुसार वह गांडेय उपचुनाव में इंडी गठबंधन की उम्मीदवार हो सकती हैं।

गौरतलब है कि झामुमो के सरफराज अहमद ने इस सीट से त्याग पत्र दिया था। यह घटना हेमंत सोरेन के जेल जाने से पहले की है। तब कहा गया था कि कल्पना सोरेन राबड़ी देवी की तरत हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद सत्ता संभालने वाली हैं। हालांकि, घटनाक्रम कुछ ऐसा हुआ कि सीएम के पद पर चंपई सोरेन आसीन हो गये। इसके बाद कल्पना सोरेन की झारखंड की राजनीति में एंट्री हो गई। वह गिरिडीह में आयोजित झामुमो स्थापना दिवस में भाग ली थी।



उन्होंने इशारों इशारों में कार्यकर्ताओं में एकजुटता का संदेश दे रही हैं। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि फिलहाल झारखंड में जो हालात है, कल्पना सोरेन का सक्रिय होना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं और उन्होंने विकास की लकीर खींची है उसी विकास की लकीर को और आगे बढ़ाना है।

बकौल कल्पना आदिवासी मूलवासी जनता की सेवा करनी है। जल, जंगल व जमीन की रक्षा करने के लिए राजनीति में आना आवश्यक है। जिस तरह झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया है और अपनी कुबार्नी दी है। उसी तरह हेमंत सोरेन को छुड़ाने के लिए आंदोलन चलाया जायेगा।

जानकारी के अनुसार जब भी हेमंत सोरेन किसी मुश्किल में फंसते थे, कल्पना सोरेन उचित फैसला लेने में उनकी मदद करतीं थीं। राजनीति की उनकी समझ अन्य लोगों से अलग है। पत्नी होने के नाते संकट के समय वह हेमंत सोरेन को दिशा दिखाती हैं। भारतीय सेना के कैप्टन के घर में जन्मी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सधे कदमों से राजनीति को नापना शुरू कर दिया है। कपूरथला में जन्मीं कल्पना सोरेन ने एमटेक और एमबीए की पढ़ाई की है।

गौरतलब है कि अगस्त 2022 तक कभी यह चर्चा भी नहीं थी कि कल्पना सोरेन राजनीति में आयेंगी। लेकिन, वह राजनीति में बोरिसबेकर की तरह अचानक से चमकने लगी हैं। एक समय था जब कल्पना की दिलचस्पी सिर्फ अपने परिवार और स्कूल तक सीमित थी। वह सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेतीं थीं। राजनीति से बहुत दूर रहतीं थीं। रांची में प्ले स्कूल चलाने वाली कल्पना सोरेन पारिवारिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभातीं थीं। राजनीति में सक्रिय नहीं होने के बावजूद राजनीतिक गतिविधियों से वह पूरी तरह से वाकिफ रहतीं थीं।

## यौन शोषण के आरोपी की याचिका खारिज

**रांची।** शादीशुदा होने के बावजूद शादी का झांसा देकर दो साल तक पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने के मामले के आरोपी रजरप्पा निवासी सोहराई बेदिया की अग्रिम जमानत याचिका अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी जब शादी से इनकार किया तो पीड़िता ने सदर थाने में 8 अगस्त 2023 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़िता कोकर इलाके में किराये के घर में रहती थी। दिसंबर 2020 में पिता के इलाज के दौरान गांधीनगर अस्पताल में दोस्ती हुई। इसके बाद आरोपी कोकर पहुंचा और जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर उसे पतरातू ले गया। आरोपी ने पीड़िता को अपनी कार से पतरातू ले जाने के दौरान उसके माथे पर सिंदूर डाल कर खुद को पति-पत्नी बताया और पिठोरिया घाटी में कार में ही शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद हमेशा शारीरिक संबंध बनाते रहा। यहां तक जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो गोली खिलाकर गर्भपात कराया।


परोसे जायेंगे झारखंडी व्यंजन, राज्य सरकार ने बढ़ाये कदम

# सेंट्रल विस्टा नयी दिल्ली में झारखंड की भी होंगी आठ दुकानें, तैयारी शुरू

केंद्र ने राज्य को भेजा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार नई दिल्ली के सेंट्रल विस्टा के अंतर्गत 8 दुकानें राज्य सरकार को हस्तांतरित करेगी। इस संबंध में शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार ने स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन व राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इन आठ दुकानों में झारखंड के व्यजनों की बिक्री होगी। भारत सरकार ने 16 दुकानों का आवंटन करने का फैसला लिया है। इसमें नार्थ ब्लॉक में आठ दुकानें व साउथ ब्लॉक में आठ दुकानें हैं। इसके लिए शर्तें भी निर्धारित की गयी हैं। केंद्र के निर्देश



के बाद नगर विकास विभाग ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग को पत्र लिखा है और झारखंड भवन के माध्यम से आठ दुकानों का हस्तांतरण राज्य सरकार के पक्ष में कराने का अनुरोध किया है। इन दुकानों का आवंटन पहले तीन वर्षों के लिए किया जायेगा। बिजली और पानी की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। फूड व्यंजन दुकानों, रेस्त्रां में किचन की व्यवस्था बेहतर रखने की शर्त रखी गयी है। साथ ही एफएसएसएआई के निर्धारित मानक के अनुसार भोजन की गुणवत्ता रखने को कहा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कैबिनेट सचिवालय इस दिशा में जल्द ही अग्रतर कार्रवाई करेगा।

**कहां है सेंट्रल विस्टा :** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक के 3.2 किमी लंबे क्षेत्र को सेंट्रल विस्टा कहते हैं। दिल्ली के सबसे जयादा देखे जानेवाले पर्यटन स्थलों में यह शामिल है। झारखंड को इन दुकानों से मिल जाने से देश की राजधानी दिल्ली में आसानी से झारखंड व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा।

## पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में शामिल माओवादी राधे श्याम बड़ाईक को आगे भी जेल में रहना पड़ेगा। वह पिछले साढ़े छह साल से अधिक समय से जेल में है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने सात मार्च को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। एनआईए ने आरोपी राधेश्याम बड़ाईक को 17 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से बताया गया कि आरोपी सीपीआई माओवादी से जुड़ा रहा और उसके घर माओवादी कैडर के सदस्यों के ठिकाने और बैठक स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। वह बुंडू के बारूहातू में उसके घर पर रुकते थे। आरोपी व्यक्तियों को भोजन और अन्य सुविधाएं प्रदान करता था। यदि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जायेगा तो संभावना है कि वह अभियोजन साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। वहीं, याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह बहुत लंबे समय से हिरासत में है। याचिकाकर्ता न रहने से उसके परिवार वाले भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं। याचिकाकर्ता का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला। जमानत की सुविधा प्रदान की जाये। दोनों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया। मालूम हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के हाईस्कूल में आयोजित समारोह में शामिल रमेश सिंह मुंडा की हत्या कुंदन पाहन के दस्ते ने गोली मारकर कर दी थी।

## बहाली में स्थानीय-मूलवासियों को प्राथमिकता दिलाने की ठोस पहल करें राज्यपाल : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं प्रदेश महासचिव विशाल महतो के नेतृत्व में सोमवार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से झारखंड के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में आवश्यकता आधारित संविदा पर हो रहे शिक्षक बहाली प्रक्रिया में साक्षात्कार के लिए पांच गुनी शॉर्ट लिस्ट जारी करने तथा स्थानीय-मूल निवासियों को प्राथमिकता देने की मांग की। विशाल महतो ने कहा कि झारखंड के राजकीय विश्वविद्यालयों की लचर व्यवस्था के कारण यहां से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालो की संख्या बहुत कम रहती है। साथ ही अन्य राज्यों की तुलना में यहां के छात्र काफी पिछड़े हुए



हैं। इस कारण रोजगार की खोज में यहां से पलायन करने की संख्या लाखों में है। ऐसे में झारखंड के स्थानीय छात्र आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पीएचडी एवं बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने में असक्षम होते हैं, किंतु अपनी मेहनत और लगन से किसी तरह राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफल हो रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि झारखंड में मूलनिवासियों के हित के लिए कोई स्पष्ट स्थानीय व नियोजन नीति नहीं है। यहां के लोग अपने ही राज्य में अपने अधिकारों से वंचित होते रहे हैं। जिस प्रकार से अस्थायी नियुक्तियां भी की जा रही है, उसमें भी साजिश के तहत झारखंडी मूलनिवासियों को उन नियुक्तियों से बाहर किया जा रहा है। किसी भी स्तिथि में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) स्थानिय - मूलनिवासियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नही करेगा। मौके पर विकास कुमार, बिक्की कुमार, सुदामा महतो, शिवप्रकाश शुक्ला राजेश सिंह, आनंद कुमार थे।

## विधायक सरयू राय की सुरक्षा बढ़ायी जाये : धर्मेंद्र तिवारी

**भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को ज्ञापन सौंप कर विधायक सरयू राय की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। श्री तिवारी ने गृह एवं कारा विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल तथा पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह को भी ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने प्रिंस खान के हवाले से एक ऑडियो क्लिप जो सोशल मीडिया में बहुत वायरल हो रहा है। उसका ओरिजिनल सोर्स पता करते हुये दोषियों पर कड़ी कारवाई तथा विधायक सरयू राय की सुरक्षा की समीक्षा करने का मांग किया।


**OFFICE OF THE CHIEF ELECTORAL OFFICER, JHARKHAND**

**SHORT E-TENDER NOTICE**
**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**FOR**
"APPOINTMENT OF REPUTED ENTERPRISES HAVING CAPACITY AND CAPABILITIES OF SUPPLY OF CANVAS POLLING BAG TO BE USED BY PRESIDING OFFICER FOR LOK SABHA GENERAL ELECTION, LEGISLATIVE ASSEMBLY GENERAL ELECTION & BYE ELECTIONS, IN THE STATE OF JHARKHAND"

| | | |
|---|---|---|
| 1 | e-Tender Reference No. | 01/Ele.(Tender)-27-01/2024/1660 |
| 2 | Name of the Project | "Appointment of reputed Enterprises having capacity and capabilities of Supply of Canvas Polling bag for Lok Sabha General Election, Legislative Assembly General Election & Bye Elections, in the State of Jharkhand". |
| 3 | RFP Fee & EMD (In INR) | Tender Fee : ₹ 5,000 (through Online mode) EMD – ₹ 1,00,000 (through Online mode) |
| 4 | Time of Completion of project | 7 days and as per RFP |
| 5 | Date of Publication of RFP on website(https://jharkhandtenders.gov.in/) | 02-04-2024 at 2.00 pm |
| 6 | Mode of submission of bids | E-tendering (https://jharkhandtenders.gov.in/ ) |
| 7 | Date of Start of Submission of Bids | 03-04-2024 , 11:00 AM |
| 8 | Last Date/Time for submission of bids | 10.04.2024 up to 01:00 PM |
| 9 | Date of Technical Bid Opening (Online) | 11.04.2024 at 03:00 PM |
| 10 | Date of financial bid opening | To be announced later |
| 11 | Bid submission address (Online) | https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 12 | Place and address of Bid Opening | Cabinet (Election) Department, Jharkhand Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |

Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from **jharkhandtenders.gov.in** portal.

Refund will only be issued to the originated bank account used for the payment of Tender Fees and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/ (NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.

No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.

(Chief Electoral Officer)
Jharkhand

PR.NO.323493 Election(24-25):D


राष्ट्रपति और आडवाणी की एक तस्वीर पर बढ़ गया विवाद

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति का किया है अपमान : जेएमएम

**जेएमएम का कहना है- जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एलके आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही थीं तब, पीएम मोदी अपनी सीट पर बैठे हुए थे।**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार 31 मार्च को बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया। एलके आडवाणी को यह सम्मान उनके दिल्ली स्थित आवास में दिया गया। इस दौरान उनके सबसे प्रिय शिष्य पीएम मोदी भी मौजूद थे, लेकिन इस सम्मान कार्यक्रम पर कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने आपत्ति जतायी है। उनका आरोप है कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। वहीं जेएमएम का कहना है कि जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एलके आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही थीं तब, पीएम मोदी अपनी सीट पर बैठे हुए थे। जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने उक्त बातें कहीं।

**संसद भवन के उद्घाटन और भूमि पूजन में राष्ट्रपति को क्यों नहीं किया गया शामिल :** उन्होंने कहा कि संसद भवन के उद्घाटन और राम मंदिर के भूमि पूजन में राष्ट्रपति को नहीं ले जाया गया। क्योंकि राष्ट्रपति आदिवासी हैं। बीजेपी आदिवासी समुदाय का सम्मान तो करती नहीं है। कम से कम मोदी जी को राष्ट्रपति पद का सम्मान कर देना चाहिए।

**चुनाव में जीत होगी या नहीं :** चुनाव में जीत मिलेगी या नहीं इसका रिजल्ट 4 जून को आना है लेकिन उससे पहले ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बन चुके हैं। राष्ट्रपति के सम्मान में खड़ा नहीं होना यह राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान है। भारत रत्न राष्ट्र का प्रतीक है।

### रामलीला मैदान का उत्साह सत्ता बदलने का संकेत:जेएमएम

रामलीला मैदान में लोगों का उत्साह था सत्ता बदलने के लिए, पूरे देश के लोग हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। आप कितना भी आतंक का राज चला लें देश बदलाव के मूड में है। भारत रत्न से चौधरी चरण सिंह भी नवाजे गये और उन्हीं के बेटे को भरे मंच पर कैसे अपमानित किया गया, इसे पूरे देश ने देखा है।

## आइएएस निधि खरे ने केंद्र में संभाला उपभोक्ता मामलों की सचिव का पद

### झारखंड की बढ़ी उम्मीदें, राज्य में रह चुकी हैं खाद्य आपूर्ति विभाग की सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड कैडर की आईएएस निधि खरे ने सोमवार को केंद्र में उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार ग्रहण किया। उन्हें पिछले महीने इस विभाग का सचिव नियुक्त किया गया था। रोहित कुमार सिंह की सेवानिवृति के बाद सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। वह इस विभाग में अतिरिक्त सचिव रह चुकी हैं। फिलहाल उपभोक्ता मामलों के विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में काम कर रही थी। निधि खरे झारखंड कैडर की अधिकारी हैं। वह कार्मिक, खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव सहित जमशेदपुर, दुमका, मधुबनी की डीसी और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की कमिश्नर भी रह चुकी हैं। उनकी पहचान तेज तर्रार अधिकारी के रूप में होती है।

उन्होंने राज्य और केंद्र में सरकार की कई नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कराया है। श्रीमती खरे ने सीसीपीए की मुख्य आयुक्त के रूप में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण मामलों पर संज्ञान लिया था। बताते चलें कि श्रीमति खरे झारखंड में खाद्य आापूर्ति विभाग की सचिव रह चुकी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में झारखंड में पीडीएस सिस्टम के पटरी पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। साथ ही एक कंपनी को बाहर करने में भी इनकी महत्ती भूमिका रही है। यही कारण है कि उन्हें केंद्र में उपभोक्ता मामलों की सचिव बनाये जाने से राज्य के अधिकारियों की उम्मीदें बढ़ी है।

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी सभी 14 लोस क्षेत्र में लड़ेगा चुनाव : विजय



**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। जल्द ही सभी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। यह बातें सोमवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक एक बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में अपने बलबूते चुनाव लडेगी और किसी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व सभी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के नामों पर गहन विचार विमर्श कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा की संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी झारखंड में मुद्रा आधारित राजनीति नहीं करके मुद्दा की राजनीति को प्राथमिकता देगी और जनता की अदालत पर अपने विचारों, नीति सिद्धांतों के साथ उतरने का काम करेगी।

# सीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में 86.1 मिलियन टन कोयले का किया उत्पादन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में निर्धारित वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन को प्राप्त करते हुए 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। इसी तरह, कंपनी ने डिस्पैच और ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) में भी क्रमशः 82.8 एमटी और 121.4 एमक्यूएम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सीसीएल ने 2023-24 वित्तीय वर्ष में सभी मापदंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है।

बिजली संयंत्रों को सीसीएल का प्रेषण में 67 मिलियन टन के वार्षिक लक्ष्य को पार करते हुए




69.1 मिलियन टन तक पहुंच गया। प्रेषण में 7% की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी का पूंजीगत व्यय 50% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2314 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य को पार करते हुए लगभग 3641 करोड़ रुपये हुआ।

कोयला मंत्रालय के भविष्यवादी दृष्टिकोण से प्रेरित तथा कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन और डॉ. बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीसीएल के नेतृत्व और झारखंड सरकार और हितधारकों, विशेष रूप से ग्रामीणों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के सक्रिय समर्थन से, कंपनी ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

कंपनी के सभी निदेशकों हर्ष नाथ मिश्र, पवन मिश्रा, हरीश दुहान, सतीश झा और सीवीओ, सीसीएल पंकज कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सीएमडी, सीसीएल को बधाई दी। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकों ने इस लक्ष्य हासिल करने तथा अच्छा प्रदर्शन और योगदान के लिए सीसीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को बधाई दी।

सीएमडी, सीसीएल ने कहा कि कंपनी कोयला खनन कर राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उत्पादन का लक्ष्य और कोल डिस्पैच का टारगेट पूरा नहीं कर सका कोल इंडिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लक्ष्य से पिछड़ गया है। 31 मार्च की स्थिति में जारी अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार सीआईएल ने 780.2 के मुकाबले 773.64 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है। हालांकि सीआईएल का यह अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है।

सीआईएल को कोल डिस्पैच के टारगेट में भी पीछड़ना पड़ा है। 31 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार सीआईएल ने 753.85 मिलियन टन कोल डिस्पैच किया है, जबकि लक्ष्य 780.24 मिलियन टन था। इधर, सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल)ने 70 मिलियन टन के उत्पादन टारगेट को पार कर लिया है। एससीसीएल ने 70.02 मिलियिन टन उत्पादन किया है।



**देखें अनुषांगिक कंपनीवार वार्षिक लक्ष्य एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 का उत्पादन**

| कंपनी | लक्ष्य | उत्पादन (एमटी) में |
|---|---|---|
| बीसीसीएल | 41.00 | 41.1 |
| सीसीएल | 84.00 | 86.05 |
| ईसीएल | 51.00 | 47.56 |
| एमसीएल | 204.00 | 206.1 |
| एनसीएल | 135.00 | 136.14 |
| एसईसीएल | 197.00 | 187.38 |
| डब्ल्यूसीएल | 68.00 | 69.11 |
| एनईसी | 0.20 | 0.20 |
| सीआईएल | 780.20 | 773.64 |

स्पीड न्यूज

### पुलिस ने दो वाहनों से किया लाखों रुपए बरामद

**गिरिडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से छोटे मालगाड़ियों द्वारा छोटे . छोटे टुकडो में अनाधिकृत तौर पर बिहार के जमुई जिला होकर रुपया भेजा जा रहाण जिसकी गुप्त सूचना एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिलीण इसी सूचना पर एसपी के निर्देश पर बेंगाबाद थाना प्रभारी पुअनि जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बेंगाबाद थाना के सामने सभी वाहनो का सघन जांच आभियान चलाया गयाण वाहन जांच के दौरान बिहार का नंबर लगे दो पिकअप वैन को छोटकी खरगडीहा से बेंगाबाद की ओर आते हुए देखकर रोका गया एवं जांच किया गया तो दोनो वाहन के चालकों के पास से रुपये बरामद हुए। वहीं एक वाहन से एक लाख इकावन हजार सात सौ नब्बे जबकि दूसरे वाहन से एक लाख छः हजार नौ सौ बीस रुपये बरामद किया गया है। वहीं बरामद रुपये को विधिवत जप्त किया गया एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सिंदरी थाना में पूर्व सीएम हेमंत की छवि बिगाड़ने के खिलाफ शिकायत

**सिंदरी।** सिंदरी थाना में झामुमो धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने फेसबुक आइडी झारखंड चौपाल के खिलाफ सोमवार को शिकायत की है। उन्होंने फेसबुक आइडी में हाथ में पिस्टल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर का विरोध करते हुए पुलिस को आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा हेमंत सोरेन को आतंकवादी घोषित करने की कोशिश की गई है। इसे राष्ट्रद्रोह करार देना चाहिए और पुलिस को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पत्र देकर वरीय पुलिस अधीक्षक सहित कई थाना में केस दर्ज कराए जा रहे हैं। यह मुहिम झामुमो नहीं रोकेगा।

# धनबाद में प्रत्याशियों को टक्कर देगी सुनैना

## बराबरी का हक पाने के लिए तैयार हो रहा है किन्नर समाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में जहां हर जाति, समुदाय के उम्मीदवार अपना झंडा बुलंद कर रहे है, वहीं समाज का एक ऐसा तबका भी है जो बराबरी का हक पाने के लिए अपनी आवाज बुंलद कर रहा है। चुनाव में किन्नर समाज का उम्मीदवार धनबाद सीट से ताल ठोंक कर तैयार है। चुनाव के मैदान में दिग्गजों की मौजूदगी भी इस समाज को डिगा नहीं सकती। किन्नर समाज में सुनैना किन्नर ऐसा ही नाम है, जो इस बार धनबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने जन संपर्क अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रही है और जीत का आशीर्वाद मिलने पर उसे पूरा करने का वादा भी कर रही है।

### 75 साल में सरकार ने कुछ नहीं दिया

सुनैना कहती हैं कि पिछले 75 साल में कितनी सरकारें आई और चली गई, लेकिन किन्नरों को जो मिलना चाहिए, वह नहीं मिला। हमें सिर्फ नाचने गाने और बधाइयां देने वाली ही समझा जाता है। हालांकि समाज के हर क्षेत्र में हमारा बराबर का हक है। यही समस्या समाज के कमजोर और निर्धन लोगों के बीच भी है। यह कमी एक किन्नर ही दूर कर सकता है। इसलिए धनबाद से इस बार चुनाव लड़ने जा रही हूं। उन्होंने बताया कि राजनीतिक पार्टियों में भाई-भतीजावाद हावी है। हमारा तो अपना परिवार ही नहीं है। समाज ही हमारा परिवार है। ऐसे में जनता को हमें एक बार मौका देना चाहिए। जनता को ही पार्टी मानकर चुनाव लड़ुंगी।

### वर्ष 2024 में 72 थर्ड जेंडर मतदाता



धनबाद के 4 तथा बोकारों के 2 विधानसभा क्षेत्र मिलाकर धनबाद लोकसभा सीट पर कुल 22 लाख 40 हजार 276 मतदाता हैं। पूरे राज्य में इससे अधिक मतदाता किसी भी लोकसभा क्षेत्र में नहीं है। इनमें थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या मात्र 72 है। धनबाद में 16, झरिया में 15, सिंदरी में 7, निरसा में 3 तथा बोकारो में 31 किन्नर मतदाता सूची में दर्ज है। चंदनकियारी विधानसभा सीट पर एक भी थर्ड जेंडर मतदाता नहीं है। इतनी कम संख्या होने के बाद भी सुनैना को अपने समाज व अन्य वर्गो के लोगों पर पूरा भरोसा है। वह राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को किस सीमा तक टक्कर दे पायेंगी, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। लेकिन चुनाव को लेकर उनके हौसले बुलंद हैं।

# इंडिया गठबंधन पाकिस्तानी गठबंधन है : ढुल्लू महतो

## निरसा में सांसद प्रत्याशी ढुल्लू का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो सोमवार को निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पांडरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचेए जहां भाजपा कार्यकताओं ने विधायक श्री महतो को फूल.मालाओं से लाद दिया और जोरदार स्वागत किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि इंडिया गठबंधन पाकिस्तान गठबंधन है। अब तक धनबाद से कोई प्रत्याशी की घोषणा नही किया है। मोदी की गारंटी चल रही है। इस बार एनडीए गठबंधन चार सौ से अधिक सीटें जीतकर इतिहास बनाएगी। इसके बाद विधायक श्री महतो ने आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ विचार विमर्श भी किया। इस दौरान भाजपा धनबाद जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर एवं विधायक अपर्णा सेनगुप्ता भी उनके साथ थे। श्री महतो ने इंडिया गठबंधन पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। कहा कि गठबंधन 70 सालो से देश को लूटा है। देश की जनता सब जान चुकी है इसलिए पिछले दो बार से लगातार देश का बागडोर मोदी के हाथों में सौपने का का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व को देखते हुए इस बार देश की जनता ने मोदी जी को देश की बागडोर सौपने का मन बना लिया है।

### धनबाद की जनता का मिल रहा सहयोग


जनता की मूड को देखते हुए इंडिया गठबंधन के लोग घबराकर उल्लू जुलूल ब्याजबाजी कर रहे हैं। देश की जनता अब इंडिया गठबंधन के झांसे में आने वाले नहीं है। इसलिए अबकी बार 400 का आंकड़ा हम लोग पर करेंगे। धनबाद की जनता का भी हमें भरपूर सहयोग मिल रहा है।




# सीएपीएफ के लिए 15 तक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करें : उपायुक्त

## तैयारी की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) को ठहराने व सुविधाओं के बारे में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 25 मई को चुनाव के दौरान जिले में बड़ी संख्या में सीएपीएफ की कंपनियां तैनात रहेंगी। फोर्स के रुकने के लिए चिह्नित स्थान और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मंगलवार को पूरी टीम के साथ स्थलों का सर्वे करने, वहां जो कमी है, उसे दुरुस्त करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा गया कि 15 अप्रैल तक पानी की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में शौचालय व स्नानागार, पानी का स्टोरेज, भोजन बनाने की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, डीएसडब्ल्यूओ अनिता कुजूर के अलावा पीएचईडी 1, 2 व मैकेनिकल, भवन प्रमंडल, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता आदि मौजूद थे।

### पोस्टर पर पब्लिशर का नाम और पता जरूरी

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को चुनाव से संबंधित पोस्टर, बैनर, हैंडबिल आदि के प्रकाशन को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अथवा प्रिंटिंग प्रेस चुनाव से सम्बन्धित कोई भी बैनर, पोस्टर, हैंडबिल आदि का प्रकाशन करता हैं तो प्रकाशित सामग्री में उक्त प्रिंटर एवं पब्लिशर का नाम एवं पता का प्रिंट अनिवार्य होगा। प्रिंटिंग प्रेस को, प्रिंटिंग के लिए सप्लाई ऑर्डर देने वाले व्यक्ति की पहचान किसी ऐसे दो व्यक्ति से अभिप्रमाणित कराना होगा, जिन्हें वह व्यक्तिगत रुप से जानता हो। पहचान संबंधी डिक्लेरेशन पहचानकर्ता के हस्ताक्षर युक्त होना आवश्यक होगा। प्रिंटिंग सामग्री तैयार होने के बाद प्रिंटर द्वारा सामग्री प्रकाशित कराने वाले व्यक्ति की पहचान सम्बन्धी डिक्लेरेशन के साथ, प्रकाशित सामग्री की एक प्रति तथा खर्च का हिसाब अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराना होगा। नियम का उल्लंघन करने पर छह माह की जेल या 2 हजार रुपयाका जुर्माना अथवा दोनों सजा मिल सकती है।

# श्रमिकों ने 'पहले मतदान, फिर जलपान' का नारा दुहराया

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये एमपीएल कामगार यूनियन ने की अपील

**कुमारधुबी।** लोकसभा चुनाव में श्रमिकों का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक सोमवार को निरसा गुरु दास भवन मासस पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में यूनियन के सचिव महेश मंडल ने सभी श्रमिकों के साथ पहले मतदान,फिर जलपान का नारा दुहराया। उन्होंने सभी श्रमिकों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कामगारों को बताया कि यदि उनके परिवार के किसी भी योग्य सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, यदि कोई श्रमिक छः महीने से ज्यादा दिनों से एमपीएल में काम कर रहा है और मतदाता पहचान पत्र बनवाना चाहता है तो अभिलंब बीएलओ से प्रपत्र 6 प्राप्त कर अपना नाम दर्ज करा सकते है। बैठक में चिरंजीत मंडल,मनोज मंडल, तारक तिवारी, प्रभु सिंह, चंदन मंडल, प्रदीप, भंडारी, पवित्र, अशोक गौराई, रंजीत दे, सिकंदर कुमार, चंद्र देव मंडल आदि मौजूद थे



## एक नजर में

### गिरिडीह : 20 लाख का महुआ बरामद, ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गुप्त सूचना के आधार पर बेंगाबाद थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बेंगाबाद थाना के महुआर मोड के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गयाण इसी क्रम में अहले सुबह छत्तीसगढ़ के नंबर का एक ट्रक गिरिडीह की ओर से आ रहा है जिसे रोका गया और उक्त ट्रक की जांच की गईण जांच के क्रम में ट्रक से 36ए220 किलो महुआ पाया गयाण जिसकी कीमत उन्नीस लाख बानबे हजार एक सौ रुपये है। वहीं जब वाहन के कागजात की जांच की गई तो बिना किसी वैध कागजात के परिवहन करते पाया गया। जिसके बाद उक्त ट्रक को जब्त कर लिया गया और वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गयाण गिरफ्तार वाहन चालक पलामू हैदरनगर रामबान का रहने वाला 50 वर्षीय मो0 मोतीन है। वहीं बेंगाबाद थाना में दो अभियुक्तों के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया है।

### लापता युवती का शव घर के बगल कुंआ में मिला, जांच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह ।** शहर के पचंबा थाना क्षेत्र के राजाहाता के समीप स्थित कुंआ से एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गयीण मृतका की पहचान राजाहाता निवासी स्वण बसंत साहू की 24 वर्षीय पुत्री सिया कुमारी के रूप में की गईण शव मिलने की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो . रो कर बुरा हाल हैए वही शव देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ीण घटना कि सूचना मिलने पर पचंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच . पड़ताल में जुट गईण इधर मृतका के परिजनों ने बताया कि सिया की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब थी और यह पिछले 23 मार्च से लापता थीण परिजन लगातार सिया की खोजबीन कर रहे थेण इसी बीच सोमवार की सुबह सिया के घर के बगल में स्थित कुंआ से उसका शव पाया गयाण शव से काफी दुर्गंध आ रही थी फिलहाल पुलिस शव को कुंआ से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजने की तैयारी में जुटी हुई हैण वही मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### राजकमल में हवन-पूजन के साथ सत्र शुरू



धनबाद। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार में नए सत्र की शरुआत के पहले हवन पूजन किया गया, जिसमें प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन के अलावा विद्यालय के लगभग 200 की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए। २ विदित हो कि राजकमल में 3 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। विद्यालय के निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए ईश्वर की आराधना की, तत्पश्चात सरस्वती वंदना हुई। हवन पूजन विद्यालय की अनुष्ठान समिति द्वारा कराया गया,जिसमें कृष्ण प्रसाद मिश्र, दुर्लभचंद्र करमहे, स्वागत पाठक, अरुण कुमार पाठक, अनुज कुमार तिवारी मौजूद थे।

### टाइगर फोर्स के नेता ने किया ढुल्लू महतो का समर्थन, जीत का किया दावा

**केंदुआ।** धनबाद क्षेत्र के टाइगर फोर्स के बरिष्ठ नेता गुड्डू चौहान ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में कहा कि बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को धनबाद लोक सभा का टिकट दिया जाना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि एक्का दुक्का लोग बिरोध कर रहे हैं।

# सीआरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

- पुलिस की टीम ने स्थानीय वोटरों से की मुलाकात, सुरक्षा का भरोसा दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से शहर के संवेदनशील बूथों पर फ्लैग मार्च निकाला। बैंक मोड़, भूली, केंदुआडीह, झरिया एवं जोरापोखर थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। टीम ने स्थानीय वोटरों से भी मुलाकात की तथा सुरक्षा का पुख्ता भरोसा देते हुए मतदान के दिन निर्भीक होकर वोट डालने की अपील की। साथ ही चुनाव के दौरान मतदान को प्रभावित करने अथवा शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी बात कही गई। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया कि संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है और कार्रवाई भी हो रही है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

### उपायुक्त ने की कॉलेज के युवा वोटरों को प्रेरित करने की अपील

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को कॉलेज के प्राचार्य एवं कैंपस एंबेसेडर के साथ बैठक की। उन्होंने कैंपस एंबेसडर से अपने-अपने कॉलेज में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की नियमित बैठक करने, 18 साल पूरे कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अपील की। साथ ही एनवीएसपी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप, फॉर्म 6 में नाम भरने के तरीके के बारे में विस्तार से समझाया। बैठक में एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, आरएस मोड़ कॉलेज, बाघमारा कॉलेज, आरएसपी कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य थे।

# कोलडंप में पेलोडर से कोयला लदाई का मजदूरों ने किया विरोध

बाघमारा। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र संख्या एक के मुराईडीह कोलियरी के कोलडंप में सोमवार की सुबह पेलोडर द्वारा कोयला लदाई का प्रबंधन के निर्णय का लोकल सेल के असंगठित मजदूरों ने एकजुट होकर विरोध किया। इस दौरान काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मजदूर झोड़ा आदि लेकर कोलडंप में इकट्ठा हो गए तथा प्रबंधन के इस निर्णय पर एतराज जताते हुए प्रदर्शन कियाण प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा की वे लोग वर्षो से कोल डंप में लोकल सेल के तहत ट्रकों पर कोयला लदाई कर अपना जीवन .यापन कर रहे हैंण परन्तु प्रबंधन द्वारा पेलोडर से कोयला लदाई किये जाने से उनलोगो के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ सकती हैण मजदूरों ने कहा की अगर प्रबंधन का यही मजदूर विरोधी रवैया रहा तो वे लोग प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



# केंदुआडीह पुलिस ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को मतदाता जागरु कता अभियान चलाया गया, जिसमें हजारीबाग की सीआरपीएफ की 22वीं बटालियन के साथ केंदुआ बाजार मुख्य मार्ग,न्यू मेरिन भुइयां पट्टी, बाबूबसा, खैरा पंचायत भवन सहित अन्य गली मुहल्लों में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। I थाना प्रभारी ने लोगों को बताया कि बिना किसी दबाव के मतदान करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना के सअनि धीरज कुमार मिश्रा, सअनि रघुनाथ मिंज,राजाराम तवार, संजय राज मुंडा,गोपाल टोप्पो,अन्य पदाधिकारी के अलावा थाना के पुलिस कर्मी, बीएलओ सुनीता देवी ,मुन्नी कुमारीआदि शामिल थे।

# तोपचांची : आईबीपीएस परीक्षा में सफलता का लहराया परचम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** तोपचांची निवासी स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण भगत की सुपुत्री श्रृष्टि जयसवाल ने आईबीपीएस के बैंक पीओ परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे तोपचांची का नाम रोशन किया है। इस सफलता के बाद श्रृष्टि को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में पीओ का पद प्राप्त हुआ है। अपनी खुशियों को साझा करते हुए श्रृष्टि ने कहा कि उनकी तैयारी में विषय का ध्यानपूर्वक अध्ययन और सेल्फ स्टडी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा निरंतर मेहनत सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने दूसरे प्रयास में इस सफलता को प्राप्त किया है उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई सरकारी स्कूलों से प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माताए भाईए गुरुजनों व स्वंय को दिया है। वहीं उनके भाई सजीव जयसवाल ने कहा कि अभिभावक सरकारी स्कूल को दरकिनार करके निजी संस्थानों के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाते हैं लेकिन सरकारी स्कूलों के बच्चे भी सफलता के मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं जिसका उदाहरण हमारी बहन श्रृष्टि जयसवाल है। श्रृष्टि जयसवाल के सफलता के बाद तोपचांची के समाजसेवी व शिक्षाविद शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# गिरिडीह लोकसभा के पहले सांसद थे काजी एसए मतीन

## भाजपा के प्रत्याशी रवींद्र कुमार पांडेय पांच बार सांसद बने

**प्रेम कुमार**




**1957 में हुआ था यहां पहला लोकसभा चुनाव**

**बाघमारा।** गिरीडीह लोकसभा सीट पर अविभाजित बिहार के समय पहली बार लोकसभा का चुनाव वर्ष 1957 में हुआ था। इस चुनाव में काजी एस ए मतीन सीएनएसपीजेपी (छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी) पार्टी स्के उम्मीदवार थे। उन्होंने आईएनसी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) के प्रत्याशी नागेश्वर प्रसाद सिन्हा को हरा कर विजय हासिल की थी। उन्हें 64,602 मत मिले थे,जबकि प्रतिद्वंद्वी नागेश्वर प्रसाद सिन्हा को 38,945 मत प्राप्त हुए थे। इस तरह काजी एस ए मतीन गिरिडीह लोकसभा सीट से पहले सांसद बने। परंतु 1962 में पासा पलट गया। एसडब्लूए (स्वतंत्र पार्टी) उम्मीदवार ठाकुर बटेश्वर सिंह ने कांग्रेस के प्रत्याशी चपलेंदु भट्टाचार्य को पराजित कर चुनाव जीत लिया। दोनों ही बार विजयी उम्मीदवारों ने कांग्रेस प्रत्याशी को पराजित कर विजय हासिल की थी। हालांकि 1967 में कांग्रेस के ए आई अहमद ने आईएनडी के प्रत्याशी एम एस ओबेरॉय को पराजित कर लोकसभा का चुनाव जीत लिया।

वर्ष 1971 में आइएनसी के चपलेंदु भटाचार्य ने एनसीओ के प्रत्याशी कृष्ण बल्लभ सहाय को पराजित किया। 1977 में बीएलडी के प्रत्यशी रामदास सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी आई अहमद की पराजित कर कामयाबी हासिल की. 1980 में कांग्रेस (आई) के प्रत्याशी बिन्देश्वरी दुबे ने जेएनपी के प्रत्याशी रामदास सिंह को पराजित कर इस सीट पर जीत हासिल की। वर्ष 1984 में कांग्रेस के सरफराज अहमद मैदान में उतरे और उन्होंने आईएनडी के प्रत्याशी विनोद बिहारी महतो को पराजित किया। 1989 में भाजपा के के रामदास सिंह से आईएनडी के प्रत्याशी बिनोद बिहारी महतो को मुंह की खानी पड़ी और पहली बार गिरीडीह संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने परचम लहराया। एक बार फिर पासा पलटा और 1991 में झामुमो के बिनोद बिहारी महतो ने भाजपा के प्रत्याशी रामदास सिंह से यह सीट छीन ली। 1992 के उपचुनाव में जेएमएम के राजकिशोर महतो ने भाजपा प्रत्याशी समरेश सिंह को पराजित कर पार्टी की बादशाहत बरकरार रखी, हालांकि 1996 में भाजपा के प्रत्याशी रवीन्द्र कुमार पांडेय ने जनता दल के डा सबा अहमद को पराजित कर दिया।

### 1998 और 1999 में कांग्रेस को हराया था

1998 एवं 1999 के चुनाव में रवींद्र कुमार पांडेय ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद सिंह को पराजित किया, जबकि 2004 के लोकसभा चुनाव में झामुमो के प्रत्याशी टेकलाल महतो ने रवीन्द्र कुमार पांडेय को हरा कर कामयाबी हासिल की। फिर 2009 के चुनाव में रवींद्र कुमार पांडे ने झामुमो के टेकलाल महतो औरं वर्ष 2014 के चुनाव में झामुमो के जगरनाथ महतो को चुनाव ममैदान में धूल चटाई।

### 2019 में भाजपा ने आजसू को दे दिया सीट

वर्ष 2019 में गठबंधन के तहत यह सीट भाजपा ने आजसू को दे दी। आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी ने झामुमो के प्रत्याशी जगरनाथ महतो को हरा कर लोकसभा पहुंचने में कामयाबी हासिल की। इतिहास पर गौर करें तो गिरीडीह लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रवींद्र कुमार पांडेय को पांच बार सांसद बनने का मौका मिला। भाजपा के रामदास सिंह 1977 और 1989 में यहां के सांसद बने। 1980 में कांग्रेस के प्रत्याशी बिंदेश्वरी दुबे ने सांसद के रूप में गिरिडीह का प्रतिनिधित्व किया। मालूम हो कि बिन्देश्वरी दुबे वर्ष 1985 12 मार्च से 1988 के 13 फरवरी तक अविभाजित बिहार के मुख्यमंत्री के पद पर भी रहे।

स्पीड न्यूज

## पुस्तक मेला युवाओं को कर रही आकर्षित

**धनबाद।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जिला परिषद मैदान में आयोजित पुस्तक मेला में युवाओं की भीड़ उमड़ने लगी है। प्रसिद्ध प्रकाशकों की पुस्तकें युवाओं को आर्कर्षित कर रही हैं। सोमवार को मेला में आये युवाओं ने बताया कि अच्छे लेखकों की पुस्तकें यहां देखने को मिल रही हैं। लेकिन कीमत अधिक होने के कारण खरीदारी में थोड़ी परेशानी आ रही है। आयोजकों को डिस्काउंट बढ़ाना चाहिए। ज्ञात हो कि मेले में कुल 62 स्टॉल लगाये गए हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

# 20 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

### एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गांजा की अवैध तस्करी एवं परिवहन करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कबरीबाद में कुछ लोगो द्वारा गांजा का अवैध तस्करी एवं परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद आरोपी के गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो एवं पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गयाए टीम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सदर गणेश रजकए मुफ्फसिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार पालए संजय कुमारए बुद्धेवर उरांवए सहायक अवर निरीक्षक चन्दन तिवारीए एफएसटी टीम के शिव शंकर किस्कुए ;पंचायत सेवकद्ध पंचायत पुरना नगरए प्रखंड और अन्य सशस्त्र बल को शामिल करते हुए वाहन चेकिंग एवं छापामारी की गई। वाहन चेकिंग के क्रम में झारखंड नंबर की स्विफ्ट कार को कबरीबाद में रोक कर जांच किया गयाए जांच के क्रम में स्विफ्ट कार में सवार बुढ़ियाखाद के 47 वर्षीय मुरतजा अंसारी के पास से 1٥700 किलो ग्राम गांजा तथा हेठलापीठ के दूसरे व्यक्ति 29 वर्षीय मो० दानिस के पास से 500 ग्राम गांजा बरामद किया गयाए उपरोक्त दोनो व्यक्ति से गांजा के संबंध में वैध कागजात की मांग की गई परंतु कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कियाए वहीं उक्त दोनों ने पूछताछ के क्रम में बताया की उपरोक्त गांजा बरवाडीह के बाल्टी फैक्ट्री गुप्तेवर साव उर्फ गुप्ता साव के द्वारा बेचने के लिए दिया गया है।

### पलंग के नीचे से मिला 18 किलो गांजा

इनकी निशानदेही पर 62 वर्षीय गुप्तेशवर साव उर्फ गुप्ता साव के घर में छापामारी किया गया, तो इनके घर के बेड रूम में पलंग के नीचे छुपाकर रखे 18 किलो गांजा बरामद किया गयाए जब गुप्तेश्वर साव उर्फ गुप्ता साव से वैध कागजात की मांग की गई परंतु कोई वैध कागजात प्रस्तुत नही किया गयाए जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गयाए वहीं गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 20 किलो 200 ग्राम गांजाए दो मोबाइल एवं स्विफ्ट कार को जब्त किया गया है।

## पुलिस ने अवैध कच्चा कोयला लदे एक वाहन को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** अवैध कोयला के कारीबार के खिलाफ पुलिस के जारी अभियान के तहत रविवार की रात पुलिस ने एक बार फिर 3) टन अवैध कच्चा कोयला जब्त किया हैए एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर सरिया एसडीपीओ धन्जय कुमार राम के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया । टीम में सरिया अंचल पुलिस निरीक्षक ज्ञानरंजन कुमारए भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाजए आरक्षी रामेश्वर रामए बिरजु राम को शामिल करते हुए नीति रात 10٥00 बजे ग्राम डुमरुवा स्थित प्राथमिक विधालयए भातुडीह पक्की सडक पर औचक वाहन चैकिंग अभियान चलाया गयाए इस क्रम में देखा गया कि एक पिकअप भैन पुरनीडीह बराकर नदी पुल होते हुए आ रहा हैए जिसको सशस्त्र बल के द्वारा लाईट कि रोशनी देकर रोकने का इशारा किया गयाए लाईट की रोशनी एवं पुलिसकर्मी को देखते ही पिकअप वैन के चालक अपनी गाडी को पुलिस की गाडी से करीब 100 मीटर पहले ही चालक गाडी रोक कर चालक एवं बैठा एक व्यक्ति उतरकर भागने लगाए जिसे सशस्त्र बल के सहयोग पकडने के लिये पीछा किया गयाए परन्तु उक्त चालक एवं व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर भाग निकलेए वही जब उक्त पिकअप वैन गाडी को चेक किया गया तो देखा कि पिकअप वैन में करीब 3) टन कच्चा कोयला लदा हैए वहीं पिकअप वैन मे लदा कच्चा कोयला कि दावेदारी हेतु इंतजार किया गयाए परन्तु कोई भी व्यक्ति वैध कागजात लेकर उपस्थित नही हुआ।

### वाहन मालिक का पता लगा रही है पुलिस

गुप्त रुप से पता करने पर पता चला कि वेस्ट बंगाल के नंबर के पिकअप वैन से कच्चा कोयला को बिरनी रजमनिया के रहने वाले बहादुर साव और जयदेव साव एवं अन्य लोग के द्वारा कई बार ले जाया जाता है। उसके बाद जप्ती सूची तैयार कर उक्त वाहन मे लदा अवैध कच्चा कोयला को विधिवत जप्त कियाए वहीं दोनों अभियुक्तो के विरुध मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैए वहीं पिकअप वैन के मालिक एवं चालक का नाम पता का सत्यापन किया जा रहा है।

## गोविंदपुर प्रखंड के सरकारी स्कूलों में दिलाई गई मतदान की शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में सोमवार को मतदाताओं को शपथ दिलाई गई । विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर में प्राचार्य दिनेश सिंह, प्लस टू हाई स्कूल बरवापूर्व में प्राचार्य राजेश कुमार, प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी में प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई ।

# गिरिडीह में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

### अबतक 223 साइबर अपराधियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

### आठ मोबाइल, 11 सिम और एक बाइक बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी हैए पुलिस ने एक बार फिर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया हैए बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की बेंगाबाद एवं बिरनी थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहें हैए इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गईए इस टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमारए पुनित कुमार गौतमए सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमारए आरक्षी अरविन्द कुमार और दामोदर प्रसाद मेहता के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र के बाराडीह का रहने वाला 19 वर्षीय गोविन्द मंडलए बिरनी के बासोडीह टोला करमाटाड का 20 वर्षीय विशाल मंडलए मुफस्सिल थाना के महेशपुर का 19 वर्षीय चंदन मंडलए बेंगाबाद मुन्डहरी का 20 वर्षीय मेराज अंसारी शामिल हैए पुलिस ने इन अपराधियों के पास से 8 मोबाइल 11 सिम 1 बाइक बरामद किया है।

### फर्जी बैंक कर्मी बन कर करते थे ठगी

गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे साइबर ठगी करने के लिए फर्जी बैंक कर्मी बनकर लोगो को झाँसे में लेकर ओटीपी पासवर्ड प्राप्त कर पैसे ठगी करते थेए गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ राशि दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे और मित्रा एप्प के माध्यम से लोगो के ई वालेट का नम्बर प्राप्त कर उन्हे कॉल कर उनसे पैसो की ठगी करते थेए बता दें कि बीते छह माह में कुल 223 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

एक नजर में

## नवोदय प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में सफल छात्र को किया गया सम्मानित



**राजगंज।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 की प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र को सम्मानित किया गया । उत्क्रमित मध्य विद्यालय धावाचिता के छात्र हर्ष राज ने प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने म्सोमवार को मेडल पहनाकर तथा कक्षा के अध्यापक प्रवीण कुमार महतो ने मोमेंटो प्रदान कर छात्र को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने इस सफलता के लिए विद्यालय के सभी अध्यापकों को श्रेय दिया । कहा कि सभी शिक्षकों के प्रयास से ही इस विद्यालय के 50 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका कुमारी सरोज,गीता कुमारी, अनिता कुमारी, मनोज कुमार महतो, प्रवीण कुमार महतो, विक्रम कुमार सिंह, विनोद कुमार, सूरज कुमार विश्वकर्मा, कमला देवी, सुमित्रा देवी, पुष्पा देवी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सीएपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन चारपाई बनी चैंपियन




**धनबाद।** चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रिमियल लीग टूर्नामेंट का आयोजन सीसीडब्ल्यू ग्राउंड में 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक संपन्न हो गया। टूर्नामेंट में धनबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सहित 6 टीमों चारपाई चैंपियंस, एमपीएल पोवरमेकर्स ,जेकेआर थंडर्स, फैबुलस फाइनोलिश, 99 ग्रुप वॉरियर्स और अतिक्षा सुपरकिंग्स शामिल थे। फाइनल मैच में चारपाई और फाइनोलिस के बीच मैच खेला गया, जिसमें चारपाई ने बाजी मारी। बेस्ट बैट्समैन केतन अग्रवाल,बेस्ट बॉलर हेमंत सुरेका, बेस्ट फील्डर अभिषेक तारवे, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब केतन अग्रवाल के नाम रहा। आईसीएआई के चेयरमैन सीए राहुल सुरेका ने बताया कि यह शुरुआत है। आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। उन्होंने बताया की वह अपने कार्यकाल में सीएपी एल का दूसरे सीजन के लिए भी प्रयास करेंगे। उन्होंने बीसीसीएल को तहे दिल से धन्यवाद दिया, जिनके योगदान से आयोजन सफल रहा। अध्यक्ष ने उन्हें भी सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव और बाकी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# जलेश्वर महतो को धनबाद से प्रत्याशी बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने की मांग उनके क्षेत्र के लोग कर रहे हैं। सोमवार को यहां कुछ गणमान्य लोगों ने बैठक की। बैठक में उन्हें कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित करने की मांग दुहराई गई। कहा गया कि धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा अपना प्रत्याशी धोषित कर चुका है। ऐसे में लोहा ही लोहा काटता है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से झारखण्ड के भूमि पुत्र जलेश्वर महतो उपयुक्त और जीत सुनिश्चित करने वाले उम्मीदवार हो सकते हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के स्लोगन जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के प्रभाव से एससी, एसटी, ओबीसी समुदाय गोलबंद हुआ है। ऐसे में धनबाद के मूल वासी जलेश्वर महतो की राजनीतिक पृष्ठभूमि धनबाद लोकसभा में जीत सुनिश्चित करेगी इस बैठक में संजय जयसवाल, श्रीराम चौरसिया, चन्द्रदेव यादव, मो मूर्तजा अंसारी, अवधेश पासवान शाहरुख खान, नविन पासवान, अली अहमद, इस्तिखार आलम, मो चाँद परवेज, अजय रवानी आदि गणमान्या लोग मौजूद थे।

### दस प्रतिशत अधिक वोट दिलाने की अपील

**राजगंज।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी की बैठक राजगंज बीजीएम गार्डन हॉल में सोमवार को हुई। अध्यक्ष राजगंज प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की। मंच का संचालन जिला महामंत्री दिनेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सांसद तथा एनडीए के वर्तमान प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी, गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी प्रकाश सेठ तथा सह प्रभारी पासवान जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा मौजूद थे। श्री चौधरी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव में एनडीए का लक्ष्य अब की बार 400 पार का है। भाजपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं की कर्मठता से यह लक्ष्य हासिल होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अपने बुथ पर पिछले चुनाव में प्राप्त मतों से कम से कम 10 प्रतिशत अधिक मत दिलाएं।

## उधवा दियारा में अगलगी से आधा दर्जन घर जले, लाखों का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**उधवा।** उधवा अंचल क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत बालुगांव बहियार में लगे गेहूं फसल के अपशिष्ट पर आग की चिंगारी घरों तक पहुंच गई। तेज धूप व हवा चलने के कारण आग विकराल रूप धारण कर लिया और आधा दर्जन घर को आग अपनी चपेट में ले लिया। जबकि दो आंशिक रूप से घर जलने की समाचार है। जानकारी के अनुसार बालुगांव बहियार में गेहूं फसल की कटाई होने के बाद बचे हुए खरपतवार में आग लगाई गईए ताकि जमीन की उर्वरता व गुणवत्ता बनी रहें। लेकिन तेज हवा चलने के कारण आग इलियास शेख के घर में लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। पड़ोसी घर सरजहान शेख आजिम शेख मोती शेख शरीफुल शेख सफीकुल शेख का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। जबकि एकदिल शेख तथा एक अन्य का आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। आगलगी की खबर सुनते ही गांव में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से आग पर काबू पाया। आगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्नि पीड़ित परिवार ने बताया कि इस घटना में घरेलू सामान अनाज कपड़ा करीब तीन लाख जलकर राख हो गया।

## जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने चेकनाका का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** मंडरोत्र मिजा चौकी झारखण्ड चेकनाका पर उपायुक्त के निर्देश पर बडा भेपर लाइट बीडीओ मेघनाथ उरांव व थाना प्रभारी रोहित कुमार की उपस्थिति में लगाया गया। बीडीओ व थाना प्रभारी ने बताया की इस चेकनाका पर अभी दो कार्य किये जा रहे हैं जिसमें माइनिंग संबंधित जांच पड़ताल व लोकसभा चुनाव को लेकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल भी लगातार जारी है। ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके ।वही देर रात्रि 2 बजे जिला खनन टास्क फोर्स की टीम अचानक पहुंची मिर्जाचौकी झारखंड चेकनाका। वही एसडीओए डीटीओ व एसडीपीओ द्वारा मिजाचौकी धर्मकांटा पर स्तिथ धर्मकांटा का निरीक्षण किया गया।

## संस्थान वोट डालने गये कर्मियों का नहीं काटेगा वेतन

### उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में दिलाया जिम्मेदारी का एहसास

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** समाहरणालय में सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करना है। फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और वही एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों सहित उनके परिवार के लोगों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वो फार्म 6 भर सकते हैं। यह कार्य 27 अप्रैल तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों के कार्यालय प्रधान को अपने कर्मियों को वोट दिलाने की जिम्मेवारी होगी। कोई संस्थान, वोट डालने गए कर्मियों की छुट्टी घोषित कर उनका वेतन नहीं काटेंगे। उन्होंने कहा मतदान करना हम सभी का मौलिक अधिकार है। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा आदि मौजूद थे।

# गोविंदपुर छठ तालाब के बगल में डायलिसिस सेंटर का हो रहा है निर्माण, लोगों को निःशुल्क मिलेगी सेवा

### धनबाद रोटरी क्लब नागरिक समिति के साथ मिलकर होगा सामाजिक कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद अब अपना दायरा बढ़ाते हुए गोविंदपुर प्रखंड इलाके में सामाजिक संस्था नागरिक समिति के साथ मिलकर ग्रामीण इलाकों में सामाजिक कार्य करेगा। रोटरी क्लब द्वारा गोविंदपुर छठ तालाब की बगल में निःशुल्क डायलिसिस सेंटर बनाया जा रहा है । इसके प्रथम तल का काम हो गया है और द्वितीय तल का काम जारी है। उक्त बातें इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक कमल संघवी, पूर्व जिलापाल राजन गंडोत्रा, धनबाद रोटरी क्लब के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल एवं सचिव संजीव बियोत्रा ने सोमवार को गोविंदपुर में कही। उन्होंने गोविंदपुर नागरिक समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और डायलिसिस सेंटर एवं अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग की अपील की। समिति की मांग पर उन्होंने कहा कि यदि जगह उपलब्ध हो जाए या कोई स्कूल विद्यालय अवधि के बाद कमरा उपलब्ध कराए तो पुस्तकालय की शुरुआत की जाएगी। श्री संघवी ने कहा कि डायलिसिस सेंटर के निर्माण में नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल एवं उनके पिता शंभूनाथ अग्रवाल की बड़ी भूमिका है। समिति ने रामनवमी में पेयजल शर्बत शिविर लगाने, हूल दिवस पर प्रतिभा सम्मान आयोजित करने, एलिवेटेड रोड निर्माण तथा जीटी रोड चौड़ीकरण में गड़बड़ी के खिलाफ पित्राचार का निर्णय लिया है।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में सचिव अशोक गिरि, जयप्रकाश मिश्र, संजय साव, ओमप्रकाश बजाज, जितेश जायसवाल, मोइन अंसारी, अनूप साव, विपिन रजक, बबलू बिष्टू, मथन चंद्र दसौंधी, रामचंद्र मिश्र, हिरेन मंडल, बैजनाथ गोस्वामी, जहीर अंसारी आदि मौजूद थे।

## हीरापुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

### फुटपाथ दुकानदारों ने किया विरोध, अधिकारियों ने नहीं सुनी बात

- नगर निगम के अभियान में दर्जनों दुकानें ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को हीरापुर हटिया बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। एसडीएम आवास से विवेकानंद चौक तक सड़क के दोंनो ओर बांस बल्ली लगाकर बनाई गई दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान कुछ फुटपाथ दुकानदारों ने विरोध भी किया। उनका कहना था कि निगम की टीम चेहरा देखकर दुकान हटाती है। सड़क गुमटी लगाकर दो दुकान चल रही है, लेकिन उन्हें नहीं हटाया जा रहा है। लोगों का विरोध देखकर टीम दुकान पर पहुंची। दुकानदार ने कहा कि नगर निगम से आवंटन मिला हुआ है। जांच में दुकानदार ने कागजात भी दिखाये। लेकिन छह फीट आगे दुकान लगाये जाने के कारण टीम ने ध्वस्त कर दिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि आज एक दर्जन से अधिक सड़क किनारे स्थायी रूप से बनाई गई दुकानों को हटाया गया है। लगातार शिकायत मिल रही थी कि सड़क किनारे दुकान लगाने से आवागमन बाधित हो रहा है। साथ ही साफ सफाई का काम भी अवरुद्ध हो रहा है।

# लोस सीट से रवींद्र पांडेय को टिकट नही मिलने से कौटिल्य महापरिवार मे आक्रोश

## पांच साल वर्तमान सांसद का दर्शन दुर्लभ रहा : रामकिंकर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कौटिल्य महापरिवार बेरमो की बैठक करगली बाजार स्थित प्रधान कार्यालय मे राम नरेश द्विवेदी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। लोस सीट से रवींद्र पांडेय को टिकट नही मिलने से कौटिल्य महापरिवार मे आक्रोश दिखा। मजदूर नेता देवतानंद दुबे, रामनरेश द्विवेदी, रामकिंकर पांडेय, अजय झा, बबन चौबे ने कहा कि भाजपा नेतृत्व गिरिडीह से रवींद्र कुमार पांडेय घनबाद से पीएन सिंह और चतरा से सुनील कुमार सिंह का टिकट काटकर स्वर्ण जातियों के साथ भेदभाव किया है। जिस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब यहां के मतदाता देंगे। गिरिडीह से रवींद्र कुमार पांडेय का टिकट काटकर आजसू, घनबाद से पीएन सिंह का टिकट काटकर ढुल्लू महतो और चतरा से सुनील कुमार सिंह का टिकट काटकर कालीचरण सिंह और हजारीबाग से जयंत सिंहा का टिकट काटकर मनीष जायसवाल को दे दिया गया है। पांच बार के रवींद्र पांडेय को टिकट नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। फैसले से पूर्व उनसे राय भी नहीं ली गई। 30 वर्षों से वे पार्टी की सेवा कर रहे हैं। कोरोना काल में लाखों लोगो को उनके द्वारा राशन सामग्री वितरण और जरूरतमंदों को सहायता दिया गया।रामकिंकर पाण्डेय ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा से अब तक केवल रवींद्र पांडेय ने पांच बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाया है जबकि कोई अन्य लगातार नहीं जीत पाया। वर्तमान सांसद ने 5 साल में कोयला उत्पादन में उगाही के अलावा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया। क्षेत्र की जनता की शिकायत है कि उनका दर्शन भी दुर्लभ था।कौटिल्य मा परिवार के सभी सम्मानित लोगों ने रविंद्र कुमार पांडे जी को टिकट नहीं मिलने पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिसमें कौटिल्य परिवार के सदस्य अजय कुमार झा, अध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी, संगठन सचिव देवतानंद दुबे, रामकिंकर पांडे, बसंत पाठक बृज बिहारी पांडेय, सचिव व्यवस्थापक झब्बू तिवारी, प्रखंड सचिव संजीव तिवारी, बृज बिहारी पांडे, सचिव रितेश तिवारी, बब्बन चौबे, अवतार तिवारी, राजकुमार ठाकुर, शंभु दुबे, हिमाचल मिश्रा, मनोज मुंडा, तरुण चक्रवर्ती, अजय चक्रवर्ती, दिनेश झांसी, जयप्रकाश दुबे एवं अन्य लोगों ने अपना विचार व्यक्त करके आक्रोश व्यक्त किया।

# क्रोध की ज्वाला में रिश्तों का भी विध्वंस हो जाता है : समणी मधुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा चास बोकारो द्वारा श्री मानक चंद छल्लाणी जी निवास स्थान में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान निर्देशिका समनी मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि जीवन को सुखी एवं आनंदमय बनाना है तो सबसे पहले क्रोध का उपशमन करना होगा। क्योंकि क्रोध एक ऐसी चिंगारी है जिसे फैलते देर नहीं लगती। यह क्रोध करने वाले को तो जलाती ही है आस पास रहने वाले को भी भयभीत कर देती है। क्रोध की ज्वाला में आपसी संबंध व रिश्तों का भी विध्वंस हो जाता है। समनी जी ने एक प्रसंग के माध्यम से वहां उपस्थित लोगों को बताया कि क्रोध के वशीभूत होकर आनिशर्मा ने अनेकानेक जन्मों को बिगाड़ लिया। बदले की भावना से व्यक्ति स्वयं दुखी होता है और दूसरों को भी दुखी बनाता है। इसके पूर्व उन्होंने गुरु की महत्ता रेखांकित की। कहा कि गुरु की महिमा अपरंपार है। वर्तमान में अरिहंत भगवान हमारे सामने नहीं हैं किन्तु उनके मार्ग को दिखाने वाले गुरु हमारे सामने हैं। विदित हो कि गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी की विशेष अनुकंपा से पहुंचे जैन साध्वियों के दल में समणी मधुर प्रज्ञाजी समणी शुभ प्रज्ञाजी तथा समणी मनन प्रज्ञाजी शामिल हैं। मौके पर माणिक छल्लाणी, जयचन्द राजेश कोठारी, मदन चौरड़िया, शांति लाल, विनोद चोपड़ा, कनक जैन, ललिता चोपड़ा, सरोज छल्लाणी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### साहिबगंज : दो युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



साहिबगंज। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के मृतक दीपक कुमार ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ले वहीं दूसरी ओर जुड़वा वाली थाना क्षेत्र के सैकडोगढ़ में चंदन कुमार ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त की। परिजनों की माने तो जरा वाली थाना क्षेत्र के रहने वाले मृतक चंदन कुमार टोटो चलाकर अपने जीव का पूज्य कर अपना वह अपने साथ अपनी मां एवं बहन का जीव का पूजन करता था वहीं दूसरी और दीपक कुमार सब्जी बेचकर अपना वह अपने परिवार का जीवा का चलता था। परिजनों ने बताया कि मृतक चंदन कुमार पिता स्वर्गीय नंदकिशोर गोंड टोटो चलता था आज भी वह रोज की तरह टोटो चलकर घर आया घर में उसकी मां और बहन थी तीनों में पैसे की विवाद को लेकर कहा सुनी हो गई इसके बाद मृतक चंदन के पंखे में फांसी का फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ले मैं तब चंदन के पिता का 6 वर्ष पूर्व देहांत हो गया था मृतक चंदन ही घर चलाता था। मृतक चंदन के परिजन का रो–रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरी और मृतक दीपक के परिजन ने बताया कि मृतक दीपक सब्जी बेचकर घर चलाता था किस बात को लेकर फांसी लगाया है इसकी जानकारी अब तक नहीं हो पाई है फिलहाल दोनों के सब को सब ग्रह में रखवा दिया है कल पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### साहिबगंज : मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक



साहिबगंज। नगर परिषद सभागार में कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने के लिए सभी कर्मचारी को निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि आसपास और अपने वार्डों में शत–प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता को अभी से जागरूक करें, ताकि नगर परिषद क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो सके। साथ ही साथ नगर परिषद कार्यालय में निर्धारित दोनो मतदान केन्द्र की साफ सफाई, समुचित विद्युतीकरण, पेयजल, शौचालय,रैंप इत्यादि विषय पर भी चर्चा की गई। इस बैठक मे सीटी मैनेजर बृजेश कुमार, नगर मिशन प्रबंधक प्रदीप, मणि प्रकाश सिन्हा, शिव हरि, मुन्ना कुमार सिन्हा, सुभाष चन्द्र सिंह, राकेश पासवान, आदि उपस्थित हुए।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने अनिल



बोकारो। तुपकाडीह वासंती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष दुर्गा पूजा तथा रामनवमी जुलूस शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अनिल दिगार को अध्यक्ष बनाया गया। जानकारी दी गई कि प्रतिमा बनाने का काम शुरू हो गया है। गांव के लोग अपना अनुदान राशि मंदिर में आकर जमा कर सकते हैं। पूर्व की तरह झंडा मिलन जुलूस का रूट वही रहेगा। मौके पर रतन महतो गोपी किशन गोपाल पिंटू अग्रवाल भीम महतो सुरेश दास धनंजय महतो चंद्रदीप साव अमित दिगार कृष्णा अग्रवाल ललित महतो राजू साव आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत पुलिस अधिकारी प्रह्लाद साह को दी गयी विदाई



गोड्डा। सोमवार को गोड्डा नगर थाना के प्रांगण में थाना प्रभारी दिनेश मोहली की अध्यक्षता में प्रह्लाद साह पुलिस अवर निरीक्षक प्रहलाद साह के 39 वर्ष पूरे होने पर सेवानिवृत होने पर उनके विदाई कार्यक्रम में उनके साथ बिताए गए पल को याद करते हुए सच्चा अभिभावक का दायित्व निभाते हुए हमेशा सहयोग देने की बात की आनंद से अपनी जिंदगी व्यतीत करने की सलाह दी।

### जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी की कोर्ट में हुई पेशी

दुमका। दुष्कर्म की पीड़िता का पहचान उजागर करने के मामले में जामताड़ा कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी का सोमवार को कोर्ट में पेशी हुई। विधायक की पेशी तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। लेकिन गवाहों की उपस्थिति नहीं होने के कारण गवाही नहीं हो सकी। केस की अगली सुनवाई की तिथि 8 अप्रैल को निर्धारित हुई है। इस बावत केस में पक्ष रख रहे अधिवक्ता राजा खान ने बताया कि गवाही की अनुपस्थिति के कारण गवाही नहीं हो सकी। गवाही अब अगली तिथि को होगी। गौरतलब हो कि गौरतलब हो कि 26 अक्टूबर 18 को करमाटांड में किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था। दूसरे दिन विधायक ने अस्पताल में भर्ती पीड़िता का हाल लेने पहुंचे। विधायक ने पीड़िता के साथ अपनी तस्वीर खिंचवाई। तस्वीर इंटरनेट मीडिया में अपलोड कर दिया। इससे पीड़िता की पूरी तरह से पहचान उजागर हो गई। मामले में 28 अक्टूबर को करमाटांड के सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम ने विधायक पर मामला दर्ज कराया था। जिसमें विधायक पर पीड़िता की पहचान उजागर करने का आरोप लगाया था।

### साहिबगंज : चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

साहिबगंज। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती ने जिला के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधिगण के साथ मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 16 मार्च को अधिसूचना जारी कर निर्वाचन कार्यक्रम प्रकाशित किया गया है। इसी के साथ आदर्श आचार संहिता भी तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि साहेबगंज जिला की राजमहल निर्वाचन क्षेत्र में 7वें व अंतिम चरण में चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में मतदान काम मे लगे प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट पेपर की व्यवस्था रहेगी।

# राजमहल में ताला मरांडी का बजेगा डंका : लुइस

## भ्रष्टाचारियों द्वारा लूटे गये पैसे देश की जनता को वापस, और जेल में डालने का काम किया मोदी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** लोकसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी की जीत सुनिश्चित हेतु भाजपा पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय के अध्यक्षता में होटल रॉयल रेसीडेंसी पाकुड़ में विधानसभा स्तरीय सांगठनिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री लुईस मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित थे। लुईस मरांडी ने कार्यकत्ताओं को संबोधित कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी सारे भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने, भ्रष्टाचारियों द्वारा लूटे गए पैसे को देश की जनता को वापस करने एवं समदृष्टि से देशसेवा के भाव के साथ आदिवासी, गरीब, किसान, युवा, महिला आदि सब के विकास के दिशा में काम कर विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जबकि सारे विपक्षी आज एकजुट होकर केवल निज हित साधने में दिन-रात रत हैं और इसके लिए मोदी को हराओ, परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार छुपाओ, येन-केन-प्रकारेण गद्दी पाओ और देश लुटाओ के कुसंकल्प के साथ हर जगह वे सभी झूठे प्रचार-प्रसार एवं लोक-लुभावन झूठे वादे करने में दिन रात लगे हुए है। देश की जनता 400 पार के साथ फिर एक बार मोदी सरकार चाहती है। आप सभी कार्यकर्ता भाई-बहनें पूरे विश्वास व हर्ष के साथ घर-घर जाकर मोदी जी के विचारों और कामों को रखें, मुझे विश्वास है इस बार भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के नेतृत्व में राजमहल लोकसभा क्षेत्र में भी कमल अवश्य खिलेगा।

मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय, पूर्व विधायक वेणी प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हिसबिराय, मीरा प्रवीण सिंह, शर्मिला रजक कमल कृष्ण भगत आदि कार्यकता मौजूद रहे।

## राजमहल विधायक ने दिया जीत का मंत्र



**हिरणपुर (पाकुड़ )।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जाया विवाह भवन में सोमवार को भाजपा का लिट्टीपाड़ा विधानसभा स्तरीय संगठनिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजमहल विधायक सह राजमहल लोकसभा संयोजक अनन्त ओझा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का आयोजन दो सत्र में किया गया। पहला सत्र में लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य, विधानसभा कोर कमेटी सदस्य, विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी, व दूसरा सत्र विधानसभा के सातों मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए ओझा ने उपस्थित सदस्यों को कहा कि संगठन की मजबूती आवश्यक है। इस बार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। इसके लिए उन्होंने कई सुझाव दिए। इसके अलावे उन्होंने 48 शक्ति केन्द्र तथा 272 बूथों के प्रभारियों की चर्चा करते हुए इसे मजबूत बनाने की बात कही। केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाने की अपील सदस्यों से की। उन्होंने कहा कि चुनाव में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी अपना दायित्व ईमानदारी से निर्वहन करें। बैठक को संबोधित करते प्रदेश मंत्री दानियल किस्कू ने कहां की आज पूरे विदेश में भारत की डंका बज रही है। मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत सभी कार्य करें। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ की हड्डी है। वहीं बैठक को प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास , साहेब हांसदा ,शिवचरण मालतो, शिक्षानन्द मुर्मू के अलावे अन्य भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष कैलाश सिंह, जयंत मंडल, जामू मरांडी,सुलेमान बास्की,जिला महामंत्री विजय भगत, आशीष सेन, गणेश साहा, नाइका सोरेन के अलावे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### साहिबगंज : फेरी सेवा वाली पानी की जहाज और तीन नौका के टक्कर में एक नौका गंगा में डूबी



साहिबगंज। सोमवार को शाम करीब 5:30 मनिहारी से फेरी सेवा पानी जहाज साहिबगंज फेरी घाट में लगने वाली थी कि उसी समय फेरी घाट में पहले से लगी हुई नौका में आकर पानी जहाज टक्कर मारा ठीक उसी समय दियारा से किसान लोग भी अपनी नाव में तरबूज वगैरह लड़कर लौट रहे थे।एक नौका के टक्कर से तीनों नौका में टक्कर हुई जिसमें एक नौका टूटकर डूब गई एवं तीनों नौका में जो लोग बैठे हुए थे उसमें से कुछ लोग घायल हुआ घायलों को अस्पताल भेजा गया हालांकि इस घटना में किसी की हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### बोकारो कोलियरी का 3 लाख 25 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ



बेरमो। सीसीएल के बीएंडके एरिया की सौ साल से ज्यादा पुरानी बोकारो कोलियरी के स्वर्णिम दिन एक बार फिर से लौटने की उम्मीद जतायी जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस कोलियरी का कोयला उत्पादन लक्ष्य तीन लाख टन था। जिसे लक्ष्य को पूरा करते 3 लाख 25 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ। पीओ अरविंद कुमार शर्मा और मैनेजर बी पी साहू के अनुसार सालाना कम–से–कम पांच लाख टन कोयला उत्पादन करने पर कोलियरी का नफा –नुकसान बराबर पर आ जायेगा। मालूम हो कि बोकारो कोलियरी को स्टेट रेलवे ने वर्ष 1918 में शुरू किया था। वर्ष 1956 में यह एनसीडीसी (नेशनल कोल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) के अधीन चला गया। वर्ष 1973 में कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के बाद यह सीसीएल के अंतर्गत आ गया। फिलहाल यह कोलियरी सालाना सौ करोड़ से ज्यादा के नुकसान पर चल रही है। कोलियरी अंतर्गत डीडी माइंस से फिलहाल उत्पादन चल रहा है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बोकारो कोलियरी के शाखा सचिव रोशन सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से चालू वित्तीय वर्ष 24–25 में बोकारो कोलियरी से 5 लाख टन कोयला उत्पादन करेगा। उन्होंने कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दिया है।

### सीसीएल सीकेएस के संगठन मंत्री का सम्मान



बेरमो। सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी द्वारा सीसीएल सीकेएस ढोरी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नुनुचंद महतो जो की 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होने के उपरांत सीसीएल सीकेएस ढोरी के कार्यकताओं द्वारा सेवानिवृत्त के उपलक्ष्य पर आज एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया उक्त आयोजन में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा तथा भारतीय मजदूर बोकारो जिला के जिला मंत्री संत सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे उक्त मौके पर रवीन्द्र मिश्रा ने कहा की आज हमलोग अपने संगठन के प्रति समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता का सेवानिवृत्त के उपरान्त आज हम सभी सम्मान समारोह का आयोजन कर रहे है नुनुचंद जी लगभग 30 वर्षों से अधिक संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा के साथ संगठन में विभिन्न पदों पर ईमानदारी पूर्वक ढोरी क्षेत्र में अपना सराहनीय योगदान दिया जिसे संगठन कभी भूल नहीं पाएगी आज से यह अपना एक नए जीवन की नए पारी खेलेंगे और मै अपने संगठन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आगे का जीवन भी इनका सुखमय बीते अपने परिवारों के बीच और संगठन के कर्तव्यों का आगे भी निष्ठा पूर्वक से अपने जिम्मेवारी निभाते रहे वही विनय कुमार सिंह ने कहा कि इनका सहयोग हमे ढोरी क्षेत्र एक अभिभावक के रूप में मिला बहुत कुछ संगठन के प्रति सीखने का मौका मिला सेवानिवृत्ति भी एक जीवन का अध्याय है जिसे हम सभी कर्मचारियों को एक दिन गुजरना पड़ता है और मैं आशा करता हूं कि इनका सहयोग संगठन में आगे भी मिलता रहेगा उक्त मोके पर शाहनवाज खान,अजय सिंह,राजेश पासवान,भुनेश्वर,प्रमोद कुमार गौतम, सुबीर मुखर्जी, अरबिंद ठाकुर,सोमनाथ मिश्रा,शरद कुमार, पंकज कुमार, संदीप ओरांव, ललन मल्लह,निशांत कुमार, प्रेमलता देवी, सुमिति कुमारी, ज्योति, बसंती देवी,सीमा देवी,अनुभा चक्रवर्ती, लखि बाला देवी, उर्मिला, सूती, यशोदा, नीरा देवी, देवकी देवी, लक्ष्मी देवी, इंडिया देवी, सुनीता गुनई आदि उपस्थित रहे।

# सभी के सहयोग से ढोरी क्षेत्र कोयला उत्पादन लक्ष्य को किया पूरा : जीएम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** ढोरी परिवार के समस्त सदस्यों के कठिन परिश्रम एवं दृढ़ निश्चय के परिणाम स्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्धारित लक्ष्य 46 लाख टन को पार करते हुए 46.14 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन किया। उक्त बातें ढोरी जीएम एमके अग्रवाल ने दी। कहा कि परियोजना का उत्पादन इस प्रकार है। एएडीओसीएम 2613482, एसडीओसीएम-1864195, ढोरी खास-1366382, लाख मैट्रिक टन कोयला उत्पादन किया। इसी तरह ओबी निस्तारण 12796363 लाख क्यूबिक मीटर किया। इसी तरह डिस्पैच में ढोरी क्षेत्र ने नये कीर्तिमान स्थापित कर 4635135 लाख मीट्रिक टन डिस्पैच किया। रैक लोडिंग में भी ढोरी क्षेत्र ने इस वित्तीय वर्ष 847 रैक लोड किया, जो कि अपने आप में ही बहुत बड़ी उपलब्धि है। निश्चित ही यह उत्पादन ढोरी क्षेत्र को और उन्नति करने में मदद करेगा। उत्पादन के अलावा ढोरी क्षेत्र ने इस वित्तीय वर्ष कल्याण का भी बहुत काम किये। ढोरी क्षेत्र ने इस महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस उपलब्धि का सारा श्रेय हमारे चेयरमैन पीएम प्रसाद और सीएमडी डाक्टर बी वीरा रेड्डी कि सकारात्मक सोच, हमारे कर्मचारियों एवं अधिकारियों कि कठिन परिश्रम, हमारे यूनियन प्रतिनिधिगण एवं स्टेकहोल्डर्स का हमारे ऊपर विश्वास का परिणाम है। पुनः मै इस उपलब्धि पर आप सभी का धन्यवाद देता हूं।


# लोन देने के बहाने फर्जी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के द्वारा दर्जनों महिला हुई ठगी की शिकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एक फर्जी माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने दुमका और देवघर के विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चंपत हो गई। डैड माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी लोगों को बेवकूफ बना लाखों रुपए गबन कर लिया। सोमवार को मामला नगर थाना और एसपी दुमका के पास पहुंचा। जहां दर्जनों ठगी के शिकार महिला एवं पुरूश थाना पहुंचे। नगर के दुधानी स्थित डोम पाडा में सुमन कुमार सिंह ने अपने आप को डैड माइक्रो फाइनेंस का ब्रांच मैनेजर बताकर रहने के लिए एक मकान किराए पर लिया। उसने अपना आधार कार्ड दिया उस पर सुमन कुमार सिंह, पिता शंभु सिंह, वार्ड नं 05, गांधी पथए सहरसा, बिहार बताया। घर के आगे कंपनी का बैनर भी लगा दिया। धीरे धीरे इसके एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में घूम.घूम कर भोली भाली महिलाओं को 60 हजार रुपया लोन देने का लालच दिया। इसके लिए प्रत्येक सदस्य से 3110 रुपया लेकर उसे रशीद भी थमा दिया। प्रत्येक सदस्य को महिलाओं का ग्रुप बनाने और प्रत्येक सदस्य से 3110 रुपया लेकर कंपनी के संचालक के खाते में जमा करने को कहा गया। महज 3110 रुपया जमा कर 60 हजार लोन के चक्कर मे ग्रामीण महिलाएं फंसती चली गई। इसका नेटवर्क इतना तेजी से फैला कि दुमका और देवघर जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं सदस्य बनकर 3110 जमा कर बैठी। कोई नकद तो कोई गोलू कुमार नामक कर्मी के एकाउंट में ऑनलाइन रुपया जमा कर बैठी। लोगों को लोन देने के नाम पर डैड नामक फर्जी माइक्रो फाइनेंस कंपनी से जोड़ने के बाद सभी को एक अप्रैल को दुमका जिला कार्यालय बुलाया गया। बताया जा रहा है कि लगभग 5 सौ से ज्यादा सदस्य एक अप्रैल को लोन लेने दुमका के दुधानी स्थित डोमपड़ा में डैड माइक्रो फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचे थे। लेकिन वहां पहुंचने पर कार्यालय में ताला जड़ा था। घर के बाहर लगे कंपनी का पोस्टर भी गायब था। नजारा देख लोग समझ चुके थे कि वे ठगी का शिकार हो चुके हैं। लोगों ने कंपनी के उन कर्मियों को फोन लगाना शुरू किया। सभी कर्मी का मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। थक हार कर ठगी की शिकार महिलाएं नगर थाना पहुंचीं। जिसमें दुमका जिला के शिकारीपाड़ाए सरैयाहाटए जरमुंडी, देवघर क्षेत्र की महिलाएं शामिल है।

### अचार संहिता को दिखाया जा रहा है ठेगा



बेरमो। बोकारो जिला के चंद्रपुरा प्रखंड में आचार संहिता की खुले आम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। मुख्य पथ के समीप जनप्रतिनिधि का होर्डिंग लगा हुआ है बुढ़ीडी मोड़ से लेकर दुगदा थाना जाने के क्रम में आपको यह नजारा दिख जायेगा। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का होर्डिंग प्रशासन के द्वारा नहीं हटाया गया है हालांकि इस संबंध में अंचलाधिकारी विनय कुमार वर्मा ने कहा है कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है विधीत संबंध उनके ऊपर कारवाई की जाएगी और अविलंब पोस्टर को हटाने का निर्देश संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दे दिया गया है।

# मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डीपीएस बोकारो के नये सत्र का स्वागत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों ने मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर अपनी कुशल कलात्मक व रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक फैशन-शो प्रस्तुत कर बहुरंगी छटा बिखेरी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी को नए सत्र की बधाई व शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों का स्वागत व उन्हें प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता आसान नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम निरंतरता और दृढ़ इच्छाशक्ति आवश्यक है। इसके पूर्व प्राचार्य ने छात्र छात्राओं द्वारा देशज कला आधारित बनाई गई पेंटिंग से तैयार विद्यालय के नए एनुअल प्लानर का विमोचन किया। तदुपरांत विभिन्न कक्षाओं के टॉपरों एवं विषयों में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस क्रम में प्राचार्य ने विद्यालय के वरीय तथा नए शिक्षकों प्रभारियों और हाउस वार्डन से बच्चों को रूबरू भी कराया। विद्यालय की प्राइमरी इकाई में भी विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। शिक्षकों ने नन्हें विद्यार्थियों के साथ झूम कर नाच कर और गाकर उनका स्वागत किया।

# गोड्डा : लोस चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के द्वारा केरासोल, केडोबाजार राजाभीठा इत्यादि बूथो का भौतिक सत्यापन किया तथा राजाभीठा एवं महागामा थाना के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक किया गया एवं चुनाव से संबंधित तैयारी का समीक्षा किया गया तथा सेक्टर पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया : -

1. सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने साथ प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट के साथ सेक्टर में निरंतर भ्रमणशील रहेंगे।
2. स्थाई वारंटी व फिरारियो की गिराफ़्तारी सुनिश्चित करेंगे तथा इस्तिहार व कुर्की का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।
3. चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही करेंगें।
4. बूथों का रूट चार्ट तैयार करें।
5. सभी बूथों में जाकर प्रभावित वोटर से मिलकर भयमुक्त होकर वोट डालने हेतु प्रेरित करें।
6. अपने अपने क्षेत्र के सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखें।
7. कांडो में वांछित अपराधियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करे।
8. चुनाव को लेकर शराब की तस्करी, नगदी, हथियार की जब्ती को लेकर चेकनाकों पर सख्ती से जांच करने का निर्देश दिया गया है।

### बोकारो : फुटबॉल प्रतियोगिता में एंजल किशोरी क्लब ने जीती ट्रॉफी



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के सिलीसारम स्थित खेल मैदान में गर्ल्स नॉट ब्राइड तथा आशा संस्था के सहयोग से किशोरी फुटबॉल टीमों के बीच आयोजित टूनार्मेंट के फाइनल मैच में एंजल किशोरी क्लब गर्री ने आदिवासी किशोरी क्लब सिलीसाडम को एक गोल से पराजित कर जीत दर्ज की। मौके पर सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि खेल के माध्यम से अब लड़कियां जिला राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है। फुटबॉल टूनार्मेंट के माध्यम से किशोरियों का नेतृत्व विकास कर बाल विवाह पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे बालिकाओं के बीच खेल प्रतिभा में निखार आएगी। लड़कियां खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी। इस दौरान सूरजमानी देवी कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। इस दौरान पोंडा की टीम तीसरे स्थान पर रही। टूनार्मेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को ट्रॉफी व अन्य उपहार देकर संस्था ने सम्मानित किया। मौके पर सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर मंजू देवी प्रिया कुमारी खुशी कुमारी अमरावती पूजा, कुमारी ममता,मधु कुमारी आशा कुमारी दीपू कुमारी, प्रतिमा कुमारी नीतू मुर्मू उर्मिला टुडू आदि उपस्थित थे।

# कोयला का अंत?

किसी तय तारीख का जिक्र तो नहीं किया जा सकता है लेकिन एक दिन ऐसा आएगा जब देश में न केवल कोयला खनन बल्कि कच्चे तेल का अधिकांश उत्पादन और प्रसंस्करण भी बंद हो जायेंगे। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा तथा उसकी भंडारण क्षमताओं में भी जमकर इजाफा होगा। ये बड़े उद्योग हैं और इनका असर भी समूची अर्थव्यवस्था में महसूस किया जाएगा। दुनिया में अनेक ऐसे लोग और संस्थान हैं जो इस बदलाव से प्रभावित होने जा रहे हैं। ऐसे तकनीकी बदलाव नए नहीं हैं। समय के आरंभ से ही ऐसा होता आ रहा है। हर दशक में हमने उत्पादन में बड़े ढांचागत बदलाव देखे और हर अवसर पर कुछ लोग लाभान्वित हुए तो कुछ को नुकसान हुआ। जब स्वेज नहर बन रही थी और बंदरगाहों का यातायात कलकत्ता से बंबई स्थानांतरित हो गया था। मशीनीकरण, स्वचालन तथा उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव आदि ने बार-बार ऐसे हजारों उद्योगों को बनाया और बिगाड़ा है जिनसे लाखों लोग जुड़े हुए थे। युद्ध के दौरान होने वाले उत्पादन ने 100 गुना तक वृद्धि हासिल की और फिर वे विलुप्त हो गए। एक सफल देश के लिए जरूरी बात यह है कि वह बदलाव की राह रोकने और उसे लेकर शिकायत करने के बजाय बड़े रुझानों के बारे में पहले से अनुमान लगाए और समुचित प्रतिक्रिया दे। आशावादी नवीकरणीय ऊर्जा पर दांव लगा रहे हैं और ऐसे भी लोग होंगे जो कोल इंडिया के शेयर खरीद रहे हैं। भारत के कार्बनीकरण से मुक्ति की धीमी या तेज गति के अनुसार ही इनका मुनाफा या हानि पैदा होगी। तकनीकी बदलावों के दौरान ऐसा होता ही है। याद करें जब देश में दो करोड़ टेलिफोन बूथ थे जो मोबाइल की उपलब्धता के बाद समाप्त हो गये। इसी प्रकार आने वाले समय में बदलाव होगें ये तेज होंगे या धीरे यह अभी अधर में है।

# अन्न की बर्बादी

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनईपी की वह रिपोर्ट एक काले सच को उजागर करती है कि पूरी दुनिया में 19 फीसदी भोजन बर्बाद कर दिया जाता है। एक भयावह सच्चाई यह भी है कि दुनिया में करीब 78.3 करोड़ लोग लंबे समय से भूख से जूझ रहे हैं। युद्धरत गाजा में इस भूख के संकट की भयावह स्थिति जब-तब उजागर होती रहती है। संयुक्त राष्ट्र की यह हालिया रिपोर्ट एक कठोर हकीकत से रूबरू भी कराती है कि पर्याप्त संसाधनों के बावजूद खाद्यान्न का न्यायसंगत वितरण नहीं हो पा रहा है। दूसरे शब्दों में यह एक नैतिक संकट भी है। दरअसल, भोजन की बबार्दी एक तरह से हमारे पर्यावरण को भी अस्थिर करती है। निश्चित रूप से यह संकट भारत में भी विद्यमान है। खाद्य सुरक्षा के नजरिये से भोजन की बबार्दी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में कुल भोजन का एक-तिहाई हिस्सा उपभोग से पहले खराब हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार भोजन की यह बबार्दी एक साल में प्रतिव्यक्ति पचास किलो होने की आशंका है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की एक अन्य रिपोर्ट भारत में कुपोषण से जुड़े संकट को भी उजागर करती है। जिसमें बताया गया है कि देश की 74 फीसदी आबादी स्वस्थ आहार का खर्च वहन नहीं कर सकती। ऐसे में भोजन का एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद होना नैतिक अपराध ही है। दरअसल, कचरे के ढेरों में खराब खाद्यान्नों के अंश विघटित होने से ग्लोबल वार्मिंग के वाहक मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। वैश्विक संगठनों का आग्रह है कि दुनिया में खाद्य प्रणालियों में पूर्ण बदलाव लाएं। साथ ही समान वितरण को प्राथमिकता देने को प्रेरित किया जाना चाहिए। ऐसे में जब देश में लाखों लोग रोटी के लिये संघर्ष कर रहे हों, भोजन की बबार्दी नैतिक दृष्टि से अपराध ही है।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के पीछे कौन?


कोई चाहे तो बांग्लादेश के विपक्ष से एहसान फरामोशी सीख सकता है। जिस भारत ने बांग्लादेश को, या यूँ कहें कि 1970 तक पूर्वी पाकिस्तान की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलती रहती है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है।

बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारतीय उत्पादों के बॉयकाट का आह्वान किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्वकप में भारत की हार के बाद ढाका और वहां के कई शहरों में जश्न मना था। मैं तो स्वयं 1970 के भारत-पाक युद्ध में युद्ध संवाददाता की हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्लाभाषी मुसलमान भाइयों को कत्लेआम से बचाया, हजारों बंगाली बेटियों और बहनों को पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे बलात्कार से रक्षा की। इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूँ।

बांग्लादेश की आजादी के बाद जब बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ-साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया, तभी जगह-जगह इंडियाज जिनीस-पत्तर भालो नेई के वाल पेंटिंग देखने को मिले। जब मैंने शेख मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया, हजारों मकान बनवाये, फिर यह क्या चल रहा है? तब पीआरओ ने कहा, आप चिंता मत कीजिए। कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है। लेकिन , वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि कई गुना बढ़ गये हैं।

बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है। लेकिन, हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज्यादा मुखर हुए हैं। आपको याद ही होगा कि बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती



-आर के सिन्हा

> बांग्लादेश में कठमुल्ले हिन्दुओं की जान के पीछे पड़े रहते हैं। उन्हें तो बस मौके की तलाश होती है। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू कतई सुरक्षित नहीं हैं। जबकि बांग्लादेश में सदियों से बसे हिन्दुओं ने बंगबंधु शेख मुजीबुर उर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। जिस बांग्लादेश में 'हिफाजत-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है।

जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आप कह सकते हैं कि आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफा चुनाव को सिर्फ. भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए।

बांग्लादेश से आ रही खबरों से संकेत मिल रहे हैं कि बीएनपी की विदेश मामलों की कमेटी (एफआरसी) चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध प्रगाढ़ करना चाह रही है। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा। नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा।

हिंदुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कठमुल्लों की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए 0जीवन के सभी क्षेत्रों में स्पेस घट रहा है। अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे अपने ब्लॉग के जरिए। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयावह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था।

बांग्लादेश में कठमुल्ले हिन्दुओं की जान के पीछे पड़े रहते हैं। उन्हें तो बस मौके की तलाश होती है। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू कतई सुरक्षित नहीं हैं। जबकि बांग्लादेश में सदियों से बसे हिन्दुओं ने बंगबंधु शेख मुजीबुर उर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। जिस बांग्लादेश में 'हिफाजत-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है। यह अपने देश के सड़क छाप लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि इस्लाम खतरे में है। कैसे खतरे में है? कोई यह भी तो बता दे। बांग्लादेश में 90 फीसदी से अधिक मुसलमान हैं।

तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास लज्जा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विस्तार से लिखा है। इसलिए उनकी जान के दुश्मन हो गए यह कठमुल्ले। उसी विरोध के कारण तसलीमा को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। तसलीमा नसरीन का उपन्यास ह्यलज्जाह्न 1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती है।

लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। जिस कारण से वह अमेरिका चली गईं थीं। अपनी जान बचाने की गरज से तस्लीमा स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में भी रहीं। वह 2004 में कोलकाता आ गई थीं। उन पर 2007 में हैदराबाद में भारत के कठमुल्लों ने हमला किया। उनसे मेरी भी मुलाकात हुई है। वह मेरे सांसद आवास में पधारी थीं। तब मुझे पता चला था कि बांग्लादेश में किन कठोर स्थितियों में हिन्दू रहने को अभिशप्त हैं।

भारत का विरोध करने वालों से कोई पूछे कि क्या जब भारत ने पाकिस्तान की जालिम फौज से पूर्वी पाकिस्तान को बचाया था तब उसका कोई निजी हित-स्वार्थ था। भारत ने तब मानवता के आधार पर पूर्वी पाकिस्तान की जनता की मदद की थी। लाखों बांग्लादेशियों को अपने यहां शरण भी थी।

## खास बात

# शब्दों के इस्तमाल में संयम आवश्यक

**नीरज कुमार दुबे**

इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है।

विपक्षी गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था।

राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा।

# मुनियों का भ्रम टूटा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने कहा- आपलोग निश्चिंत होकर मुझें बताये। ऋषि-मुनियों ने कहा- प्रभु ये हमारे ही भाई-बंधुओं की हड्डियां हैं। इस दंडकवन में रावण की सेना रहती है। उसकी चौदह हजार सेना घूमती रहती है। उसको रावण आदेश दे रखा है, कहीं जप,तप,योग, यज्ञ करता काई पकड़ा गया तो उसको मारकर खा जाओं। उसका रूधिर पी जाओ और हड्डियों को ढेर एक जगह इकट्ठा करो। इसलिए कि दूर से ही देखकर लोग भय में आ जाए और जप, तप योग इत्यादि न कर सके। रावण नहीं चाहता है कि कोई जप,तप एवं योग इत्यादि करे। इस तरह ऋषि-मुनियों के बीच श्रीराम का समय बीत रहा था। रोज संध्या समय आश्रमों में सत्संग ज्ञान की चर्चा होती थी। ऋषि-मुनि राम को यह जरूर समझते थे कि ये बड़ें हैं, अवतारी हैं लेकिन उनको अपने ज्ञान और साधन का अभिमान था। वे यह नहीं सोचते थे कि इनके पास हमलोगों से अधिक ज्ञान है। लेकिन जब श्रीराम जी व्याख्या करने लगते थे संसार की, मन, बुद्धि और चित की। अपरा जगत की तो वे आश्चर्यचकित रह जाते थे। उन्हें लगता था किये ज्ञान इनको कैसे हुआ। कैसे? ये तो न हमलोगों के बरावर साधन किए हैं और न ही अध्ययन किये हैं? तब उन्होंने कहा प्रभु आज बात समझ में आई कि ज्ञान भक्ति के द्वारा ही होता है। हमलोगों ने जप योग बहुत कुछ किया और इस अभिमान में थे कि ज्ञान हमलोगों के पास अधिक है लेकिन आज पता चला कि ये ज्ञान आपके पास ज्यादा है। कारण है कि आपने भक्ति की है। इस तरह से आगे बढ़ते हुए।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

'**गिर** जाना, हार जाना, युध के मैदान में , हाँ माना ध्वज फैहरना , बल पर अपने , फिर खड़े हो जाना, ये जाना घुड़सवार वे, जो गिर कर, फिर सवार हो जाते हैं, फिर गया पानी उनपर, जो मारते थे उनपर अश्लील ताना

**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**ओडिशा** में रहने वाले सभी लोगों तथा झारखंड समेत देश के बाकी हिस्सों में रहने वाले ओड़िया- भाषियों को, भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि ओडिशा राज्य के स्थापना दिवस 'उत्कल दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- चंपाई सोरेन, सीएम**





सशक्त, पराक्रमी, आत्मनिर्भर भारत की उड़ान देश को आश्वस्ति देता, देश का यशस्वी प्रधान!!

**-अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

# भारत का संविधान और राजधर्म

**हृदयनारायण दीक्षित**

**संविधान** भारत का राजधर्म है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान पारित किया था। भारत के लिए यह तिथि चिर स्मरणीय है। संविधान जन गण मन का भाग्य विधाता है। संविधान में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार हैं। संविधान में भारतीय संस्कृति को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। संविधान की हस्तलिखित प्रति में राम, कृष्ण, हड़प्पा काल की मोहरों व वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम के चित्र हैं। श्रीराम का लंका विजय व श्रीकृष्ण अर्जुन के सुन्दर चित्र भी हैं। बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक, गुप्तकाल, शिवा जी, गुरु गोविन्द सिंह आदि सभी के चित्र आकर्षित करते हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि, 'संविधान उपबंध करे या न करे, राष्ट्र कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा जो देश पर शासन करेंगे।' डॉ. आम्बेडकर ने अंतिम भाषण दिया और कहा कि, 'एक समय था जब भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। भारत संसदीय प्रक्रिया से भी अपरिचित नहीं था।' संविधान सभा में राष्ट्रजीवन की सभी समस्याओं पर चर्चा हुई थी। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 संविधान का अस्थाई उपबंध बना। जम्मू कश्मीर विशेष उपबंध की व्यवस्था ठीक नहीं थी। इस व्यवस्था का खात्मा नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2019 में किया।

## विकास

भारतीय संविधान की रचना में देश के चोटी के विद्वानों ने हिस्सा लिया था। सभी विषयों पर जमकर चर्चा हुई थी। अल्पसंख्यक अधिकार समिति के सभापति सरदार पटेल ने अपनी सिफारिशें सभा में रखी थीं। यह हिस्सा ऐतिहासिक महत्व का है। यों तो संविधान सभा की पूरी बहस रोमांचकारी है। लेकिन बहस का एक मजेदार किस्सा संविधान में 'ईश्वर' को शामिल करने का है।

राष्ट्रपति की शपथ के प्रारूप मसौदे में 'ईश्वर' का उल्लेख नहीं था। एचवी कामत ने ईश्वर को जोड़ने का संशोधन प्रस्ताव रखा, 'मेरे मन में भावना उठी कि इसमें कुछ कमी है। ईश्वर को विधान में स्थान मिलना चाहिए। मेरी धारणा थी कि प्रस्तावना का ही आरम्भ ईश्वर की स्तुति से होना चाहिए था। कदाचित यह ईश्वर की इच्छा थी कि विधान उसके नाम से वंचित होना चाहिए।' कामत ने कहा, 'हम भगवान को जितना दूर हटाते हैं, उतना ही वह हमारा पीछा करता है।' महावीर त्यागी ने ईश्वर के नाम पर या निश्चयपूर्वक सत्यनिष्ठा से शपथ लेने का संशोधन रखा। उन्होंने कहा 'इसका अर्थ यह होगा कि जो भगवान में विश्वास करते हैं वे उसके नाम में शपथ लेंगे और जो इस मत के हैं कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना जा सका है और न जाना जा सकता है उन नास्तिकों को केवल गम्भीरतापूर्वक निश्चयोक्ति करने की स्वतंत्रता होगी।'

यह बहस भारत के इतिहास का अंग है। त्यागी ने कहा, 'ब्रिटिश संसद भी प्रार्थना से शुरू होती है। उनकी व्यवस्था साम्प्रदायिक राज्य नहीं है।' काजी करीमुद्दीन ने कहा, 'मैं बहुत प्रसन्न हूं कि उन्होंने ईश्वर के पक्ष में तर्क उपस्थित किये हैं कि ईश्वर को हमारे विधान से नहीं मिटाना चाहिए। मेरा निवेदन है कि यदि उनका संशोधन स्वीकार कर लिया जाये तो हम उन लोगों को अलग कर रहे होंगे जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं है।

इस देश में और अन्यत्र ऐसे बहुत से लोग है जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं होता।' प्रो. केटी शाह ने कहा, 'ईश्वर का नाम रखने की प्रबल इच्छा के बावजूद मैं समझता हूं, हम अन्य लोगों की मूर्खताओं को दोहरा सकते हैं। मुझे भय है कि ईश्वर के नाम की केवल उपस्थिति मनुष्य की निर्बलता के विरुद्ध प्रतिभूति नहीं होगी।'

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### जानलेवा रोग

**हृदय** रोग विश्व स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बन गया हैं। कुछ वर्षों से यह समस्याएं युवाओं में अधिक देखने को मिल रही हैं। एनसीआरपी के अनुसार विश्व में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत मौतों का मुख्य कारण खराब जीवनशैली, स्ट्रेस, ओवर एक्सरसाइज, गलत जानकारी और लापरवाही आदि हैं।

**-मुस्कान सैनी, हजारीबाग**

### कैसे राजनेता

**राजनेता** पांच साल अपने क्षेत्रों की सुध नहीं लेते। चुनाव आते ही जनसेवक बनने का ढोंग रचने लगते हैं। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादों से नैया पार लगती नहीं दिखती तो अन्य तरीकों से वोटों की खरीद-फरोख्त कर अपना स्वार्थ साधने लग जाते हैं। ऐसे में मतदाताओं के ईमान की कड़ी परीक्षा होती है। अगर मतदाता स्वाभिमानी रहे तब लोकतंत्र बचे। **- रविशंकर, रांची**

# टीकाकरण अभियान में अवरोध से बढ़ता संक्रामक बीमारियों का खतरा

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**लैसेंट** ग्लोबल हेल्थ में हालिया प्रकाशित रिपोर्ट इस मायने में चिंतनीय और महत्वपूर्ण है कि विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान में अवरोध का असर सामने आने लगा है। दुनिया के देशों के सामने खसरा, हेजा, हेपेटाइटिस सहित 14 से अधिक बीमारियों के फैलने का संकट उभरने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में हैजा के कारण मौत का आंकड़ा लगभग दो गुणा हो गया है। तपेदिक नए वेरिएंट में आने लगी है जिसमें लगातार खांसी नहीं होने के कारण तपेदिक का पता लगने तक काफी देरी होने लगी है। दरअसल कोरोना अपना साइड इफेक्ट इस हद तक छोड़ गया है कि उसका असर हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आने वाले कई सालों तक देखने का मिलेगा। कोरोना के कारण दुनिया के देशों में टीकाकरण अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। 2019 के अंतिम त्रैमास से 2020 तक कोरोना त्रासदी और उसके बाद कोरोना के नित नए वेरिएंट के कारण स्वास्थ्य को लेकर चल रहे विभिन्न अभियानों पर सीधा असर पड़ा है। उसका असर अब दिखाई देने लगा है।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के शोधार्थियों ने भारत सहित 112 देशों में किए गए अध्ययन में यह पाया है कि टीकाकरण में कोरोना काल में टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के कारण 2030 तक दुनिया के देशों में खसरा सहित 14

## फिल्म

बीमारियों के फैलने के कारण अतिरिक्त मौत होगी। एक अनुमान के कारण अकेले खसरा के कारण ही 40 हजार से अधिक जान जाने का अनुमान है। हैजा के कारण होने वाली मौतों के आंकड़े सामने आये हैं। करीब करीब दोगुनी गति से हैजा के मामले सामने आने लगे हैं। 2023 में सात लाख के करीब मामले सामने आये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसीलिए चिंता जताई है।

दरअसल टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के लिए किसी को दोष भी नहीं दिया जा सकता। कोरोना 2019 के हालात ही ऐसे थे कि उस समय केवल और केवल कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने और लोगों की जान बचाना एकमात्र प्राथमिकता रह गई थी। सबकुछ ठहर जाने और दुनिया के किसी भी कोने पर नजर डालो, चारों ओर मौत का तांडव दिखाई देता था। सारी दुनिया का ध्यान इस त्रासदी से एक -एक जान बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। इस दौरान टीकाकरण अभियान तो जोर-शोर से चला पर वह अन्य बीमारियों के स्थान पर कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन और उसकी पहली और दूसरी डोज पर ही केन्द्रित रहा। दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने हैं। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हो चुका है। पर करोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हालांकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, चीन की दादागिरी सहित दुनिया के देशों में संघर्ष, आतंकवादी घटनाएं बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती है।

दरअसल कोरोना काल ही ऐसा था कि उस समय वर्षों से चले आ रहे अभियान लगभग ठहर गए थे। बल्कि यूं कहा जाए कि उस समय सारी दुनिया का ध्यान सबसे हटकर कोरोना त्रासदी से बचाव की ओर रह गया था। कोरोना प्रोटोकाल और कोरोना वायरस के संक्रमण के तरीके ने हिला कर रख दिया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बाइक चोर और गांजा तस्कर को पुलिस ने पकडा

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते एसपी।

**रामगढ़।** एसपी डॉ विमल कुमार ने 1 अप्रैल को प्रेस वार्ता किया। मौके पर उन्होंने बताया की दिनांक 31.03.2024 को संध्या में रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र में इफको कोलोनी पानी टंकी के पास से एक मोटरसाईकिल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी किया गया था। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-85/24. दिनांक 31.03.2024 मारा-379 भा०द०वि० अंतर्गत अक्षात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० विमल कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी किये गये मोटरसाईकिल के बरामदगी एवं अज्ञात चोर के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई हेतु रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में एंटी क्राईम बैंकिग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। एंटी क्राईम चेकिंग अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी चौक रामगढ़ थाना मोड़ के पास तैनात पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति भागने लगे जिसे पुलिस बल द्वारा पकडा गया। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम सूरज कुमार उर्फ छोटू, पिता-स्व कृष्णा नन्दनदास, सा०-न्यू कॉलोनी बगीचा बड़की काली मंदिर के पास , थाना जिला-रामगढ़ बताया गया तथा पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से मोटरसाईकिल के संबंध में पुछताछ के क्रम में उक्त व्यक्ति द्वारा दिनांक 31.03.2024 को मोटरसाईकिल सी०डी० डिलक्स जिसका रजिस्ट्रेशन सं० खल 10 जेएच 10 एक्स 0962 को इफको कॉलोनी पानी टंकी के पास से चोरी करने की बात स्वीकार किया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा सूरज कुमार को हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत माह में वैस्ट बोकारो ओ०पी० अन्तर्गत विभिन्न काण्डों में चोरी किये गये 03 मोटरसाईकिल वाहन को पूर्व में बरामद किया गया है एवं संबंधित अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस ने सूरज कुमार उर्फ छोटू, पिता-स्व० कृष्णा नन्दनदास, सा०-न्यू कॉलोनी बगीचा बड़की काली मंदिर के थाना+जिला रामगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोटरसाईकिल सी०डी० डिलक्स (रजिस्ट्रेशन सं० जेएच 10 एक्स 0962 ) बरामद किया। छापेमारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, पु०अ०नि० सौरभ कुमार ठाकुर, पु०अ०नि० निशिकांत शर्मा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### 1 किलो 800 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

प्रेस वार्ता के क्रम में एसपी डॉ विमल कुमार ने आगे बताया की की दिनांक-31.03.2024 को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को प्राप्त गांजा खरीद-फरोख्त की सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० विमल कुमार के निदेशानुसार अनु० पुलिस पदा० पतरातू बिरेन्द्र राम के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बरकाकाना रेलवे स्टेशन के समीप सतत रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस बल को देखकर एक दुकानदार दीपक कुमार उर्फ प्रभाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के द्वारा पकड लिया गया एवं उनके दुकान व मकान छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान अभियुक्त के मकान से करीब 1.800 किलो ग्राम गांजा, गांजा पिने का समान चीलम, गोगो (बोंगची परफेक्ट रोल) एवं एक इलेक्ट्रोनिक ताराजू, आई फोन मोबाईल बरामद किया गया। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ पुलिस के द्वारा लागातार आसूचना संकलन कर अवैध मादक पदार्थों का तस्करी, खरीद-फरोख्त के विरूद्ध नियंत्रण किया जा रही है। इस संबंध में बाडकाकाना ओ०पी० थाना-पतरातू में कांड अंकित किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेजा जा रहा है। पुलिस ने-दीपक कुमार उर्फ प्रभाकर उम्र करीब 30 वर्ष पिता विनोद प्रसाद साव, सा० सी०आई०सी० वस्ती मेन रोड़ बडकाकाना, थाना-पतरातू (बडकाकाना) जिला-रामगढ को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गांजा लगभग 1.800 कि०ग्रा० गोगो बोंगची परफेक्ट रोल 299, चिलम 47 पीस, इलेक्ट्रोनिक, तराजू-01 पीस, एप्पल कंपनी का मोबाइल 01 ने बरामद किया। छापामारी दल में अनुमंडल मंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेन्द्र कुमार राम, पुअनि अख्तर अली, पुअनि विकास आर्यन एवं बरकाकाना ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में बैंक कर्मचारी घायल


घायल परमेश्वर ठाकुर।

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के रांची रोड़ स्थित बीआरएल गेट के पास सोमवार को कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार बैंक कर्मचारी घायल हो गया। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि बड़की पोना निवासी परमेश्वर कुमार ठाकुर अपने स्कूटी संख्या जेएच24ए 8211 से घर के लिए निकले थे। इसी क्रम में उक्त सड़क पर बलेनो संख्या जेएच01बीडब्लू 9301 से टक्कर हो गई। जिसमें परमेश्वर घायल हो गए। घटना के बाद कुजू पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त किया।

### उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा मनीष जायसवाल का स्वागत किया जायेगा


बैठक में शामिल।

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक सोमवार को बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति एवं संचालन आशा देवी ने किया। बैठक में आगामी 3 अप्रैल को भाजपा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के स्वागत करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उज्ज्वला फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बोंगावर स्थित अम्बाटांड़ से स्वागत कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इस दौरान उक्त स्थल पर देवंती देवी और किरण देवी के नेतृत्व में, बागादोहर एवं करमाली टोला में मीना देवी और गुड़िया देवी, दिगवार,पारटाड़,लुगूमंडप में शांति देवी,मीनू देवी और सुनीता देवी के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। जिसमें सदस्यों के साथ फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति शामिल होंगे। बैठक में शांति देवी, सुमित्रा देवी, लक्ष्मी, सावित्री, गिरिजा, खुशबू, कुंती, सुमन, सपना, देवंती, रेखा, अनीता, कुंती, बिंदु, आकांक्षा, सुमन आदि मौजूद थे।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने मनाया स्थापना दिवस


स्थापना दिवस में शामिल लोग।

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अस्पताल चौक स्थित झा रा ग्रा बैंक परिसर में छठी स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार व अन्य बैंक कर्मियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन के तहत स्व रोजगार के लिए ऋण की प्राप्ति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि व्यापार के मामले में पूरे झारखंड में तीसरे स्थान पर है। इस अवसर पर शाखा के उप प्रबंधक पापया कुमारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम दिव्या कुमारी बैंक कर्मी देवेंद्र कुमार, बैंक सखी सोनिया कुमारी, रीना कुमारी रश्मि कुमारी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक घनश्याम भाई पटेल घनश्याम महतो रंजीत कुमार मुखिया उत्तम महतो मुनिया देवी चेतलाल महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

### बलकुदरा खुली खदान में उत्पादन लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति पर जताया हर्ष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्र के बलकुदरा (भुरकुंडा) खुली खदान बहुत कम समय में शुन्य घटना एवं दुर्घटना के साथ उम्मीद से अधिक कोयला और ओबीआर उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। बताया गया कि बलकुदरा (भुरकुंडा) खुली खदान निर्धारित समय से पूर्व ही लगभग 1.4 लाख टन कोयला व लगभग 7 लाख क्यूबिक मीटर ओबीआर में उत्कृष्ट आंकड़ा हासिल किया है। वित्तिय वर्ष 23-24 के अंतिम दिनो में बलकुदरा से एतिहासिक 5000 टन से अधिक प्रत्येक दिन कोयला का उत्पादन किया गया। उत्पादन लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति पर अधिकारियों एवं कर्मियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सोमवार को बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने कर्मियों के बीच मिठाई क वितरण कर खुशी का इजहार किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा की विभिन्न ट्रेड यूनियनो का सहयोग व कर्मियो के मेहनत के कारण हमने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा की आगे भी इसी तरह सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करते हुए उत्पादन लक्ष्य से अधिक उत्पादन की नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## त्योहारों को देखते हुए नगर निगम हजारीबाग की टीम गठित

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते नगर आयुक्त।

**हजारीबाग।** नगर आयुक्त ने इस माह में होने वाले रामनवमी, ईद, चैती छठ एवं सरहुल पर्व को देखते हुए निगम के पदाधिकारियों, जमादार के साथ बैठक की।इसमें उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, बिपिन कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन तथा अन्य उपस्थित थे। बैठक में सफाई, सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट, जुलूस मार्ग पर पानी, शौचालय इत्यादि की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा की गई। नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने वार्ड जमादारों को जुलूस मार्ग एवं सभी स्थानों पर युद्ध स्तर पर सफाई कराने का निदेश दिया है। सभी धार्मिक स्थल के पास एवं सरहुल मैदान की सफाई करवाने का निदेश दिया गया है। सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट को तत्काल हटाने का निदेश दिया गया है। साथ ही नगर वासियों से अनुरोध है कि अगर उन्होंने सड़क पर ईंट, गिट्टी आदि डंप कर रखा है तो वे स्वयं हटा लें।कल नगर निगम एवं जिला के संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं आर्थिक दंड आरोपित किया जाएगा। नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम द्वारा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निस्पादन हेतु टीम गठित किया गया है। जुलूस मार्ग में आवश्कतानुसार चलंत शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा। हेड जमादार दीपक कुमार को चैती पर्व को देखते हुए, निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब, नदियों को छठ व्रतियों के लिए पूर्णरूप से सफाई कराने का निदेश दिया गया। जुलूस मार्ग में आवश्यकतानुसार पानी का टैंकर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अनुपालनार्थ अरुण बावरी एवं दीपक कुमार को निदेश दिया गया। साथ ही जुलूस मार्ग में अवस्थित स्ट्रीट लाइट एवं एल ई डी लाइट को आज रात से ही जलाकर जांच करने एवं खराब लाइट को तुरंत मरममती एवं बदलने का निदेश कनीय अभियंता विद्युत राजकुमार रजवार को निदेश दिया।

### चौपारण में 602 लीटर अवैध विदेशी शराब जप्त

**चौपारण।** हजारीबाग के उत्पाद विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र के घोरमोरवा जंगल में बीते रात छापेमारी अभियान में 602 लीटर अवैध विदेशी शराब को उत्पाद विभाग ने जप्त किया है। आपको बता दें कि बिहार ड्राई स्टेट है जिसको लेकर चौपारण क्षेत्र में एक्साइज विभाग काफी सक्रिय रहती है इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर जंगल से विदेशी शराब जप्त किया गया है। सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि सूचना मिली थी की घोरमोरवा जंगल में अवैध रूप से विदेश शराब एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा है जिसे पिकअप और ट्रक में लोड किया गया है तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने पर एक व्यक्ति पिकअप के ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया बाकी लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। बड़े ट्रक से छोटे पिकअप वाहन में शराब को लादा जा रहा था उसी क्रम में छापेमारी की गयी। वहीं 602 लीडर इंपीरियल ब्लू शराब जप्त किया गया है। बाजार मूल्य में इसकी कीमत लगभग 48 लख रुपए है। एक्साइज विभाग के द्वारा एक बड़ी सफलता या मानी जा रही है आगे की कार्यवाही पुलिस के द्वारा जारी है।

## शिक्षा के बगैर किसी समाज या परिवार का सर्वांगीण विकास संभव नहीं : शालू जिन्दल

- जिन्दल स्कूल के नए भवन की रखी गई आधारशिला
- बेटियों की शिक्षा पर दिया जोर


पूजा-अर्चना में शामिल प्लांट हेड और उनकी पत्नी।

भुरकुंडा (रामगढ़)। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के बीच सोमवार को बलकुदरा (पतरातू) में ओपी जिन्दल स्कूल के नए भवन की आधारशिला रखी गई। यह कार्यक्रम जेएसपी फाउंडेशन के सौजन्य से धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर यजमान कारखाना प्रमुख आशीष जैन एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता जैन शामिल हुईं। पुरोहित आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी एवं उनके सहयोगियों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। ओपी जिन्दल स्कूल-बालकुदरा (पतरातू) के नए भवन की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि शिक्षा के बगैर किसी समाज या परिवार का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। अशिक्षित समाज से विकसित और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता। श्रीमती जिंदल ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि एक व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। खास तौर पर बेटियों का पढ़ा-लिखा होना जरूरी है तभी महिला सशक्तीकरण के अपने सपने को हम साकार कर पाएंगे और भेदभाव मुक्त समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। शिक्षा से ही समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। जिन्दल स्टील एंड पावर के संस्थापक चेयरमैन ओपी जिन्दल के एक कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ती हैं तो दो-दो परिवार शिक्षित होते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के वयोवृद्ध शिक्षक सह साहित्यकार व पत्रकार नारायण नाथ तिवारी ने कहा कि इस विद्यालय के नए भवन से क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी, जो शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### अबकी बार 400 पार : विधायक अमित कुमार यादव

**बरकट्ठा।** लोकसभा चुनाव को लेकर बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की बैठक बुढ़िया माता मंडप के सामने अवस्थित चुनाव कार्यालय मैरेज हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी सह जमुआ विधायक केदार हाजरा ने मंडल वाइज सभी अध्यक्षो व सक्रिय कार्यकताओं के बीच चुनावी प्रबंधन को लेकर चर्चा किया विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया। संयोजक के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को दायित्व दिया गया। इसके अलावे 20 सदस्यीय कार्यकर्ताओ की टीम बनाई गई। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की उच्चाइयो को छू रहा है। अबकी बार 400 पार करने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए है इस बार पुनः कोडरमा लोकसभा से सांसद अन्नपूर्णा देवी को जीतना तय है इसके लिए सभी लोग बूथ स्तर पर जुट जाएं। बैठक की अध्यक्षता व संचालन टुकलाल नायक ने की वही मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, प्रदेश भाजपा नेत्री कुमकुम देवी, प्रदेश किसान मोर्चा के सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष कोडरमा सुरेश यादव, केदार साव, केदारनाथ यादव कुलदीप पांडेय, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, सुरेंद्र पासवान समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे ।

### जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, एक वृद्ध की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पेलावल में बीती रविवार रात्रि को जमीन विवाद में दो पक्षों में बीच खूनी संघर्ष हो गया जिसमें एक वृद्ध की मौत हो गयी। घटना इब्राहिम मस्जिद के पास की है। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में एक पक्ष की महिला ने बताया कि हमारे जमीन में पानी बहाया जा रहा था। हमारे जमीन में कुछ टमाटर लगा हुआ है। जब हमलोगों ने मना किया तो दूसरे पक्ष के लोग अचानक मेरे घर आये हमला कर दिये। इस अचानक हुए हमले से हमलोग सकपका गये। महिला ने बताया कि मुजाहिद मियां व उसका परिवार ने इस घटना को अंजाम दिया है।

# भाजपा ने की बैठक, लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने की ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के झारखण्ड मैरेज हॉल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने हजारीबाग लोकसभा चुनाव जीत सुनिश्चित करने को लेकर एक दिन एक विधानसभा प्रवास अभियान के तहत बूथ समीक्षा हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित लोगों ने डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वृतचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बतौर मुख्यातिथि रणंजय सिंह उर्फ कुण्टू बाबू यथा संचालन टाटीझरिया प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पति सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा तथा मुख्य अतिथि प्रो खिरोधर साहू की गरिमामयी उपस्थिति में बैठक आरम्भ किया गया। बैठक में तीनो मंडलों के अध्यक्षों समेत, मंच-मोर्चा के पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष की भी उपस्थिति रही। प्रवासी प्रभारियों ने बारी-बारी से शक्तिकेन्द्र के संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्षों से संवाद कर बूथ की समीक्षा की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रणंजय सिंह उर्फ कुण्टू बाबू ने कहा कि जो भाजपा के हो गए उनका हार्दिक अभिनंदन और अगर बूथ मजबूत तो 400 पार का लक्ष्य मुश्किल नहीं। पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने अवगत कराया की 02 अप्रैल 2024 को हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रत्याशी मनीष जयसवाल का विष्णुगढ़ पूर्वी में जनसंपर्क अभियान हेतु आगमन प्रातः 07:45 में होगा अतः तमाम भाजपा कार्यकर्ता समय पर उपस्थित होकर उनका स्वागत करें। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी मंडल प्रभारी रंजीत सिन्हा, सुरेश प्रसाद, जिला मंत्री अरविन्द कुमार पप्पू, माण्डू विधानसभा विस्तारक राजा महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, टाटीझरिया कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पति सिंह, मिथलेश पाठक, भुवनेश्वर पटेल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ

▶▶ शिक्षा समाज को जोड़ने का कार्य करता है : गौरव पटेल


उद्घाटन में शामिल शिक्षाविद।

**बिष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पाँच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ दीपप्रज्वलन कर महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने किया। श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज को जोड़ने का काम करती है, आपसी समरसता लाती है।इस व्याख्यान श्रृंखला में विभिन्न बी एड महाविद्यालयों के विद्वान प्राध्यापकों का व्याख्यान होगा, जो विभिन्न शैक्षिक विषयवस्तु पर अपना विचार प्रस्तुत करेंगें। आज के व्याख्यान श्रृंखला में रामकृष्ण विवेकानंद कॉलेज ऑफ एडुकेशन, बगोदर के प्राध्यापक संजय कुमार सुमन ने ₹भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के विषय पर शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के रचनात्मकता पर बल देने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुङ्क चतुवेर्दी ने कहा की इस व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न एवं सर्वांगीण विकास हो सके। उपस्थित लोगों में प्राध्यापक कुमारी स्वर्णा मिश्रा, बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीति पूनम हेंब्रम, प्रकाश कुमार, नाजरा खातून, आजाद एवं सत्र के सभी प्रशिछू गण उपस्थित थे।

### बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अरविंद, सचिव मनोज सोनी

**बड़कागांव।** बड़कागांव के डेली मार्केट स्थित चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन रामसेवक सोनी ने किया।बैठक में बसंती दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से अरविंद कुमार वर्मा को अध्यक्ष, मनोज सोनी को सचिव व महेश सोनी को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, राजू सोनी, मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, संरक्षक मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामसेवक सोनी, मीडिया प्रभारी संजय सागर, रितेश ठाकुर, पूजा प्रभारी राजू साव, शंभू सोनी, संयोजक मनोज शाहा, सह संयोजक सरोज सोनी, मनोरंजन मंत्री शंभू चौरसिया, सांवरमल अग्रवाल, बृजेश वर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा डेकोरेशन मंत्री रवि सोनी, अर्जुन सोनी, दीपक वर्मा को बनाया गया है। इसके अलावा कई लोगों को उप पद एवं कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है जिसमें प्रदीप वर्मा, गौतम वर्मा, ओम प्रकाश सोनी, बसंत सोनी, रोहित सोनी, कालेश्वर सोनी, सिकंदर सोनी, बालदेव सोनी, जदुबीर सोनी, अरुण सोनी, धीरेन सोनी, रूपेस सोनी के अलावा अन्य लोग शामिल हैं।

### भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय में सोमवार को तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर अस्पताल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डॉ. एके टोप्पो, डॉ. नदीम अनवर सहित अस्पताल परिवार द्वारा सेवानिवृत मजदूर पंचू नाहक व मुन्नी देवी और हेड सुरक्षा गार्ड मो. मोईन को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही अंगवस्त्र और उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर डॉ. एके टोप्पो ने कहा की सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। इस दौरान सहकर्मियों ने भी तीन सेवानिवृत कर्मियो को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वस्थ्य शरीर व सुखद जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। मौके पर मौके पर डॉ. एके टोप्पो, डॉ. नदीम अनवर, डॉ. मसरूर आफताब, डॉ. सुनील कुमार, ललन प्रसाद, योगेंद्र बड़ाईक, शरण जी, जावेद असलम खान, स्नेह लता कुजूर, कन्हैया सिंह, दिवाकर पटेल, रंजन राम, वीणा कुमारी, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र मुंडा, फारूक रजा, शिशिर डांग, रुखसाना, बेबी देवी, रीता राजभर, जनार्दन साव, निर्मल महतो, गणेश साव, शंभु राजभर, चेतन शांडिल, बाबू दास, गीता देवी, चिंता देवी, सविता देवी, मुन्नी कुमारी आदि मौजूद थे।

### पीएम मोदी के गारंटी को गारंटी दें : लोकनाथ महतो

भुरकुंडा (रामगढ़)। ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी के बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित आवास में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का प्रखंड स्तरीय तीनों मंडलो का संयुक्त बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा एवं संचालन भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व विशिष्ट अतिथि लोकसभा के संयोजक टुन्नु गोप आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जोर-शोर व उत्साह के साथ चुनाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लोकनाथ महतो ने कहा की भाजपा अपने उद्देश्य सबका साथ-सबका विकास के तहत कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के प्रति कटिबद्ध है। भाजपा का लक्ष्य है की विकास योजनाओं का धरातल पर उताकर इसका शत प्रतिशत लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करें सभी समस्याओं का समाधान होगा। श्री महतो ने कहा कि अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और पीएम मोदी के गांरटी को गांरटी दें। विशिष्ट अतिथि टुन्नु गोप ने कहा की भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे काम पूरें होंगे। आपसभी चुनाव की तैयारी में अभी से ही तन-मन से जुट जाएं।

## स्पीड न्यूज

### दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 22 से

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में आगामी 22 और 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव अड्डी बंगला रोड स्थित मेसर्स केदारनाथ गोपाल फैक्ट्री में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर हनुमान जन्मोत्सव तदर्थ कमेटी की बैठक श्री अंग्रेसन भवन में आहूत की गई।

### प्रतिनिधियों के साथ डीडीसी ने की बैठक

कोडरमा। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के संचालन को लेकर जिले के निजी व सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालय के प्रतिनिधि एवं कैंपस एंबेसडर के साथ बैठक किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस सप्ताह सभी शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता के लिए जिंगल लांच

कोडरमा। स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान कराना जिला निर्वाचन शाखा कोडरमा पूरी तरह से कटिबद्ध है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिंगल लांच किया गया है। जिंगल के मायम से मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। सदर अस्पताल में हेल्प चेकअप कराने आ रहे लोगों को जिंगल ऑडियो के मायम 20 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

कोडरमा। लोकसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जुबानी जंग के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां भी अपनी-अपनी तैयारी में जुटी हुई हैं।

### गाय, बछड़ा सहित ट्रक जप्त

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में कोडरमा थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे ट्रक सं-बीआर01जीएन/4473 में लदे 15 गाय, 9 बछड़ा को ट्रक सहित जप्त किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड सं-62/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, सअनि रागत सोरेन, नियंत्रण कक्ष व सशस्त्र बल नियंत्रण कक्ष के जवान शामिल थे।

### घर से 30 बोरा ब्लू स्टोन जप्त, एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाइ में पुलिस ने एक घर से तीस बोरा ब्लू स्टोन जप्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक घर में भारी मात्रा में अवैा ब्लू स्टोन जमा किए हुए है। जिसके बाद टीम गठित कर छापामारी किया गया, जहां छापामारी में तीस बोरा ब्लू स्टोन को जप्त कर लोकाई निवासी चेतलाल साव पिता स्व मोहन साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जयपुर से मंगवाई गयी देवी देवताओं की मूर्ति

मरकच्चो (कोडरमा)। नावाडीह पंचायत स्थित गरगडीहा में 11 अप्रैल से आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर जयपुर से देवी देवताओं की मूर्ति मंगवायी गयी है। मूर्ति आने पर ग्रामीणों के द्वारा सोमवार को बरियारडीह चौक पहुंच कर मूर्ति की ढोल गाजे बाजे के साथ सभी मूर्तियों विशेष सजावट के साथ मंदिर तक लाई गई। जयपुर से आई मूर्ति का स्वागत गरगडीहा के भक्त जन बरियारडीह चौक से होते हुए डोंगोडीह, लालूडीह, गुरहा, नावाडीह आदि गांवों का भ्रमण करते हुए गरगडीहा मंदिर पहुंची।

## सिद्धिदात्री मां मथुरासिनी महोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा, लगे जयकारे

# तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित, मां मथुरासिनी की झांकी आकर्षण का केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। तीन दिवसीय सिद्धिदात्री मां मथुरा शनि महोत्सव के मौके पर सोमवार को झुमरीतिलैया शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के गगण भेदी जयकारे से पूरा शहर गूंजयमान हो उठा। वहीं शोभा यात्रा में शामिल भजन मंडलियों की ओर से प्रस्तुत भजन संगीत से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया और लोग श्रद्धा से झूम उठे। शोभा यात्रा माहुरी भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सामान्तो काली मंदिर पहुंची और पुनः शोभा यात्रा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल मां मथुरासिनी की झांकी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। मां मथुरासिनी के रूप में आरिनी भदानी पांच अश्वमेध रथ पर विराजमान थी। वहीं महिला समिति की.. पुष्पों की वर्षा कर रही थी। शोभायात्रा को समाज के वरिष्ठ यदुनंदन लोहानी व रतन भदानी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा का संचालन अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव संजय तर्वे व विशाल भदानी कर रहे थे। शोभा यात्रा में एक सुसज्जित वाहन में मां मथुरासिनी सहित विभिन्न देवी देवताओं की दरबार सजाई गई थी। मौके पर अरुण सेठ, रजत बड़गवे, राकेश कप्सीमें, रितेश लोहानी, साहिल भदानी, राहुल काप्सीमें, शुभम काप्सीमें, आयुषी समेत भवानी समाज के सैकड़ो महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे।

### शीतलाष्टमी की पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर के अड्डी बंगला रोड एवं देवी मंडप रोड स्थित शीतला मंदिर में रोग-विनाश की माता शीतला की पूजा-अर्चना और भोग चढ़ाने के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शीतला मां को शीतल प्रसाद का भोग लगाया और पूजा-अर्चना कर मनते मांगी। वहीं अन्य देवी-देवताओं की पूजा विाि विाान से अलग हटकर शीतल मीठा चावल, बाजरे की रोटी, दाल की पुड़ी, दही की राबड़ी, दही के व्यंजन व जल च्पडी शीतला मां को अर्पित किया।

## एक नजर में

### सरकारी राशि के दुरुपयोग और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले के कान्हाचट्टी के ग्रामीणों ने सरकारी राशि के दुरुपयोग और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विकास के नाम पर आवंटित राशि का केवल 30 प्रतिशत ही काम में आता है और बाकी 70 प्रतिशत राशि विभाग और संवेदक मिलकर हड़प लेते हैं। कान्हाचट्टी प्रखंड में जिला डीएमएफटी की राशि से बनी पीसीसी सड़क डेढ़ महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक ने सड़क में दो जगह पुलिया बनाई है, लेकिन दोनों जगह ऐसी जगह पर बनाई गई हैं जहाँ पानी जाने का कोई साधन नहीं है। एक पुलिया का एप्रोच उखड़ रहा है और पुलिया के किनारे लगभग दो से ढाई फीट का गड्ढा भी बन गया है। ग्रामीणों ने आरईओ विभाग से कराए गए अन्य कार्यों की भी जाँच की माँग की है और कहा है कि यदि जाँच हुई तो डीएमएफटी योजना में बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आएगा।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

सतगावां (कोडरमा)। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश के आलोक में थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार में महुआ शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कोठियार जंगल में करीब 25 सौ किलो ग्राम जावा महुआ को स्थल पर ही विनिष्ट कर दिया गया। वहीं 110 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। प्रखंड में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध महुआ शराब के विरुद्ध थाना प्रभारी के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिससे अवैध महुआ शराब कारोबारी में दहशत है। छापेमारी अभियान के तहत बीते रविवार को भी अवैध महुआ शराब के विरुद्ध प्रखंड के राजाबर में शराब कारोबारी रामस्वरूप यादव के घर पर छापेमारी की गई, इस दौरान पुलिस ने 15 सौ किलो ग्राम जावा महुआ को विनिष्ट किया तथा शराब कारोबारी के घर से करीब 60 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हवलदार रामदेव यादव, पुलिस जवान भूषण सिंह, अशोक कुमार के आलावे स्थानीय चौकीदार शामिल थे।

### अवैध पशु लदा पिकअप जप्त, दो गिरफ्तार

मरकच्चो (कोडरमा)। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात पशु से लदा एक पिकअप वैन को पकड़कर जब्त किया गया। इस संबघ में थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया गया।

## द विजन पब्लिक स्कूल ने अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। द विजन पब्लिक स्कूल ने अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से शुरू होकर रात 11:00 बजे तक चला। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सरिता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसमें नन्हे मुन्हे बच्चों की प्रस्तुति लूंगी डांस ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने कहा कि यह विद्यालय पूरे प्रखंड में शिक्षा की एक नई परिभाषा लिख रहा है। पूर्व डीएसपी केदार राम और चतरा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि शिक्षा से ही सारे सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। विद्यालय के संचालक श्री नीरज सिन्हा ने कहा कि अभिभावकों ने जो भरोसा और विश्वास का यह मजबूत रिश्ता कायम किया है, उसके लिए वे आभारी हैं और वे एक खूबसूरत भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा खुशी राज ने मंच संचालन किया, जिसकी सार्थकता पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि यह बच्ची अपने भविष्य में जरूर एक बेहतर मुकाम हासिल करेगी।

### महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। झारखंड राज्य आजीविका संसाधन परियोजना (जेएसएलपीएस) से जुड़ी महिलाओं ने गिद्धौर प्रखंड के सलगा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम संगठन की अध्यक्ष तुना देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए शपथ ली कि वे देश की लोकतंत्रता को बनाए रखेंगी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करेंगी, लोकतंत्र की गरिमा को बचाए रखेंगी और धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय या किसी भी प्रलोभन के बिना अपना मतदान करेंगी। इस अवसर पर प्रतिमा देवी, गायत्री देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, पुष्पा कुमारी, उषा देवी, सुशीला देवी, रेखा देवी और दर्जनों अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का हुआ भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। मयूरहंड में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का भव्य स्वागत किया गया। मयूरहंड चौक पर ग्राम जोशी के साथ लोगों ने उनका स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की।

कालीचरण सिंह को माला पहनाकर, टीका लगाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों से मुलाकात की और भाजपा के पक्ष में वोट मांगा। कालीचरण सिंह ने कहा कि उन्हें सभी वर्ग के लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है और वह जनता की आवाज बनकर छोटे-बड़े समस्याओं का निदान करेंगे। उन्होंने चतरा के मूलभूत समस्याओं से संबंधित सारे कामों को पूरा करने का प्रयास करने का वादा किया। उन्होंने ने कहा कि पार्टी का मार्गदर्शन और लोगों के सहयोग से विकास की राह दिखेगी।

## कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के विरोध में निकाला विरोध जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। कांग्रेस कमेटी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से फ्रीज करने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने जुलूस का नेतृत्व किया और भाजपा पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का इस्तेमाल कर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी संस्थाओं को अपनी कठपुतली बना रही है। मशाल जुलूस में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोतीलाल पासवान, पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान, जिला महासचिव राजवीर पप्पू, राजा मोहम्मद इकबाल, जितेंद्र सिंह, कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा, नगर अध्यक्ष संतोष केसरी, युवा कांग्रेस के अरुण यादव, प्रखंड अध्यक्ष रकीबुल इमाम, महावीर डांगी, लक्ष्मी साहब, रवि गुप्ता, महेंद्र साहब, हर्षित चित्रांश, सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष गौतम कुमार साह, मोहम्मद सरमद, अर्जुन साह, विनोद कुमार साह, कमलेश प्रजापति सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### मंडल कार्यसमिति के साथ एक दिवसीय संगठनात्मक बैठक

## भाजपा प्रत्याशी को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता




चतरा। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सिमरिया विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों की टोली और मंडल कार्यसमिति के साथ एक दिवसीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। बैठक की अध्यक्षता और संचालन डॉ मृत्युंजय सिंह ने किया। सिमरिया विधानसभा संयोजक के रूप में सिमरिया के लोकप्रिय नेता और विधायक किशुन दास शामिल रहे। चतरा लोकसभा के सह संयोजक और कार्यक्रम के प्रभारी अशोक कुमार शर्मा और चतरा लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी काली चरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वह चतरा के बेटे हैं और लोगों की समस्याओं को अपना मानकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पहले भी दुख-सुख में लोगों के साथ रहे हैं और अगर उन्हें सबका आशीर्वाद मिलता है तो वह चतरा की आवाज को लोकसभा में बुलंद करेंगे। बैठक में पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, भोला साहू, उज्ज्वल दास, बिनेश्वरी यादव, अरविंद सिंह, अमित चौबे, कामेश्वर पांडेय, उपेंद्र सिंह, वसंत नारायणन, अक्षवट पांडेय, नंदकिशोर तिवारी, ईश्वर दयाल पांडेय, संजय सिंह, मोर्चा के जिला अध्यक्ष गण, सिमरिया विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष गण, बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र के संयोजक और सह संयोजक मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दस प्रतिशत मतदान अधिक कराकर प्रत्याशी काली चरण सिंह को पाँच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का लक्ष्य रखा गया।

### भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के बारिसाखी पंचायत के भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह से उनके आवास चतरा में मुलाकात की और पंचायत तथा गिद्धौर प्रखंड की कई समस्याओं से अवगत कराया। भाजपा प्रत्याशी ने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें समर्थन मिलता है तो वे प्रखंड की समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास करेंगे।बैठक में भाजपा ओबीसी प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी, ब्रह्मदेव दांगी, शिव शंकर साहू, आदित्य भारती और प्रकाश प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सुनील कश्यप व सचिव बने जितेंद्र तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। चतरा प्रेस क्लब के 2024 के चुनाव रविवार को जतराहीबाग स्थित होटल सेलीब्रेशन इन में संपन्न हुए। सुबह आठ बजे से शुरू हुआ मतदान दोपहर तीन बजे तक चला, जिसमें 156 में से 153 पत्रकारों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना चार बजे से शुरू हुई और देर शाम तक चली, जिसके परिणामस्वरूप सुनील कश्यप अध्यक्ष, जितेंद्र तिवारी सचिव, धर्मेंद्र गुप्ता संयुक्त सचिव और घनश्याम कुमार उर्फ बंटी कोषाध्यक्ष चुने गए। अजीत कुमार सिन्हा निर्विरोध उपाध्यक्ष बने। इसके अलावा, अजय कुमार, शैलेश कुमार, रणधीर सिंह, अजीत कुमार पांडेय, कुलदीप राम, संतोष केशरी, जितेंद्र कुमार, नवीन कुमार पांडेय, अमित कुमार सिंह और श्रीकांत राणा कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को उपस्थित पत्रकारों ने माला पहनाकर और अबीर लगाकर बधाई दी। निवार्ची पदाधिकारी प्रवीण रस्तोगी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंद्रेश शर्मा, जफर परवेज और संतोष कुमार सिंह ने चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्वाचित पदाधिकारियों ने पत्रकारों के हित में काम करने, सभी को साथ लेकर चलने और पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करने का संकल्प लिया। निर्वाचित अध्यक्ष सुनील कश्यप ने पत्रकारों के परिजनों का बीमा कराने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। खबर मन्त्र ब्यूरो प्रमुख पंकज सिंह, दीनबंधु, धर्मेंद्र पाठक, नौशाद आलम, जुलकर नैन, मो. तसलीम, रवि कुमार, शंभु साहु, मामून रशीद, शिव कुमार सिंह, विनय सिन्हा, वरूण सिंह सहित कई लोगों ने निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी।

### तीन बच्चियों को सिलाई सीखने के लिए रांची आईडी टेक सॉल्यूशन भेजा गया




खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र से तीन बच्चियों को सिलाई सीखने के लिए रांची आईडी टेक सॉल्यूशन भेजा गया है। यह कार्य जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रशासनिक सहायक अमरजीत सिन्हा के नेतृत्व में भेजा गया है। बच्चियों में पेक्सा गांव से कुमकुम कुमारी, मायाडीह से कंचन कुमारी और बरियातू से गीता कुमारी शामिल हैं। जेएसएलपीएस से उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति, सीसी सरदार जितेंद्र सिंह, रंजीत कुमार यादव, निशांत कुमार और कुमकुम देवी ने बच्चियों के माता को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नयी स्क्वैश फैसिलिटी का उद्घाटन

- टाटा स्टील के सीईओ और एमडी ने नयी सुविधा की लोकार्पित
- खेल इंफ्रास्ट्रक्टर में एक नया खेल छात्रावास भी शामिल किया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने खेल को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक नई स्क्वैश फैसिलिटी का उद्घाटन किया। नई फैसिलिटी, जो कि जमशेदपुर में अपनी तरह की पहली सुविधा है, समुदाय के आम लोगों को पहुंच प्रदान करेगी। अब तक, दो निजी क्लबों, बेल्डीह और गोलमुरी में लगभग 30 खिलाड़ियों के लिए स्क्वैश कोर्ट हैं। नये स्क्वैश कोर्ट को वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन (डब्ल्यूएसएफ) के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सिंगल स्क्वैश कोर्ट डिजाइन मापदंडों और दिशानिर्देशों के आधार पर डिजाइन किया गया है, जिसमें कोर्ट का आकार 6.4 मीटर गुणा 9.75 मीटर, कोर्ट की स्पष्ट ऊंचाई 5.65 मीटर और रोशनी का स्तर 1000 एलयूएक्स है। सीईओ और प्रबंध निदेशक ने जोर देकर कहा कि टाटा स्टील खेल उत्कृष्टता के स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस क्षेत्र में अपने योगदान पर बहुत गर्व महसूस करती है। मुझे उम्मीद है कि नयी सुविधा कंपनी की विरासत को मजबूत करेगी और उभरती प्रतिभाओं को पोषित करने और समुदाय में खेल के प्रति उत्साह को पुनर्जीवित करने में सहायक साबित होगी। स्क्वैश कोर्ट की तकनीकी विशिष्टताओं में इम्पोर्टेड हार्ड मेपल वुड से बने बायो-कुश वुडेन स्पोर्ट्स फ़्लोरिंग सिस्टम की स्थापना, वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन द्वारा प्रमाणित बाउंसवेल / रिबाउंड हार्ड प्लास्टर सिस्टम और डब्ल्यूएसएफ आवश्यकताओं को पूरा करने वाला एक फ्री-स्टैंडिंग क्लियर टफ ग्लास बैक वॉल सिस्टम शामिल है।


नई स्क्वैश सुविधा का उद्घाटन करते टीवी नरेंद्रन, बगल में महासचिव सतीश सिंह, अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, दायीं ओर वीपी चाणक्य चौधरी, वीपी एचआरएम अत्रेई सन्याल, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश, मुकुल विनायक चौधरी व उज्जवल कुमार।

अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्क्वैश सुविधा का लाभ उठाने के लिए शुरुआती तीन महीनों के लिए एक विशेष प्रारंभिक पेशकश की जा रही है। प्रस्तावित सदस्यता शुल्क नीचे उल्लिखित हैं :

| क्रम संख्या | सदस्यता शुल्क | दर/मासिक | दर / त्रैमासिक | दर / अर्धवार्षिक | दर/वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अर्ली बर्ड ऑफर (पहले तीन महीने) | 400/- | 1100/- | 2000/- | 3600/- |
| 2 | मानक दर | 500/- | 1400/- | 2700/- | 4800/- |

**नया खेल छात्रावास :** सीईओ और एमडी जेआरडी टाटा स्पॉट्स कॉम्प्लेक्स में एक नए स्पोर्ट्स हॉस्टल के भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि भी थे। मौजूदा स्पोर्ट्स हॉस्टल में टाटा तीरंदाजी अकादमी (टीएए) और टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी (टीएसएएफएससीए) के 32 प्रशिक्षु कैडेट और एथलीट रहते हैं। निवासी विभिन्न आयु वर्ग और लिंग के हैं। इस विस्तारीकरण से क्षमता 32 से बढ़कर 66 हो जायेगी और लड़कों और लड़कियों तथा नाबालिग और वयस्क कैडेटों के लिए अलग-अलग विंग बनाने की सुविधा मिलेगी। नया छात्रावास एथलेटिक्स और फुटबॉल के प्रशिक्षुओं और एथलीटों को भी समायोजित करेगा।

टाटा स्टील के 18 स्थापित स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर अपनी विश्व स्तरीय सुविधाओं और शीर्ष स्तर के कोचिंग स्टाफ के लिए प्रसिद्ध हैं, जो कई एथलीटों के करियर को आकार देने और देश में खेलों के समग्र विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उद्घाटित नया स्क्वैश कोर्ट 19 वीं प्रशिक्षण सुविधा होगी और यह जमशेदपुर के लोगों को दी जाने वाली खेल सुविधाओं में एक बहुमूल्य जुड़ाव है, जो सभी खेल प्रेमियों को खेल का सर्वश्रेष्ठ माहौल प्रदान करेगा।

**कौन-कौन खेल है शामिल**

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, गोल्फ, हैंडबॉल, घुड़सवारी, कबड्डी, कराटे, रोल बॉल और स्केटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस और वॉलीबॉल के प्रशिक्षण केंद्र हैं। अन्य सुविधाओं में योग केंद्र, जुम्बा, स्टीलिम जिम, बॉडीलाइन जिम, पावर-प्लस जिम, वॉकिंग ट्रैक आदि शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### साईं देवस्थानम् में 9 से 17 तक नवरात्रि महोत्सव

**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संसथान , जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा में 9 से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्री महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मां की आराधना श्री शिवालय स्थित मातारानी की प्रतिष्ठित मंदिर में की जायेगी। नौ दिवसीय कार्यक्रम में पूजन, भजन, हवन, महाआरती एवं प्रसाद जैसे विभिन्न अनुष्ठान होंगे। 9 अप्रैल प्रात :7 बजे कलश स्थापन पूजन अनुष्ठान प्रारंभ किया जायेगा। तत्पश्चात प्रत्येक दिन का पूजा सुबह 7 बजे, पुष्पांजलि सुबह 8.45 बजे , मंगल आरती सुबह 9 बजे एवं संध्या आरती रात्रि 7 बजे होगी।

### आज साकची बंगाल क्लब में सजेगा माता का दरबार

**जमशेदपुर।** साकची बंगाल क्लब में मंगलवार 02 अप्रैल को श्री जीण माता का भव्य 18वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पुरी की ली गयी है। इसका आयोजन श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा किया गया हैं। क्लब के एसी हॉल में दोपहर 03 बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या साढ़े आठ (08.30) बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। इससे पहले दोपहर 2 बजे से जीण माता की पूजा और अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित होगी।

### रिश्ता देखने जा रही मामी की सड़क हादसे में मौत



**चांडिल।** सोमवार को चौका थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर दिरलोंग के पास एक बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को पिछे से टक्कर मार दिया। जिससे एक महिला अंबिका उरांव 35 वर्ष की मौत हो गयी। बाइक सवार ईंचागढ के बुधालोंग निवासी मृत्युंजय उरांव अपने पत्नी अंबिका उरांव के साथ बाइक पर अपनी भगनी का रिश्ता देखने बुंडू जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर तेज रफ्तार से आ रहे दिरलोंग निवासी सुकुमार सिंह मुंडा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।

### अधिवेशन में झारखंड को मिले 61 पुरस्कार

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रदेश को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 61 पुरस्कार मिले। पारसनाथ के विशाल गुणायान सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस अधिवेशन में झारखंड प्रांत की अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल (काशीडीह निवासी) को स्वर्गीय सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश को कतरास में दिव्यांगों के लिए खोले गये एक दुकान, उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष, अधिवेशन, स्वागतध्यक्ष, एक भागवत ऐसी भी उत्कृष्ट धार्मिक अनुष्ठान, अधिवेशन में सर्वाधिक सहयोग तथा सर्वाधिक उपस्थिति हेतु पुरस्कार मिला।

### टेल्को क्लब के साथ स्विमिंग क्लब शुरू

**जमशेदपुर।** गुलमोहर हाई स्कूल को यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि उसने टेल्को क्लब के सहयोग से अपने स्विमिंग क्लब का उद्घाटन किया है। 1 अप्रैल 2024 को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश सारंगी, महाप्रबंधक- केंद्रीय रखरखाव और प्रबंध समिति के अन्य गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों और छात्रों के अभिभावकों का स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत माननीय मुख्य अतिथि, प्रिंसिपल मैडम, वाइस प्रिंसिपल मैडम, अभिभावकों और छात्रों सहित सभी उपस्थित लोगों को हार्दिक बधाई के साथ हुई। राकेश सारंगी को गुलमोहर हाई स्कूल के छात्रों के लिए स्विमिंग क्लब की संकल्पना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। स्विमिंग क्लब का आधिकारिक उद्घाटन राकेश सारंगी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के नेतृत्व में रिबन काटकर किया गया। इसके बाद, कक्षा 6 बी की सिमरन ने स्विमिंग क्लब का हिस्सा बनने के बारे में अपने उत्साह और भावनाओं को साझा किया, जो छात्रों के बीच उत्साह को दर्शाता है।

डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा जांच अभियान

# भारी मात्रा में शराब और 10 लाख रुपये से ज्यादा नगद भी बरामद

- चेकनाकों पर वाहनों की सघन जांच के अलावा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध हुई कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से संपादित कराने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों एवं चेकनाकाओं में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध जांच एवं सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। दोनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी एवं सीओ द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध जांच में बड़ी सफलता हाथ लगी।



जब्त शराब के साथ अधिकारीगण और पटमदा के एक चेक नाके का निरीक्षण करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग।

एसडीओ घाटशिला के नेतृत्व में बहरागोड़ा में चलाये गए छापेमारी अभियान में 123 लीटर शराब बरामद हुआ जिसका बाजार मूल्य करीब 90 हजार रू. है। अंचल अधिकारी पटमदा एवं कमलपुर थाना प्रभारी ने छापेमारी कर पटमदा अंचल के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कश्मार पंचायत के ग्राम गोलकाटा में अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त कराया। वहीं बीडीओ सह सीओ गुड़ाबांदा ने थाना प्रभारी के साथ छापेमारी अभियान चलाते हुए गुड़ा ग्राम से अवैध महुआ शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त कराया।

घाटशिला एसडीओ द्वारा की गई एक अन्य कार्रवाई में धालभूमगढ़ प्रखंड में सरकारी शराब दुकान के आड़ में नकली शराब का टैग, राशि का टैग, लेवल, सील स्टिकर, 857 से ज्यादा खाली बोतलें, ढक्कन, 14.5 ली. स्प्रीट, 31 रम बोतल के साथ साथ 461200=00( चार लाख इकसठ हजार दो सौ रुपये ) बरामद किया गया। वहीं वाहन जांच के क्रम में कमलपुर थाना, पटमदा प्रखण्ड स्थित चेकनाका पर एक वाहन से 5 लाख 51 हजार रुपये बरामद किया गया। इस मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## एसएसपी ने पटमदा, बोड़ाम में चेक नाकों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव- 2024 संपन्न कराने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस उपाधीक्षक पटमदा के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत पटमदा, बोड़ाम, कमलपुर के क्लस्टर एवं बूथो का निरीक्षण किया गया साथ ही साथ कमलपुर थाना स्थित अंतर्राज्यीय चेक नाका का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त कर्मियों को वाहन जांच के दौरान मादक पदार्थ, नकदी एवं अवैध शराब आदि सामानों की गहनता से जांच करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन से 5.55 लाख रुपए नकद की जब्ती भी की गयी।

## बहुत तंग करती थी पत्नी ज्योति इसलिए उसे मैंने मरवा दिया...

- ज्योति हत्याकांड का सरायकेला पुलिस ने किया खुलासा
- पति रवि अग्रवाल समेत चार गिरफ्तार, असलहा बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आखिर वहीं सच सामने आया जिसकी आशंका परिजनों ने व्यक्त की थी। सोनारी आस्था हाई टेक सिटी निवासी रवि अग्रवाल और उसकी पत्नी ज्योति के बीच कई वर्षों से चल रही किच-किच ने आखिर एक व्यापारी को अपराधी बना दिया। कांदरबेड़ा के मिनी पंजाब ढाबा से खाना खा कर लौट रहा रवि अग्रवाल और दो बच्चों की मौजूदगी में हत्यारों ने ज्योति की गोली मार कर हत्या कर दी थी। 48 घंटे के भीतर सरायकेला पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया और हत्या के लिए शूटरो को सुपारी देने के आरोप में रवि अग्रवाल और उसकी निशानदेही पर तीन अपराधियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी प्रवीण टोप्पो ने आज पत्रकारों के सामने हत्याकांड में गिरफ्तार रवि अग्रवाल और तीन अन्य अपराधियों को पेश किया।


गिरफ्तार अभियुक्त रवि अग्रवाल व अपराधियों को प्रेस के सामने पेश करते एसपी प्रवीण टोप्पो।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के छठे स्थापना दिवस पर 55 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने 1अप्रैल 2024 को अपना छठवा स्थापना दिवस मनाया कइस अवसर पर सिंहभूम क्षेत्रीय कार्यालय में सुबह 9:30 बजे से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारे तथा प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, जमशेदपुर ब्लड सेंटर के कोऑर्डिनेटर अरिजीत सरकार के नेतृत्व में 12 सदस्यों की मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बैंक के स्टाफ तथा ग्राहकों ने 55 यूनिट ब्लड डोनेट किये। शिविर का उद्देश्य कई लोगों की जिंदगियां बचाने वालों को धन्यवाद देना, साथ ही ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना भी है। 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। बैंक के महीने भर चलने वाले स्थापना दिवस माह में ग्राहक सम्मान करना, स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण करना, में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत करना है।

## कदमा में तेंदुआ की कोई निशानी नहीं,वायरल विडियो फेक : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहरी क्षेत्र अन्तर्गत कदमा एवं सोनारी क्षेत्र में तेन्दुआ की मौजूदगी से जुड़ा फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। पिछले दो दिनों में वन विभाग के विशेषज्ञों की टीम एवं भारतीय वन्य संस्थान के विशेषज्ञों ने जांचोंपरांत पाया कि यहां तेंदुआ की मौजूदगी के कोई निशान नहीं हैं। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर वायरल किये जा रहे फेक वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। डीसी अनन्य मित्तल ने बताया है कि आम जनता अपने दिनचर्या से संबंधित कार्यों का निष्पादन सुचारू रूप से कर सकते हैं। किसी भी जंगली जानवर को देखे जाने की स्थिति में या किसी प्रकार की सूचना के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से सचेत एवं सतर्क है। जिला प्रशासन ने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर निम्न मोबाईल नंम्बर पर संपर्क कर जानकारी साझा कर सकते है :- 89877 90334 - वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर, 97712 83269- वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, मानगो वन प्रक्षेत्र।

## सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

- 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई
- जागरूक बनें और चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने बताया कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।



डीसी अनन्य मित्तल।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है :** सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के आंख, नाक और कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें।

**शिकायत का निष्पादन कैसे होता है :** शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन की शिकायत की जा सकती है।

## एक नजर में

### गम्हरिया में चौरसिया परिवार का होली मिलन




**गम्हरिया।** चौरसिया परिवार गम्हरिया ने साई आंचल के कम्युनिटी हाल में होली मिलन समारोह किया। अध्यक्षता कैलाश चौरसिया ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि समाज के जमशेदपुर चौरसिया परिवार के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद थे। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी केएन देव, कमलेश प्रसाद और सुभाष प्रसाद को सम्मानित किया गया। समाज के सहयोग से गरभु बाबा मंदिर निर्माण कराने पर चर्चा हुई। मौके पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर सभी ने बधाई दी। अंत में सभी ने पारंपरिक भोजन का लुत्फ उठाया। मौके पर चौरसिया परिवार गम्हरिया के उपाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, महामंत्री मदन मोदी, कोषाध्यक्ष राम विलास प्रसाद, दिनेश प्रसाद, कुमोद प्रसाद, भवेश चौरसिया, महिला सदस्य साधना चौरसिया, सुषमा देवी व काफी संख्या में समाज के लोग थे।

### चुनाव में निष्पक्ष पत्रकारिता जरूरी : प्रो दीपक



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने चुनावी माहौल के मद्देनजर एक कार्यक्रम किया, जिसके लिए देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के असिस्टेंट प्रो डॉ दीपक कुमार को आमंत्रित किया गया। भारतीय परंपरा को निभाते हुए डॉ दीपक का स्वागत विवि के कुलपति डॉ एस एन सिंह ने पौधा भेंट कर व अंगवस्त्र देकर किया। डॉ दीपक ने समझाया कि चुनाव के दौरान किस तरीके से एक पत्रकार चौथे स्तंभ की ताकत को दर्शाता है और निष्पक्ष पत्रकारिता करता है। पत्रकारो की जिम्मेदारी ऐसे समय मे बहुत बढ़ जाती है। विद्यार्थी के चुनावी रिपोर्टिंग से जुड़े सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये और उनको बेबाक होकर रिपोर्टिंग करने के गुर भी बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के विभागाध्यक्ष नर्मदेश चंद्र पाठक और सहायक प्राध्यापक ट्विंकल गुप्ता ने पूरा सहयोग किया। मौके पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चिन्मया में नर्सरी के अभिभावकों का परिचय सत्र



**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में नर्सरी के नये सत्र की शुरूआत हेतु विद्यालय परिसर में सोमवार अप्रैल 2024 को कक्षा नर्सरी के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन मीटिंग की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण तथा विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्या ने अभिभावकों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने विद्यालय के विजन- मिशन, पाठ्यक्रम, नियमों, विभिन्न क्रियाकलापों और विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। प्राचार्या ने नई शिक्षा नीति का समर्थन करते हुए पठन-पाठन में चिन्मय दृष्टि कार्यक्रम के माध्यम से उसके अनुप्रयोग पर बल देने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि उनके बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व वैयक्तिक के साथ संपूर्ण विकास में विद्यालय की भूमिका अहम होगी, जिससे वे अपने समाज, देश व विश्व के उत्थान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने में समर्थ होंगे।

### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक कालिंदी



**पटमदा।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को पटमदा प्रखंड के कई गांवों में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक ने सबसे पहले पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत के केंदडीह में महिला समूह द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। इसके बाद गेंगाड़ा व आगुईडांगरा गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मंदिर में नमन करते हुए खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक ने बांगुड़दा गांव में आयोजित साधु महोत्सव में भी शामिल हुए। कहा कि हरिनाम संकीर्तन श्रवण से मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि हरिनाम का आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है और गांव में सुख समृद्धि के साथ साथ खुशहाली बनी रहती हैं। इस दौरान उन्होंने प्रसाद भी ग्रहण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो व अन्य कई लोग थे।

### जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ का होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** कोल्हान के वस्त्र विक्रेताओं के प्रतिनिधि संगठन जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ का होली मिलन समारोह आज जुगसलाई स्थित राजस्थान शिव मंदिर में संपन्न हुआ। समारोह में व्यापारियों ने गीत, नृत्य एवं सहभोज का आनंद लिया एवं एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल मोदी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। होली को व्यापारी वर्ग महोत्सव की तरह मनाते है। वस्त्र विक्रेताओं के लिए होली का विशेष महत्व है। क्योंकि होली रंगों से जुड़ा त्योहार है और वस्त्र व्यापार में रंग व्यापार की विविधता को प्रासंगिक बनाते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में व्यापारियों को संवाद समन्वय एवं सृजन के साथ आगे बढ़ना है तभी संगठन की उन्नति होगी। उन्होंने होली की शुभ कामना दी।


## स्पीड न्यूज

### देसी कट्टा के साथ चार गिरफ्तार



**विश्रामपुर पलामू।** थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार सघन वाहन जांच अभियान चला रही है। इस दौरान इटको मार्ग स्थित छिपादोहर पुल के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला। इसी क्रम में यामाहा बाइक सवार कुछ युवक जा रहे थे। जिनकी तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा बरामद हुआ। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान शुभम कुमार पिता विनय मेहता ग्राम करसो थाना चैनपुर, कमलेश चंद्रवंशी पिता सुरेश चंद्रवंशी ग्राम चेतना जिला गढ़वा, पीयूष राज पिता संजय कुमार ग्राम पीरौ भोजपुर बिहार व गोल्डी कुमार पिता संतोष प्रसाद गुप्ता ग्राम सोनपुरवा गढ़वा को गिरफ्तार किया गया।

### उंटारी पुलिस ने किया जावा महुआ नष्ट



**उंटारी रोड पलामू।** एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर उंटारी रोड थाना क्षेत्र में सोमवार को लाहरबंजारी में उंटारी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर अवैध देशी शराब निर्माण एवं बिक्री को लेकर रखे गये करीब 50 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि अवैध महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। शराब के अवैध कारोबारियों को छोड़ा नहीं जायेगा।

### मास्टर ट्रेनर को मिला तैयारी प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश पर मतदानकर्मियों को दूसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी के लिए समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में एक सौ पांच मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया। यही मास्टर ट्रेनर सभी मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। सदर एलआरडीसी प्यारे लाल ने कहा कि प्रशिक्षण से सभी ट्रेनर आश्वस्त हो लें कि उन्हें किसी बिंदु पर शंका नहीं है। इसे गंभीरता से लें। वहीं छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने कहा कि प्रशिक्षक मतदानकर्मियों को त्रुटि रहित प्रशिक्षण देने की महती भूमिका निभायेंगे। मौके पर जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया।

### कुआं से बालू निकलवाने का आग्रह



**मेदिनीनगर।** शहर के कंदाखाड़ से दो दिनों तक पानी सप्लाई बंद रही। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता परशुराम ओझा वहां जाकर पानी सप्लाई नहीं होने का कारण जाना। उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ से वार्ता की। कहा कि कंदाखाड़ का पानी सप्लाई दो दिनों से बंद है। इसका कारण एक फेज लाइन नहीं होना है। उनके कहने पर एसडीओ दूसरे दिन सुबह आठ बजे मिस्त्री को कंदाखाड़ भेजा गया। बिजली गड़बड़ी ठीक कर दी गयी है। श्री ओझा ने नगर आयुक्त से आग्रह किया है कि गर्मी को देख कुआं से बालू निकलवाने का आदेश करें।

### ऑक्सफोर्ड में नये सत्र का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। प्रार्थना सभा में इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद शिक्षकवृंद, छात्रगण एवं प्राचार्य ने मां शारदा की प्रार्थना की। शिक्षिका तनुश्री ने बच्चों को संबोधित किया। शिक्षिका समूह व प्राचार्य ने पौधारोपण कर स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि अनुशासित जीवन वैदिक काल से ही समाज का मूलाधार रहा है। विद्यालय के चेयरमैन, ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता नये सत्र की शुभकामनाओं का वाचन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### यहां शहरों जैसी सुविधा देना बड़ी बात



**पाटन पलामू।** कुड़वा मोड़ स्थित आरपीएम मैरेज हॉल में होली किड्स पब्लिक स्कूल कुड़वा ने 10वां वार्षिकोत्सव सह वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम किया। जहां अभिभावक और छात्र मौजूद थे। स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में होली किड्स स्कूल खोलकर गरीब, असहाय एवं अशिक्षित लोगों को शिक्षित बनाने का मुहिम सराहनीय है। शहर जैसी शिक्षा गांवों के स्कूल में मिलना बड़ी बात है। मौके पर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, दिव्यांशु गुप्ता सचिव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, निदेशक बबलू गुप्ता, नीलम गुप्ता प्राचार्य, शिक्षक किशोर उपाध्याय, अमरनाथ तिवारी, रंजन रवि, नीलम देवी, मालती देवी, रानी व अन्य मौजूद थे।

### सभी तंत्रों में श्रेष्ठ है लोकतंत्र



**मेदिनीनगर।** देश दुनिया में जिन तंत्रों से सत्ता का संचालन होता है उनमें लोकतंत्र सर्वश्रेष्ठ है। हमारा देश संसदीय प्रणाली से संचालित होता है जो लोकतंत्र पर आधारित है। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि हमारे देश में लोकतंत्र नहीं है। हमारे देश के लोकतंत्र में कुछ खामियां घुस गयी हैं। विडंबना है कि 75 वर्षों में हम आम अवाम के बीच लोकतंत्र को परिभाषित नहीं कर सके। इस गलती को हमें स्वीकारना चाहिए। लोकतंत्र को परिभाषित करना और लोगों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेवारी थी। उक्त बातें शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता सह कांग्रेस के शिक्षा विभाग झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने कही।

# पांकी हरैया के कईलू हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, दो धराये

■ ओझा गुणी के कारण किया गया जानलेवा हमला : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के हरैया निवासी कईलू साव पिता बिफन साव के घर में घुस अज्ञात अपराधकर्मियों ने 28 मार्च की रात्रि में गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पांकी थाना में अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में कांड उद्भेदन के लिए टीम का गठन किया गया। इस संबंध में एसपी श्रीमती रमेसन ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर जख्मी कईलू साव के पड़ोसी नान्हु मोची पिता बिहारी साव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। उसने घटना में अपनी संलिप्तता जाहिर करते हुए बताया कि महेश्वरी साव व उसकी पत्नी सुषमा देवी द्वारा षडयंत्र कर हत्या करने के इरादे से उस पर हमला किया गया।



**खास बातें :** गिरफ्तार नान्हु मोची ने पुलिस को बताया कि मेरा एकलौता पुत्र पर कईलू साव द्वारा ओझा गुणी कर बेटे को कपकपी का बीमारी करवा दिया गया। जिसका ईलाज विभिन्न चिकित्सकों से कराया गया लेकिन ठीक नहीं हुआ। वहीं गिरफ्तार सुषमा देवी ने घटना में अपनी संलिप्तता व्यक्त करते हुए पुलिस को बताया कि वर्षों पूर्व मेरे भैसूर की मृत्यु कईलु साव द्वारा ओझा गुणी करने के कारण हो गई थी। जबकि कुछ वर्ष पूर्व मेरी बेटी के साथ कईलू साव का भतीजा छेड़खानी किया था इस मामले में वह जेल गया था। जिसे कईलू साव ने भतीजा को जेल से बाहर निकलवा लिया। वहीं कईलू साव द्वारा मेरे पति राजदेव साव पर भी ओझा गुणी किया गया जिस कारण वे बराबर बीमार रहते थे।



एसपी ने बताया कि कईलू साव पर हमला अंध विश्वास में किया गया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शेष अन्य लोगों की गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

# खाता फ्रीज के नाम पर गुमराह कर रही कांग्रेस पार्टी : भानु प्रताप शाही

■ भाजपा की विधानसभा बूथ स्तरीय बैठक में कार्यकताओं ने भरी हुंकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** खाता फ्रिज और इनकम टैक्स चोरी में फंसी कांग्रेस पार्टी देश वासियों को गुमराह कर रही हैं। वह पीएम मोदी के कार्यों को नकार नहीं सकती। उक्त बातें भावनाथपुर विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आज देश के कई विपक्षी भ्रष्टाचार में जेल जा रहे हैं। न्यायालय से भी फटकार मिल रहा है तो वे कांग्रेस के साथ मिल कर जनता को गुमराह करने में लगे हैं। कहा कि देश वासियों को यह जानना जरूरी है।





**खास बातें :** कांग्रेस पार्टी की खाता फ्रिज नहीं हुई है बल्कि वह पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज पेश करने में नाकाम रही है और इनकम टैक्स की कुल 105 करोड़ नहीं भर पायी थी। जिसका ब्याज 135 करोड़ तक चला गया है। वह ऑल इंडिया कांग्रेस की कई अवैध पैन भी जारी कर जनता मोटी रकम को वर्षो से हेरा फेरी करते आयी है। झारखंड के बारे में कहा कि भाजपा कुल चौदह सीट पर अपना प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी हैं और सभी सीटों पर दमदार उमीदवार हैं। जबकि कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिल रहा, जिसका उदाहरण है कि अभी तक सीट शेयरिंग से लेकर घोषणा तक नहीं हुई। कांग्रेस चुनाव से पूर्व हार चुकी है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में अशोक सिंह, रविंद्र सिंह, राम प्रवेश सिंह, सुनील पासवान, संतोष सिंह, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नीरज सिंह, उमेश चंद्र, शिव राम, राज मेहता, संजय मेहता, बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि, रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, महेंद्र सिंह, अरुण मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, हैदरनगर मुखिया संतोष सिंह, तृप्ति सिंह, कुसुम देवी, उदय विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने कई बूथों का किया निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं का हाल जाना

# कक्षा छह के बच्चों संग संवाद कर जानी मध्याह्न भोजन की हकीकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को पड़वा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बने बूथों का औचक रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पड़वा सीओ हलदर सेठी को बूथ संख्या 141, 143, 144 व 145 में एएमएफ के तहत सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस भवन में क्लस्टर भी है ऐसे में केंद्रीय बलों के अवासन हेतु सभी जरूरी सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल की व्यवस्था व पर्याप्त संख्या में चार्जिंग पॉइंट को दुरुस्त करने पर बल दिया। इसके अलावे उन्होंने बीएलओ सुपरवाईजर संग एएसडी लिस्ट, बूथ अवेयरनेस ग्रुप का प्रोसीडिंग्स सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये।



जानकारी लेते उपायुक्त व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

**छठी कक्षा के बच्चों संग डीसी ने किया संवाद-मध्याह्न भोजन :** चुनाव के दृष्टिगत बूथों का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने मध्य विद्यालय के कक्षा 6 के बच्चों संग संवाद किया। इस दौरान वे शिक्षक की भूमिका में रहकर बच्चों से कई विषयों पर सवाल जवाब किये। इस दौरान बच्चों से संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर संबंधित शिक्षक को बच्चों के शिक्षा के प्रति गंभीर होने की बात कही। कहा कि बच्चों के शिक्षा से किसी तरह का कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित शिक्षक को अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाने अथवा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही। बच्चों संग संवाद के बाद उन्होंने बच्चों को मध्याह्न भोजन में परोसे जाने वाली भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

# मैच फिक्सिंग से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं पीएम मोदी: बिट्टू पाठक

■ भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जिला कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1823 करोड़ रूपया का भुगतान करने के लिए एक नोटिस दिया गया है। इससे पहले भी कांग्रेस के बैंक खाते से 135 करोड़ रूपया जबरन निकाल लिया है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय के मैदान से विरोध मार्च करते हुए स्थानीय चौहान चौक पर धरना दिया गया।





भाजपा हटाओ देश बचाओ को लेकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**खास बातें :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोस चुनाव में हार के डर से भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। कहा कि भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट की नीति के तहत देश में आयकर विभाग काम कर रहा है। भाजपा के खाते की जो जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है उसमें 1297 लोगों ने बिना नाम पते के बिना पूरी जानकारी के 42 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में 2017-18 में जमा किए हैं। कांग्रेस के 14 लाख के डिपॉजिट पर आयकर विभाग ने हमारे खाते फ्रीज कर दिए और तो और आयकर विभाग के जरिए कांग्रेस को 1823 करोड़ का नोटिस भेजा गया लेकिन भाजपा के 42 करोड़ नजर नहीं आए। भाजपाने जो नियम का उल्लंघन किया है इसके चलते उन पर 4600 करोड़ की देनदारी बनती है। यह न्यू इंडिया की न्यू भाजपा है जहां जितना बड़ा भ्रष्टाचार होगा वहां उतनी जल्दी बीजेपी वाशिंग मशीन के जरिए काले कारनामों को धोने की गारंटी मिलती है। आज देश में सारे भ्रष्ट राजनेताओं के लिए एक ही मनोबल बढ़ाने वाला प्रोडक्ट है।

## हेल्थ इलेवन को 38 रनों से हरा कर नेहरू युवा केंद्र बना चैंपियन

■ स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय मैच का किया गया समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 30 व 31 मार्च को स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शाम 5 से रात के 10 बजे तक आयोजित क्रिकेट मैच का समापन हो गया। इसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गये। शनिवार रात को पहले मैच में नेहरू युवा केंद्र ने पुलिस इलेवन को 3 विकेट से हराया। दूसरे मैच में जिला प्रशासन ने मीडिया इलेवन को 72 रनों से हराया, जिसमें सदर एसडीओ अनुराग तिवारी मैन ऑफ द मैच रहे।



इसी तरह तीसरा मैच लायंस क्लब व शिक्षा विभाग के बीच खेला गया। इस मैच में डक लुइस के नियमों के तहत शिक्षा विभाग को विजेता घोषित किया गया। इसी क्रम में चौथा मैच पलामू चैंबर व हेल्थ विभाग के बीच खेला गया इसमें 33 रनों से पलामू चैंबर को हार का सामना करना पड़ा।

## एसडीएम पीयूष सिन्हा ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण, बच्चों को पढ़ाया

■ शिक्षक को शैक्षणिक कार्य में सुधार का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ सह आईएएस पीयूष सिन्हा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान हैदर नगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय मवि माहुर व प्रोजेक्ट उवि मोहम्मदगंज के बच्चों के साथ कई सवाल पूछे। एसडीओ ने बच्चों को पढ़ाया। कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा ग्रहण करना अतिआवश्यक है। आज बच्चे को बेहतर ढंग से शिक्षा देने में शिक्षक कतरा रहे हैं। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षक को भी फटकार लगाई। कहा कि शिक्षा में सुधार लाएं अन्यथा कारवाई को तैयार रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य में सुधार लाना मेरी पहली प्राथमिकता हैं। वहीं साथ में एसडीपीओ मुकेश महतो भी साथ थे जिन्होंने मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती मोहम्मदगंज भीम बाराज जो गढ़वा जिला को जोड़ता है उसका भी जायजा लिया।



### तूफान ने एक परिवार को किया बेघर




**पाटन पलामू।** सुठा पंचायत के कररकला निवासी सुजांती देवी पति लव मेहता के घर को रात के 11 बजे अचानक आये तूफान ने घर को बर्बाद कर दिया। इतना ही नहीं भुक्तभोगी को काफी क्षति पहुंचा है। घर क्षतिग्रस्त होने से भुक्तभोगी परिवार बाल बाल बच गये। परिजनों ने किसी तरह घर से भाग कर अपनी जान बचाई। इस घटना में घर में रखे समान बर्बाद हो गये। इसकी खबर मिलने पर सुठा पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि बिनोद साव प्रभावित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा किजो हम से बनेगा मदद करेंगे। साथ ही सरकारी योजना का लाभ दिलाया जायेगा।

### रामनवमी को लेकर सनातनियों की बैठक



**उंटारी रोड पलामू।** भगवती मंदिर में रविवार को रामनवमी को लेकर बैठक हुई। जिसमें निर्णय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 अप्रैल को भगवती मंदिर से जुलूस भ्रमण की शुरुआत होगी। प्रखंड के सभी गांव में जुलूस भ्रमण करते हुए मुरमाखुर्द के हनुमान मंदिर में समापन किया जायेगा। बैठक में हिंदू जागरण मंच के प्रखंड अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अरविन्द मेहता, पूर्व में हिंदू जागरण मंच के पूर्व संयोजक पुष्प रंजन, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, रघुबीर सिंह चंद्रवंशी, बजरंगी शाह, सुनील तिवारी, धंजू शर्मा जितेंद्र मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, बसंत चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत



**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय के समीप रविवार को रात्रि में एनएच 75 पर बाइक (जेएच 19 सी 4043) में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। प्रभारी थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने बताया कि मृत युवक के शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक के परिजनों को सौंप दिया गया। मृत युवक की पहचान लातेहार के सुकरी गांव के मुनेश्वर राम के पुत्र 24 वर्षीय कमलेश राम के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से जख्मी स्व बनवारी साव के 25 वर्षीय पुत्र विजय साव को गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

## राम-हनुमान जन्मोत्सव मनाने को लेकर विहिप-बजरंग दल की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रखंड बैठक प्रखंड मुख्यालय छतरपुर में संपन्न हुआ। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जयंती के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। विशेष निर्देश दिया गया कि आचार संहिता के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होंगे। हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ इत्यादि सारे कार्यक्रम को मंदिर केंद्रित करना है। प्रखंड में कम से कम 51 जगहों पर कार्यक्रम करना तय किया गया है। यह भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड समरसता प्रमुख प्रखंड में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को आयोजित करवाने की व्यवस्था करवायेंगे।



## परिवहन विभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार व अनियमितता की शिकायत

**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री राकेश सिंह ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, झारखंड परिवहन सचिव कृपानंद झा एवं झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि से रांची स्थित कार्यालय में मिला। उन्होंने पलामू जिले में परिवहन विभाग एवं एमबीआई कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता गिनायी। जिला प्रशासन की मिलीभगत से पलामू जिला परिवहन विभाग के पूर्व वरीय लिपिक मनोज पासवान ने विभागीय आदेश पत्र को दरकिनार कर दिया।

## अनियमितता सुन कार्य स्थल पर पहुंचीं लेस्लीगंज मुखिया रेखा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** डीएलपी रोड प्रखंड कार्यालय से कुटी मेन रोड़ तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज के द्वारा लगभग 73 लाख की लागत से कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो संवेदक द्वारा सड़क की गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में 20 एमएम के जगह 30-40 एमएम के चिप्स का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। सिमेंट भी काफी कम मात्रा में डाला जा रहा है। साथ ही बालू के जगह क्रशर के डस्ट लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं विरोध करने पर संवेदक द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।



# एसडीपीओ कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस कार्यालय के रीडर बबन प्रसाद का सेवानिवृत्ति होने पर कार्यालय परिसर में रविवार को देर शाम विदाई सह सम्मान समारोह किया गया। मौके पर एसडीपीओ लेस्लीगंज, पांकी, पाटन सर्किल इंस्पेक्टर, मनातू थाना प्रभारी एवं लेस्लीगंज थाना प्रभारी एवं थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों ने रिटायर हुए एसडीपीओ कार्यालय रीडर बबन प्रसाद को फूल, माला, बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया।



सेवानिवृत्त एसडीपीओ को सम्मानित करते सहकर्मी।

■ एसडीपीओ मनोज झा ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है इससे सभी को गुजरना पड़ता है। लेकिन अगर हम स्वस्थ तरीके से तनावमुक्त होकर सेवानिवृत हो रहे हो तो हमारे लिए उपलब्धि है। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे रीडर बबन प्रसाद को जीवन की दूसरी पारी की बेहतर शुरुआत को लेकर अग्रिम बधाई दी। कहा कि बबन प्रसाद भले ही कार्यालय से विदा हो रहे हैं लेकिन वे यहां के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवानों के दिलों में अपनी छाप छोड़ जा रहे हैं। हम आशा करेंगे कि आवश्यकता पड़ने पर हम सभी को ये अपना अनुभव साझा करने के साथ जरूरत पड़ने पर मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

■ पांकी सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि जो पदाधिकारी या जवान सेवा काल के दौरान अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करते हैं उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने कहा कि एसडीपीओ कार्यालय रीडर अपने जीवनकाल की बेहतर सेवा पुलिस विभाग को देकर रविवार को सेवानिवृत हुए हैं। वे ईमानदारी पूर्वक समर्पण भाव से पुलिस विभाग के लिए अपने समर्पित किये। समाज एवं अपने परिवार के लिए समर्पित रहे। मौके पर सी आई पूनम टोपो, रामेश्वर पटेल, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, एस आई प्रदीप कुमार, विक्रम, ए एस आई अजय कुमार, रंजीत कुमार, अरुण बाउरी, अजीत तिवारी, गोबिंद कुमार आदि थे।

### पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापामारी

# 30 लीटर महुआ शराब और 60 किलो जावा महुआ किया नष्ट

■ शिलापर और लटपौरी गांव में पुलिस ने की कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के नेतृत्व में मोहम्मदगंज पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा महुआ शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कई जगह छापेमारी की गयी। इस छापेमारी के दौरान थाना क्षेत्र के शिलापर और लटपौरी गांव से पुलिस ने लगभग 30 लीटर महुआ शराब व 60 किलोग्राम जावा महुआ बरामद कर उसे विनष्ट किया।



**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि उक्त स्थानों पर अवैध महुआ शराब निर्माण व बिक्री के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। जिसमें फलस्वरूप छापेमारी कर अवैध महुआ और इससे निर्मित शराब को पुलिस से नष्ट किया गया है। इन्होंने आम लोगों से कहा कि किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या नकली शराब बनाने वालों की सूचना मिलती है तो इसी सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। अवैध व नकली शराब बनाने व बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# जेडीयू को चौंकाएगी कांग्रेस, भागलपुर से कैंडिडेट की रेस में कन्हैया कुमार का नाम

एजेंसी

**पटना।** बिहार के जिस महागठबंधन को दिखाकर नीतीश कुमार ने देश भर में भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन की नींव रखी थी उससे जेडीयू के निकलने के बाद आपस में भयानक खेल चल रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव का नामांकन खत्म होने के बाद बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की 5 पार्टियों में समझौता हो सका। 13 लोकसभा पर दावा कर रही तीन लेफ्ट पार्टियों सीपीआई-माले, सीपीआई और सीपीएम को 5 सीट मिली है और वो अपनी हैसियत के हिसाब से पर्याप्त सीट पाकर खुश हैं। असल में खेल हुआ है आरजेडी और कांग्रेस के बीच जो क्रमशः 26 और 9 सीटों पर लड़ेगी।

आरजेडी और कांग्रेस और फिर कांग्रेस के अंदर चल रहे खेल के सबसे बड़े शिकार बने



हैं पूर्णिया से लड़ने को बेताब पप्पू यादव और बेगूसराय लड़ने का मौका गंवा चुके कन्हैया कुमार। पप्पू यादव की पार्टी जाप के कांग्रेस में विलय से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह असहज हैं। पप्पू आक्रामक राजनीति करते हैं और हमेशा सड़क पर नजर आते हैं। अखिलेश कमरे के अंदर की राजनीति के उस्ताद हैं। पप्पू का आना कांग्रेस में उन्हें खुद के लिए एक खतरा नजर आ रहा है।

कन्हैया कुमार की तो बात तो सब लोग खुले तौर पर करते हैं कि तेजस्वी के सामने कोई दूसरा युवा नेता ना दिखे इसलिए उन्हें बिहार में कम दिखने दिया जाता है। लोग तो यहां तक कहते हैं कि जब 2019 में कन्हैया कुमार बेगूसराय से लड़े तो लालू ने सीपीआई को सीट या समर्थन नहीं दिया (लेफ्ट गठबंधन अलग से लड़ा था लेकिन आरा में माले को आरजेडी ने समर्थन दिया और बदले में पाटलिपुत्र में समर्थन लिया) लेकिन इस बार कन्हैया को कांग्रेस वहां से ना लड़ा दे इसलिए सीट सीपीआई को देकर सीट बंटवारे से पहले डी राजा से पटना में कैंडिडेट का ऐलान करवा दिया गया।

कांग्रेस के कन्हैया को झटका, गिरिराज के बेगूसराय में CPI ने अवधेश राय को टिकट दिया। महागठबंधन में सीट बंटवारे की औपचारिकता पूरी होने के बाद एकमात्र लिस्ट सीपीआई-माले की आई है। कांग्रेस की सूची का इंतजार चल रहा है। सीपीआई, सीपीएम पहले ही कैंडिडेट घोषित कर चुके। आरजेडी का सिंबल बिना लिस्ट के धीरे-धीरे बंट ही रहा है। दूसरे चरण के लिए पांच सीटों पर नामांकन का 4 अप्रैल को आखिरी दिन है। इस चरण में किशनगंज, कटिहार और भागलपुर कांग्रेस को मिली जबकि पूर्णिया और बांका आरजेडी ने अपने पास रखा है। आरजेडी ने पूर्णिया से बाहुबली अवधेश मंडल की पत्नी बीमा भारती और बांका से लालू के पुराने वफादार जयप्रकाश नारायण यादव को टिकट दिया है। कांग्रेस कैंडिडेट चुनने के लिए दिल्ली में बैठक हो चुकी है लेकिन अंतिम फैसला होना बाकी है या फैसले के हिसाब से सबको मनाकर ऐलान करना बाकी है। चर्चा है कि कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद का टिकट तय है। भागलपुर सीट पर कांग्रेस के अंदर पटना से दिल्ली तक घमासान मचा है।

### कन्हैया कुमार के लिए बिहार में नो एंट्री लगा है : मनीष कश्यप

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन के लिए अब तीन दिन और बचे हैं इसलिए कांग्रेस की लिस्ट भी अब आने ही वाली होगी। पसंद की सीटों के लिए लालू ने कांग्रेस को जिस तरह तरसाया है उसके जवाब में अगर राहुल गांधी की टीम भागलपुर से कन्हैया को लड़ा देती है तो ये आरजेडी और कांग्रेस के खेल में नया मोड़ लाएगा। सीट बंटवारे में आरजेडी के रवैये से कांग्रेसियों में मायूसी है। इस्तीफे हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निराशा तोड़ने के लिए पार्टी नेतृत्व कोई मैसेज देने की सोचती है कि लालू को करारा जवाब दिया तो कन्हैया की किस्मत चमक सकती है। नहीं तो यू-ट्यूबर मनीष कश्यप ने कहा ही है कि कन्हैया की बिहार में नो एंट्री है।

## स्पीड न्यूज

### भागलपुर में वृद्ध की मौत

**भागलपुर।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र अंतर्गत दियारा क्षेत्र में सोमवार को शौच करने गए एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत धसना गिरने से हो गई। मृतक की पहचान रानी दियारा क्षेत्र के रहने वाले चंद्र मंडल के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह वह सुबह शौच के लिए गंगा किनारे गये थे। आज अचानक धसना गिरने से उनकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंद्र मंडल किसानी का काम किया करते थे।

### बिहार के मधेपुरा जिले में दो बच्चों की झुलसकर मौत



**पटना।** बिहार में मधेपुरा जिला के सदर थाना क्षेत्र के सकरपुरा बेतौना गांव में सोमवार को अग लगने की घटना में दो मासूम बच्चों की झुलसकर मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। तेज पछुआ हवा के कारण आग आसपास के कई घरों में फैल गई। पूरे इलाके में चीख पुकार मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। दोनों बच्चे आग की तेज लपटों से घिर गए जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। मृतकों में मुरलीगंज के तिनकोनमा गांव निवासी पवन साह का पांच साल का बेटा रिशु कुमार और सदर प्रखंड की रहने वाली सात साल की सुजेता कुमारी शामिल है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। आग लगने की घटना में करीब आधा दर्जन घर जल कर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

### टेंपो से गिरकर तीन लोग घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-श्री बंशीधर नगर मार्ग पर लातदाग गांव के समीप टैंपू से गिरकर तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना के मेराल बाजार निवासी बीरेंद्र पटवा का पुत्र दुर्गेश कुमार 14 वर्ष, राजेश कुमार 30 वर्ष, संजय कुमार 30 वर्ष का नाम शामिल हैं। घटना के बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ये लोग रमना गांव से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच लातदाग गांव के पास टेंपो से अनियंत्रित होकर गिर गया।

### छत से गिरकर घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के डुमरसोता गांव निवासी राजू चौधरी 30 वर्ष छत से गिरकर घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि रात्रि में खाना खाकर छत पर सोया हुआ था। शौच जाने के क्रम में छत से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिससे गिर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सर्पदंश से युवक जख्मी

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के बनुआ गांव निवासी रामचंद्र सिंह का पुत्र विशाल सिंह 14 वर्ष सांप काटने से जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि गाय को चराने घर से दूर जंगल की ओर गया था। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के दाहिना पैर में गंभीर जख्म का निशान है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### पार्षद के पुत्र की लखनऊ सड़क हादसे में हुई मौत, पार्षद गंभीर

**पूर्वी चंपारण।** लखनऊ में हुए सड़क हादसे में मोतिहारी नगर निगम वार्ड-40 की वार्ड पार्षद राज कुमारी देवी के बेटे की मौत हो गई,जबकि हादसे में पार्षद समेत 6 अन्य लोग घायल हो गये।बताया जा रहा है कि लखनऊ पीजीआई के गेट पर ही ट्रक ने इन्हे रौंद दिया। जानकारी के अनुसार सीने में इंफेक्शन सें पीड़ित वार्ड पार्षद राजकुमारी देवी अपने बेटा ऋतुराज के साथ रविवार को बांद्रा ट्रेन से इलाज के लिए लखनऊ पीजीआई गई थी, जहां सोमवार को पीजीआई अस्पताल के गेट पर ऑटो से पहुंचने के बाद दोनों उतर ही रहे थे कि पीछे से आ रही ट्रक ने कुचल दिया।

## कहलगांव विधायक से मांगी 50 लाख रुपए रंगदारी, जान से मारने की दी धमकी

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव भाजपा विधायक पवन यादव को 50 लाख रुपया रंगदारी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी का फोन एक अनजान नंबर से आया है। बताया जा रहा है कि यह नंबर पाकिस्तान का है। कहलगांव विधायक पवन यादव ने इस मामले में कहा कि सोमवार को 10: 57 बजे उनको एक अनजान नंबर से कॉल आया और कहा कि सतीश यादव तुम्हारा कौन है? विधायक ने कहा कि सतीश यादव मेरा पुत्र है तो फिर उन्होंने 50 लाख रुपए देने की बात कही।



विधायक ने कहा कि मजाक से कोई करता होगा। इसके बाद उधर से गाली गलौज अपशब्द भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि 50 लाख रुपए दो नहीं तो तुम्हारा बेटा समेत तुमको जान मार देंगे। मामले को लेकर विधायक की ओर से स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

## प्रर्दशन कर रहे गेस्ट टीचर पर लाठी चार्ज, कई गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों से गेस्ट टीचर को हटाए जाने के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में गेस्ट टीचर पटना पहुंचे और सड़कों पर प्रदर्शन किया। आन्दोलन कर रहे शिक्षक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास का घेराव करने जा रहे थे। लेकिन, रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें न सिर्फ रोक दिया बल्कि लाठी मारकर खदेड़ दिया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी शिक्षकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूरे बिहार में लगभग 5000 अतिथि शिक्षक हैं जो आज से अपने-अपने स्कूलों से बाहर हो गए हैं। उनकी बहाली सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की घोर कमी होने के दौरान की गई थी। बीपीएससी के शिक्षक भर्ती के बाद नीतीश सरकार के ताजा फैसले से इन्हें हटा दिया गया है। दरअसल बिहार के सरकारी स्कूलों में काम करने वाले 5000 से ज्यादा अतिथि शिक्षक आज से बेरोजगार हो गए हैं। लगभग 6 साल पहले उनकी बहाली तब की गई थी जब सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन में पटरी हो गई थी। शनिवार को शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें हटाने का पत्र जारी किया गया था। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद ने चिट्ठी भेजकर सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश जारी किया जिसमें कहा गया था कि 1 अप्रैल से अतिथि शिक्षकों की सेवा किसी भी परिस्थिति में नहीं ली जाए। सरकार ने उनकी सेवा को समाप्त कर दी है। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को अतिथि शिक्षकों से से नहीं लेने का प्रमाण पत्र देने का आदेश भी दिया गया। हालांकि बहाली के समय ही शर्त रखी गयी थी कि बीपीएससी से टीचर बहाली के बाद उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

## नित्यानंद राय पहुंचे पटना, बरसे विपक्ष पर

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को पटना पहुंचते ही विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें लोकतंत्र का मतलब समझाया। नित्यानंद राय ने कहा कि विपक्ष की रैली पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले ही आज लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे है। वह न तो लोकतंत्र को समझते है और न ही संविधान का मतलब। विपक्ष को तो सिर्फ परिवारवाद समझ आता है। उन्होंने कहा परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा बिहार या अन्य किसी भी राज्य में महागठबंधन के जो लोग हैं उनके घोटाले, भ्रष्टाचार, उनके परिवारवाद की नीति को जनता खूब समझती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सही पुजारी प्रधानमंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और आज लोकतंत्र का जो मूल मंत्र है, जिनको हमारे प्रधानमंत्री ने स्थापित किया है। उन लोगों को कुछ नहीं समझ में आता है। यह लोग संविधान का धज्जियां उड़ाते हैं लोकतंत्र के हत्यारे हैं।

## दो बसों मे अचानक आग लगने से हड़कंप, बाल-बाल बची यात्रियों की जान

एजेंसी

**सहरसा।** बिहार के सहरसा बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दोनों बसें धूं-धूंकर जलने लगीं। इनमें से एक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। बसों में आग लगने से स्टैंड पर अफरातफरी का माहौल हो गया। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इन बसों में कुछ यात्री बैठे हुए थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक सहरसा के गंगजला चौक स्थित बस स्टैंड पर खड़ी एक बस में अचानक आग लग गई। उसके पास खड़ी दूसरी बस को भी आग



ने लपेटे में ले लिया। ये बसें सहरसा से आलमनगर जाने वाली थीं। बस मालिक राजन उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी। एक बस पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि दूसरी भी काफी जल गई है। आग की वजह से बस स्टैंड पर करीब दो घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। आग लगने के तुरंत बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। मगर रेलवे ढाला पर जाम लगने के कारण अग्निशमन गाड़ियां बहुत देर बाद मौके पर पहुंच पाईं। तब तक आग ने बसों को पूरी तरह अपनी लपेटों में ले लिया था। आग बुझाने में अग्निशमन कर्मियों और लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, घंटे भर बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान बस स्टैंड पर खड़ी अन्य बसों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

## डेढ़ माह के नवजात बच्ची के वैक्सीनेशन के बाद हुई मौत,परिजन ने किया हंगामा

**अररिया।** अररिया सदर अस्पताल में सोमवार को डेढ़ माह की नवजात बच्ची की वैक्सीनेशन के पहले डोज पड़ने के बाद मौत हो गई। वैक्सीनेशन के आधे घंटे के बाद जब नवजात बच्ची की तबियत बिगड़ने लगी तो परिजन पुनः बच्ची को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्ची के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, जिसको लेकर परिजनों ने सदर अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजन को समझा बुझाकर शांत कराया गया, जिसके बाद बच्ची का चार सदस्यीय गठित मेडिकल टीम के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया और तत्पश्चात बच्ची के शव को परिजन को सौंप दिया गया। नवजात बच्ची एक माह 19 दिन की थी और खरहैया बस्ती काली बाजार के रहने वाले अमित कुमार की बेटी थी। घटना को लेकर नवजात बच्ची की दादी अनिता झा ने बताया कि उनकी पोती आरूषी एक माह 19 दिन की थी। डेढ़ माह के दौरान टीकाकरण के पहले डोज के तहत आज उसका पांच तरह का वैक्सीनेशन कराया गया। बच्ची को डोज दिए जाने के बाद बच्ची को लेकर घर चली गई, लेकिन इसी दौरान बच्ची की तबियत बिगड़ने लगी, जिसके बाद फिर आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने वैक्सीनेशन सदर अस्पताल के टीकाकरण केंद्र में होने की बात कही। मामले पर डिस्ट्रिक्ट इम्यूनाइजेशन ऑफिसर डॉ. मोईज ने बताया कि डेढ़ माह की बच्ची को डेढ़ माह पर दिए जाने वाले पेंटावेलेंट का वैक्सीन दिया गया था। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन से पहले बच्ची पूरी तरह नॉर्मल थी और ऐसा कैसे हो गया, समझ से परे है।

## पेज एक का शेष

### ढुल्लू अपराधी नहीं ...

कांग्रेस पार्टी बताये कि उसने टैक्स चोरी किया है या नहीं। कांग्रेस बताये कि इनकम टैक्स नोटिस सही है या गलत। एकांग्रेस ने इनकम टैक्स फाइल क्यों नहीं की। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नाटक करने वाले आप के नेता आज कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं है। राजद सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबा है। झामुमो की बुनियाद ही भ्रष्टाचार पर टिकी है।

### केजरी को बड़ा ...

सीएम ने दावा करके इस सवाल को टाल दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सीएम के कैंप कार्यालय में कौन काम करता है। उल्लेखनीय है कि विजय नायर आप के कोई छोटे-मोटे स्वयंसेवक नहीं हैं, बल्कि इसके मीडिया और संचार प्रमुख हैं। उन्हें (केजरीवाल को) अलग-अलग व्हाट्सएप चैट भी दिखायी गयी, जिसमें विजय नायर की संलिप्तता दिखायी गयी, जो उनका काफी करीबी सहयोगी था और साथ काम करता था। इडी ने कहा कि डिजिटल सबूतों की प्रामाणिकता पर सवाल का जवाब नहीं दिया है। अपने डिजिटल उपकरणों के पासवर्ड का भी खुलासा नहीं किया। जो साक्ष्य संग्रह को बाधित करता है और गिरफ्तार व्यक्ति के असहयोग को भी दर्शाता है।

### कांग्रेस को सुप्रीम...

पीठ के समक्ष बयान देते हुए श्री मेहता ने कहा कि आयकर अपीलों से उत्पन्न मुद्दों पर अभी फैसला सुनाया किया जाना बाकी है, लेकिन मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए आयकर विभाग मामले को तूल नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग आय कर वसूली मामले में कांग्रेस के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाएगी। शीर्ष अदालत ने उनके इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया। कांग्रेस ने अपनी याचिका में आय कर मूल्यांकन वर्ष 2014-15 से 2016-17 से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी है।

रिकार्ड 21.75 हजार...

**मात्र 164 करोड़ रुपये का मिला कंपनशेसन :** वैसे तो झारखंड ने वाणिज्यकर के रूप में 21.75 हजार करोड़ रुपये की वसली कर अपने पैरों पर खड़ा हो गया। परंतु इसमें केंद्र का सहयोग नहीं के बराबर रहा। पिछले वित्तीय वर्ष में जहां केंद्र सरकार ने झारखंड को कंपनसेशन के रूप में 2,064 करोड़ रुपये दिये थे। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में मात्र 165 करोड़ रुपये दिये।

### देश में इस्पात की...

भारत में इस्पात की मांग बहुत अच्छा है किन्तु एक चिंता की बात है कि चीन की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। वैश्विक बाजार में चीन हर माह 8 मिलियन टन स्टील निर्यात कर रहा है। इससे स्टील प्राइस और मार्जिन पर दबाव बन रहा है। हालांकि अभी भारतीय बाजार में चीन के स्टील का आयात ज्यादा नहीं है, किन्तु अगर यह बढ़ेगा तो हमारे लिए चिंता की बात हो सकती है। टाटा स्टील द्वारा अधिग्रहीत कंपनियों एवं सहयोगी कंपनियों के इंटीग्रेशन प्रोसेस पर नरेंद्रन ने कहा, सब हो गया है। अभी टाटा स्टील बीएसएल का इंटीग्रेशन हुआ है। उषा मार्टिन के स्टील डिवीजन का भी इंटीग्रेशन हो चुका है। नीलांचल तीन साल तक हम इंटीग्रेशन नहीं कर सकते हैं, क्योंकि यही अधिग्रहण की शर्त थी। बाद में उस पर देखेंगे। बाकी अन्य सब सिडरीज टिनप्लेट,टाटा मेटालिक का इंटीग्रेशन हो चुका है। भावी चुनौतियां पर उन्होंने कहा, चैलेंजिंग तो था ही क्योंकि हर कंपनी की अपनी पॉलिसी होती है किन्तु इसका फायदा भी है कि इससे इन कंपनियों की परिचालन क्षमता बहुत बढ़ जायेगी। टिनप्लेट और टाटा मेटालिक जैसी कंपनियां स्टॉक मार्केट में लिस्टेड हैं तो बहुत सारे कंपलायेंस हैं ,इश्यू हैं जिस पर हम ध्यान दे रहे हैं। जमशेदपुर में खेल की सुविधाओं के विकास पर कंपनी का निवेश जारी रहेगा। जमशेदपुर जैसे देश में बहुत कम शहर हैं जहां एक ही कंपलेक्स में इतने तरह की खेल सुविधाएं मौजूद हैं।

## युवती अपहरण मामले में एक को सात वर्षो का सश्रम कारावास

**पूर्वी चंपारण।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने एक युवती की शादी के नियत से अपहरण मामले में नामजद एक अभियुक्त को सात वर्षो का सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा लखौरा थाना के लखौरा ब्रह्मटोला निवासी देवा सहनी को हुई है। इस मामले में स्थानीय निवासी शिवपूजन प्रसाद ने लखौरा थाना में मामला दर्ज कराते हुए देवा सहनी सहित आठ को नामजद किया था, जिसमें कहा था कि 30 सितंबर 2021 के दोपहर करीब 3 बजे उसके वर्तमान निवास कुंवारी देवी चौक से उसकी बहन रेशमी कुमारी आवश्यक सामान खरीदने बाजार निकली थीं परंतु वह घर वापस नहीं आई। देवा सहनी के घर पूछताछ करने गया तो देवा सहनी घर से गायब था। वह रेशमी कुमारी को शादी के नियत से अपहरण कर कहीं छुपा दिया है। दो माह पूर्व भी वह रेशमी कुमारी का अपहरण कर अपने कैद में रखा था। पुलिस ने अनुसंधान के बाद देवा सहनी के विरूद्ध आरोप पत्र समर्पित किया तथा अन्य अभियुक्तों पर अनुसंधान जारी रखा। वाद विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक विनय कुमार सिंह ने छह गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 366भादवि में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाए है।

## विधायक भानु के आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड अंतर्गत लमारी कला गांव स्थित भाजपा के पहाड़ी कार्यालय में सोमवार को पहुंचे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही का भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यालय पहुंचे श्री शाही को भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने अंग वस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यकताओं के साथ बैठक कर भानु प्रताप शाही ने पलामू



विधायक के साथ कार्यकर्ता।

संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद बीडी राम को भारी मतों से लोकसभा भेजकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की बात कही। कहा कि आने वाले समय में लमारी पहाड़ी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा तथा भाजपा को मजबूत करने में यह क्षेत्र महती भूमिका निभाएगा। मौके पर किसान नेता पुष्परंजन, मारुति नंदन सोनी, कांडी ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म प्रसाद, भिखारी साव, करमु साव, कौशल सिंह, शंकर चंद्रवंशी, मुरारी पासवान, रामपावन साहू, नरेश ठाकुर, श्रीराम पांडेय व सुरेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ट्यूशन शिक्षक की लापरवाही से पत्रकार के पुत्र की मौत

**बच्चों को ले कर गुरुसिंधु फॉल घूमने गए थे शिक्षक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** ट्यूशन शिक्षक की लापरवाही से पत्रकार के पुत्र की गुरुसिंधु फॉल में डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार शहर के सहिजना मोहल्ला निवासी पत्रकार प्रिंस धीरज का पुत्र प्रत्यूष कुमार तिवारी शहर के संत पॉल स्कूल के 10वीं कक्षा का छात्र था। स्कूल के ही शिक्षक सतीश डुंगडुंग के पास ट्यूशन पढ़ता था। सोमवार को शिक्षक अपने ट्यूशन के 19 छात्र-छात्राओं को



सदर अस्पताल में लगी भीड़।



प्रत्युष कुमार तिवारी (फाइल फोटो)।

लेकर चिनिया स्थित गुरुसिंधू फॉल घूमाने गए थे। इस दौरान शिक्षक की लापरवाही से गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। शिक्षक सतीश ने बताया कि तीन बच्चे नहाने गए थे। उनमें दो लोगों को बचा लिया गया। गहरे पानी में चले जाने के कारण उसे निकालने में देर हो गई। तत्काल उसे चिनियां अस्पताल ले जाया गया। वहां से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्रकार धीरज ने बताया कि वह शिक्षक को कई बार हिदायत दिया था कि प्रत्युष को तैरना नहीं आता है। उसे पानी की तरफ नहीं जाने देंगे। जिम्मेवारी के साथ ले कर जायेंगे। परंतु बताया जाता है कि शिक्षक कुछ छात्र-छात्राओं के साथ घूमने में व्यस्त था। उनका ध्यान सभी बच्चों पर नहीं था। बच्चा कब गहरा पानी में चला गया पता नहीं चला। सदर अस्पताल में अंत्य परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रत्यूष का अंतिम संस्कार जिले के डंडई प्रखंड अंतर्गत टोरी कला गांव स्थित पैतृक गांव में किया जाएगा। घटना की सूचना मिलने के बाद सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष झामुमो नेत्री अनीता दत्त, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा सहित कई पत्रकार व काफी संख्या में लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दिया। गढ़वा जिला पत्रकार संघ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष धनंजय सिंह, महासचिव धीरेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव जितेंद्र सिंह, संजीव कुमार शर्मा, आनंद सिन्हा, संदीप शौर्य, सुनील चौबे, सियाराम शरण वर्मा, संजीव पांडेय, विकास कुमार, आशुतोष रंजन, रजनीश ठाकुर, चंदन कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, विनय पांडेय, राजा पांडेय, रिशु श्रीवास्तव, सोनू कुमार, बलराम शर्मा, सुधीर कुमार, विजय प्रताप देव, अभिमन्यु पाठक, आयुष तिवारी, बिजेंद्र तिवारी, राजकमल तिवारी आदि पत्रकारों का नाम शामिल है।

# 10 वर्षों में भारतीय बैंकिंग सिस्टम मजबूत और टिकाऊ बन गया है: मोदी

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ है उसके कारण आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मतबूज और टिकाऊ सिस्टम माना जा रहा है तथा जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था वह बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है। प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि जब नियत सही होती है तो नीति सही होती है, जब नीति सही होती है तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं तो नतीजे सही मिलते हैं। उन्होंने कहा 'मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक की 80 वर्ष के कार्यक्रम में आया था तब हालत एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थिरता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।



श्री मोदी ने कहा कि कैसे देश का बैंकिंग सिस्टम बदला ये अपने आप में एक अध्ययन का विषय है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए। उन्होंने कहा, 'पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे ले जाना है। बहुत जरूरी है कि हमारे पास अगले 10 का लक्ष्य स्पष्ट हो। अगले 10 साल के लक्ष्य को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है, वह है भारत के युवाओं की आकांक्षायें। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है इस युवा आकांक्षा को पूरा करने में रिजर्व बैंक का अहम रोल है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत बड़ा महत्व रहने वाला है। सरकार इनोवेशन पर रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमें कैशलेस इकोनॉमी से आ रहे बदलावों पर नजर रखनी होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या की बैंकिंग जरूरतें भी अलग-अलग हो सकती है। कई लोगों को फिजिकल बैंकिंग तो कई को डिजिटल बैंकिंग पसंद हैं। देश को ऐसी नीति बनाने की जरूरत है जिससे लोगों को सुविधा हो। जिस देश की प्राथमिकता स्पष्ट हो उसे प्रोगेस करने से कोई नहीं रोक सकता है। हमने कोरोना के साथ सामान्य नागरिक के जीवन पर भी ध्यान दिया। यही वजह है कि भारत का सामान्य नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, जबकि दुनिया के कई देश अभी इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहचान, समाधान और पुनर्पूंजीकरण (थ्री आर) की रणनीति पर काम किया है। साथ ही सरकार ने हालत सुधारने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने शासन-संबंधी सुधार किए। दिवाला और दिवालियापन संहिता की नई प्रणालियों के साथ लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये के ऋणों का समाधान किया गया।

उन्होंने कहा कि 52 करोड़ जन धन बैंक खाते हैं और उनमें से 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के हैं। 7 करोड़ से अधिक किसान, मछुआरे और पशुपालकों के पास किसान क्रेडिट कार्ड हैं। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा बढ़ावा मिला है। पिछले 10 वर्षों में सहकारी क्षेत्र को भी भारी बढ़ावा मिला है। यूपीआई अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मंच है। हर महीने 1200 करोड़ से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं।

इससे पहले उन्होंने कहा कि आज भारत का रिजर्व बैंक एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंचा है । आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए हैं। एक संस्थान के रूप में आरबीआई आजादी के पहले और आजादी के बाद का गवाह है। श्री मोदी ने कहा, आज पूरी दुनिया में आरबीआई की पहचान उसके पेशेवर और वादे की वजह से बनी है। इस समय जो लोग आरबीआई से जुड़े हैं, उन्हें मैं बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। आज आप जो नीतियां बनाएंगे, जो काम करेंगे उनसे आरबीआई के अगले दशक की दिशा तय होगी। ये दशक इस संस्थान को उसके शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला दशक है और ये दशक विकसित भारत की संकल्प यात्रा के लिए भी उतना ही अहम है। आने वाला दशक इस संस्थान को इसकी शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला है। मैं आरबीआई को उसके लक्ष्यों और संकल्पों के लिए बधाई देता हूं।

इस मौके पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एक संस्था के रूप में आरबीआई का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। एक केंद्रीय बैंक होने से लेकर मुख्य रूप से योजना अवधि के दौरान दुर्लभ संसाधनों के आवंटन के बाद आरबीआई बाजार अर्थव्यवस्था के लिए एक समर्थक बन गया है।

इस मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधारी और वित्त राज्य मंत्री भवगत किशनराव कराड़ भी मौजूद थे।

## जनता की गाढ़ी कमाई मोदी सरकार ने बैंकों से लूटी: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने बैंकों के जरिये जनता की कमाई को लूटा है और बैंकिंग प्रणाली को नोटबंदी जैसे कदम उठा कर ध्वस्त किया है। श्री खडगे ने कहा, 'मोदी की गारंटी जन-धन की लूट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आज आप बैंकों की बात कर रहे थे। नोटबंदी से बैंकिंग प्रणाली को धराशायी करने में आप की सरकार ने महारत पाई है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीति जन विरोधी रही है और सिर्फ जनता की कमाई को उसने बैंकों के माध्यम से लूटा है। मोदी सरकार को अन्नदाताओं की फिक्र नहीं है जबकि उद्योगपतियों का ऋण माफ किया जा रहा है। श्री खडगे ने कहा, 'आपकी सरकार ने पिछले चार साल में बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रखने पर जनता की जेब से 35,000 करोड़ लूटे। गौरतलब है कि 2012 में कांग्रेस-यूपीए सरकार के दौरान मासिक औसत बैलेंस पर चार्ज खत्म कर दिया था, जिसे



2016 में मोदी सरकार फिर से वसूलने लगी। मोदी सरकार ने खुद का पैसा एटीएम बैंक से निकलवाने और जमा कराने पर टैक्स लगाया।'

उन्होंने कहा, 'किसानों का कर्जा तो आप माफ करते नहीं पर पिछले छह वर्षों में ही आपकी सरकार ने बड़े-बड़े धन्नासेठों के 19 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ किये हैं। पिछले छह वर्षों में ही मोदी सरकार ने ऋण नहीं लौटाने के इच्छुक लोगों के तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक के ऋण माफ किए हैं। क्यों। जन-धन खातों में 20 प्रतिशत खाते निष्क्रिय पड़े हैं।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'मोदी साहेब, देश की अर्थव्यवस्था में बैंकों का बड़ा योगदान होता है, और आपने असंगठित क्षेत्र और एमएसएमई को तबाह करने के लिए बैंकों का इस्तेमाल किया है।

# आयोग ने दिलीप घोष, सुप्रिया श्रीनेत के बयानों को आपत्तिजनक पाया, उनकी भर्त्सना की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हिमाचल प्रदेश में मंडी लोक सभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध क्रमशः भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के बयानों को आपत्तिजनक, आयोग के निदेर्शों और महिलाओं की गरिमा के प्रतिकूल करार देते हुए उनकी निंदा की है और उन्हें चेतावनी दी है। आयोग को श्री घोष और सुश्री श्रीनेत के खिलाफ शिकायतें मिली थीं। आयोग ने सोमवार को जारी अलग-अलग आदेश में श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को सख्त अंदाज में आगाह किया है कि वे ह्यआदर्श आचार संहिता की अवधि में सार्वजनिक वक्तव्य देते समय सावधानी बरतें ह्ल आयोग की ओर से जारी दोनों आदेशों में कहा गया है कि आयोग विवादास्पद बयानों



की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने आदेश में दोनों नेताओं की भर्त्सना की है।

आयोग ने अपने आदेश की प्रतियां भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजकर उन्हें आयोग की ओर से एक मार्च को जारी सलाह का ध्यान दिलाते हुए अपने-अपने दलों के कार्यकताओं को प्रचार या किसी सार्वजनिक वातालाप में महिलाओं के सम्मान और मार्यदा के विरुद्ध कोई टिप्पणी नहीं करने की सलाह देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि आयोग को तृणमूल कांग्रेस की ओर से 26 मार्च को एक शिकायत मिली थी कि श्री घोष ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी के विरुद्ध कहा था कि ह्यदीदी जब गोवा में जाती हैं, तो गोवा कि बेटी बन जाती हैं और त्रिपुरा में कहती हैं कि वे त्रिपुरा की बेटी हैं। यह ठीक नहीं हैं।

तय करो कि आपका पिता कौन हैं। उन्होंने यह टिप्पणी बंगला में की थीं। इसी तरह भाजपा ने सुश्री रणौत के बारे में टिप्पणी को लेकर सुश्री श्रीनेत के खिलाफ 26 मार्च को ही चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

भाजपा ने सुश्री श्रीनेत के 25 मार्च के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट का उल्लेख किया था, जिसमें उन्होंने सुश्री रणौत की उम्मीदवारी पर टिप्पणी की थी। क्या भाव चल रहा है मंडी में कोई बताएंगे? इसके साथ उन्होंने सुश्री रणौत की तस्वीर भी पोस्ट की थी। आयोग ने दोनों ही शिकायतों पर श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को 27 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और उनसे 29 मार्च तक जवाब मांगा था। आयोग ने सोमवार के आदेशों में कहा है कि उसने दोनों नेताओं के जवाब पर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उनके बयान आपत्तिजनक और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ हैं और आदर्श आचार संहिता और राजनीतिक दलों के लिए आयोग की ओर से एक मार्च को जारी निदेशों के विरुद्ध हैं।

## खजुराहो लोकसभा सीट पर गठबंधन की प्रत्याशी बनी झांसी की मीरा यादव

**झांसी।** समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश के निवाड़ी विधानसभा से पूर्व में विधायक रह चुकी व पिछले दो बार मप्र विधानसभा में हार का स्वाद चख चुकी मीरा दीपक यादव को खजुराहो सीट से लोकसभा का प्रत्याशी घोषित करते हुए सभी को चौका दिया है। राजनैतिक गलियारों में हलचल है कि आखिर गठबंधन ने यह कौन सा समीकरण लगाया है। वहीं मीरा दीपक यादव के खजुराहो लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने पर उनके समर्थकों में हर्ष की लहर है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के मुख्यालय से जारी हुए आदेश में बताया गया कि मध्यप्रदेश के खजुराहो से लोकसभा 2024 का प्रत्याशी मीरा दीपक यादव को घोषित किया है। इससे पूर्व दो दिन पहले ही गठबंधन की ओर से मनोज यादव को यहां लोकसभा सीट का उम्मीदवार बनाया गया था। आज उनका टिकट काटते हुए मीरा दीपक यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही डॉ मनोज यादव को संगठन का मध्य प्रदेश का अध्यक्ष घोषित किया गया है।

# भाजपा की घोषणापत्र समिति की पहली बैठक संपन्न

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गठित घोषणापत्र समिति की आज यहां पहली बैठक में देश भर से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त साढ़े पांच लाख से अधिक सुझावों की समीक्षा की और उन्हें राष्ट्रहित एवं जनहित के आधार पर उनकी प्राथमिकता वगीर्कृत करने का फैसला हुआ। बैठक के बाद घोषणापत्र समिति के सह संयोजक केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं सदस्य विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणापत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्री सिंह समेत आठ केन्द्रीय मंत्री, गुजरात, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। श्री गोयल ने कहा कि




बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी की नीति और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकताओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई। देश में विगत 35 दिनों से 937 वैन 3500 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों, सौ से अधिक शहरों में गयीं हैं। समाज के सभी वर्ग के लोगों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों आदि से मुलाकात करके हजारों सुझाव संकलित किये हैं। मिस्ड कॉल अभियान से पौने चार लाख सुझाव हासिल किये हैं। नमो ऐप के माध्यम से एक लाख 70 हजार सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि इन सब सुझावों को आधारित करके सार्थक चर्चा हुई। समाज के सभी वर्गों का विचार करते हुए सुझावों को देश हित एवं जन हित का विचार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर चुना जाएगा। कुछ दिनों बाद पुनः बैठक होगी और जल्द ही संकल्प पत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हर संकल्प पत्र के हर विषय को बड़ी गंभीरता से लेती रही है। वर्ष 2024 के संकल्प पत्र को भी इसी दृष्टि से बनाया जा रहा है।

# मार्च में जीएसटी राजस्व 1.78 लाख करोड़ के पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह मार्च 2024 में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है और यह मार्च 2023 में संग्रहित 1.60 लाख करोड़ रुपए से करीब 11.5 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2024 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा था। मार्च 2024 वित्त वर्ष 2023-24 में 10वां ऐसा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। मई 2023 और अगस्त 2023 में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से कुछ कम रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल में यह सबसे




अधिक 1,87,035 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 1,78,484 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीटी 34532 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 43746 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 87947 करोड़ रुपये है, जिसमें आयात पर संग्रहित 40322 करोड़ रुपये भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12259 करोड़ रुपये, जिसमें आयात पर संग्रहित 996 करोड़ रुपये भी शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 43264 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 37704 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से कुल सीजएसटी 77,796 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 81,450 करोड़ रुपये रहा है। मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित राशि से 11.7 प्रतिशत अधिक है।

# अफगानिस्तान: बारूदी सुरंग के पास अचानक भीषण विस्फोट

## पास खेल रहे 9 बच्चों की हुई मौत

एजेंसी

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में पुरानी बारूदी सुरंग के पास हुए धमाके में नौ बच्चों की मौत हो गई। तालिबान के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार



लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं। ऐसे कई विस्फोट होने से कई लोग मारे जाते हैं या अपंग हो जाते हैं।

## चीन पर जयशंकर का कटाक्ष, नाम बदलने से कुछ नहीं होता

# अरुणाचल भारत का राज्य था, है, और रहेगा

एजेंसी

**सूरत (गुजरात)।** अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावों को लेकर चीन पर कटाक्ष करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि नाम बदलने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और पूर्वोत्तर राज्य, भारत का हिस्सा है और रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को लेकर कटाछ किया है. जयशंकर ने कहा कि 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा?'

गुजरात में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और हमेशा रहेगा. नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ता है.' विदेश मंत्री ने कहा, 'हमारी सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात है। हाल ही में चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश राज्य पर अपना दावा पेश किया है. चीनी रक्षा मंत्रालय ने भारतीय राज्य को 'जंगनान-चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा' करार देते हुए कहा कि



बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित 'तथाकथित अरुणाचल प्रदेश' को कभी स्वीकार नहीं करता है और दृढ़ता से विरोध करता है.' इसके बाद भारत ने एक बार फिर 'बेतुके दावों' और 'निराधार तर्कों' को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्वोत्तर राज्य 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा' है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारत के विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से 'लाभ मिलता रहेगा।'

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, 'हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों संबंधी टिप्पणियों पर गौर किया है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।'

उन्होंने कहा कि 'अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। इसके लोगों को हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभ मिलता रहेगा।' चीन, जो अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है. वह अपने दावों को उजागर करने के लिए नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी 'जंगनान' रखा है।

# छतरपुर को शराब से 250 करोड़ रुपये की राजस्व आय

एजेंसी

**छतरपुर।** जिले में एक अप्रैल 2024 से नए शराब ठेके आवंटित कर दिए गए हैं। सात समूह के अंतर्गत जिले भर की 93 कम्पोजिट दुकानें 6 अलग-अलग कंपनियों को आवंटित हुई हैं। आबकारी विभाग ने छोटे और मझोले शराब ठेकेदारों के द्वारा फीस दिए जाने में की जाने वाली आनाकानी से परेशान होकर इस बार नए फार्मेट पर शराब दुकानों को आवंटित किया है। पहले जिले की 93 दुकानें 23 समूह के अंतर्गत आवंटित होती थीं लेकिन अब 7 समूह के अंतर्गत ही सभी दुकानें आवंटित की गई हैं। अब आबकारी विभाग को 7 समूह के लिए कुल 6 ठेकेदारों से ही लाईसेंस फीस जमा करानी है। ये ठेके नवीनीकरण पद्धति से हुए हैं। हालांकि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष आबकारी विभाग का राजस्व लगभग 2 करोड़ रूपए घटा है। पिछले साल जहां सभी दुकानें 252 करोड़ रूपए में आवंटित हुई थीं तो वहीं इस बार जिले के शराबी लगभग 250 करोड़ रुपये की शराब पीएंगे। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा समूह का ठेका सुनीता राय के नाम पर गया है। उन्होंने 42 करोड़ 42 लाख रूपए में यह ठेका प्राप्त किया है। छतरपुर समूह क्रमांक 2 और लवकुशनगर समूह की अधिकांश दुकानें महाकाल एसोसिएट संटू पाण्डेय के द्वारा ली गई हैं। छतरपुर समूह 36 करोड़ 55 लाख और लवकुशनगर समूह 34 करोड़ 55 लाख रूपए में आवंटित हुआ है। इसी तरह छतरपुर का समूह क्रमांक 1 शिवम मिश्रा के द्वारा लिया गया है जो कि 33 करोड़ 59 लाख रूपए में आवंटित हुआ है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !